हिन्दी दैनिक

जन-जन की वाणी...

सोन वर्षा वाणी

औरंगाबाद, आरा एवं रांची से प्रकाशित

कृष्ण पक्ष, उत्तर भाद्रपद, विक्रम संवत् 2081

• औरंगाबाद • गुरूवार • 22 अगस्त 2024 • वर्ष 26 • अंक 252 • पृष्ठ 12

मूल्य ₹ 2.00

झारखण्ड सरकार
GOVERNMENT OF JHARKHAND

वीर शहीद नीलांबर पीतांबर की धरा से लातेहार, पलामू और गढ़वा की बहनों को खुशियों का उपहार

झारखण्ड मुख्यमंत्री मंईयां सम्मान योजना के तहत

श्री हेमन्त सोरेन
माननीय मुख्यमंत्री

सम्मान राशि का करेंगे हस्तांतरण

हर बहना को
हर साल
₹12 हजार

पलामू प्रमंडल (लातेहार, पलामू और गढ़वा)
की सभी बहनों का समारोह में स्वागत है

केवल 2 सप्ताह में 45 लाख निबंधन

अब तक 43 लाख बहनों
का आवेदन स्वीकृत

31 अगस्त से पहले सभी बहनों
के खातों में होगी एक हजार रुपये
की सम्मान राशि (पहली किस्त)

सितंबर से हर महीने की
15 तारीख को हर बहन के खाते में
बिना देर पहुँचेगी सम्मान राशि



हेमन्त सोरेन
मुख्यमंत्री, झारखण्ड

PR No. 333364 / IPRD / 2024-25

महिला, बाल विकास एवं सामाजिक सुरक्षा विभाग, झारखण्ड सरकार

संक्षिप्त समाचार

संस्कृत दिवस समारोह आयोजित

गया। शहर के रमना रोड स्थित धर्मसभा भवन में भारतीय विद्वत परिषद के बैनर तले मंगलवार को संस्कृत दिवस समारोह के तहत मना। अध्यक्षता आचार्य पं. लालभूषण मिश्र ने की। इस बीच संस्कृत विद्वानों ने एक स्वर में कहा कि संस्कृत भाषा के संरक्षण के लिए संस्कृत को सरल बनाने की जरूरत है। संस्कृत के वाक्यों का उच्चारण एवं लेखन विच्छेद के साथ करना उचित होगा। संस्कृत भाषा की विशेषता है कि कम से कम शब्दों में अधिक से अधिक भाव व्यक्त होते हैं। इस भाषा में विशाल शब्द भंडार है। संस्कृत सभी भाषाओं की जननी, प्रौढ़ तथा व्यापक भाषा है। यह भाषा देवता, पितर एवं प्रेत को भी प्रिय है।

ट्रेन की चपेट में आने से वृद्ध की मौत

मानपुर। गया धनबाद रेल खंड के मानपुर जंक्शन के पास ट्रेन के चपेट में आने से 65वर्षीय वृद्ध की मौत हो गई। शव का पहचान नहीं हुई है। घटना की जानकारी मिलते ही एस आई सोहन हाजरा के नेतृत्व में पहुंचे स्थानीय पुलिस शव का पंचनामा कर पोस्टमार्टम के लिए मगध मेडिकल अस्पताल भेज दिया। इस संबंध में एसआई ने कहा कि पोल संख्या 463/20-22 के बीच रेलवे ट्रैक पर शव होने की सूचना मिली।

बाइक सवार गंभीर रूप से घायल, डायल-112 की तत्परता से बची जान

मानपुर। बुनियादगंज थाना अंतर्गत मानपुर - टेउसा मार्ग स्थित बंशी बिगहा में मंगलवार अहले सुबह सड़क दुर्घटना में बाइक सवार जख्मी हो गया। घटना की सूचना मिलते ही डायल 112मौके पर पहुंची। और गंभीर रूप से जख्मी युवक को इलाज के लिए सीएचसी ले गए। जहां से प्राथमिक उपचार के बाद मगध मेडिकल अस्पताल भेज दिया। जख्मी युवक की पहचान चंदौती थाना अंतर्गत शेरपुर नंदनपुर निवासी मुंशी यादव के बेटे प्रेमचंद यादव के रूप में हुई। बताता जाता है कि युवक अपने ससुराल थाना क्षेत्र के उसरी से बाइक बीआर 02 एसी 0977 से वापस लौट रहा था। बंशी बिगहा के समीप जानवर को बचाने के क्रम में चालक का नियंत्रण खो गया।

पूर्व प्रधानमंत्री स्व. राजीव गांधी की जयंती मनाई गई

बिहारशरीफ। धनेश्वरघाट स्थित राजेन्द्र आश्रम में मंगलवार को पूर्व प्रधानमंत्री स्व. राजीव गांधी की जयंती मनाई गई। इस मौके पर कांग्रेसियों ने पूर्व प्रधानमंत्री के तैलिय चित्र पर पुष्प अर्पित कर उनके द्वारा किए गए कार्यों पर चर्चा की। जिलाध्यक्ष जितेन्द्र कुमार सिंह ने कहा कि स्व. राजीव गांधी आज होते तो भारत एक विकसित देश होता। इन्होंने हमेशा देश के विकास के लिए काम किया है। उल्लेखनीय कार्य किया गया है। मताधिकार के लिए उम्र सीमा को कम कर युवाओं को मतदान का अधिकार दिलाने का काम किया। आईटी के क्षेत्र में मजबूत नींव रखने का काम किया। इतना ही नहीं पूर्व प्रधानमंत्री स्व. अलट बिहारी बाजपेयी जी का ईलाज कराकर विपक्ष को भी सम्मान देने का काम किया।

बिजली तार गिरा, दो गंभीर

हरनौत। थाना क्षेत्र के श्रीचंदपुर में मंगलवार की देर शाम 11केवी की संचरण लाइन का तार टूटकर गिर गया। तार की चपेट में स्थानीय निवासी 40 वर्षीय अरविंद कुमार सिन्हा व धूरी मांझी की 18 वर्षीया पुत्री फूला कुमारी आ गये। इससे उनके शरीर झुलस गये। कल्याणबिगहा अस्पताल में प्राथमिक इलाज के बाद उन्हें गंभीर हालत में विम्स रेफर किया गया। नागरिकों ने घटना की वजह संचरण लाइन में लगे लुंजपुंज तार को बताई है। कहा कि इसके लिए विभागीय जेई व कर्मियों को कहा गया। पर कोई कार्रवाई नहीं की गई। जेई मनीष कुमार ने कहा कि कोई घटना नहीं हो। इसके लिए आवश्यक कार्रवाई की जा रही है।

सभापति ने गया टीम को हरी झंडी दिखा किया रवाना

गया। पंजाब में 24 से 27 अगस्त 2024 तक आयोजित होने वाली आठवीं राष्ट्रीय गतका चैम्पियनशिप में शामिल होने वाली बिहार की टीम को मंगलवार को बिहार विधान सभा के सभापति अवधेश नारायण सिंह ने हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। इस टीम में गया जिला की पूजा कुमारी, अदिति कुमारी, शिवम कुमार, नीतीश कुमार और अंकित राज शामिल हैं। जबकि गया के ही धीरज कुमार सिंह टीम मैनेजर के रूप में पंजाब जा रहे हैं।

सेवानिवृत प्रधानाध्यापिका की मौत पर जताया दुःख

इसलामपुर। स्थानीय थाना क्षेत्र के मोजफरा गांव मे सेवानिवृत प्रधानाध्यापिका आशा रानी की मौत हृदय गति रुकने से हो गई। अचानक मौत पर पश्चिमी जिलापरिषद सदस्या के प्रतिनिधि सुमन पटेल, वलेशर रविदास, गुड्डू कुमार, चिंटू कुमार, विमल कुमार आदि ने दुःख प्रकट किया और उनकी आत्मा की शांति के लिए ईश्वर से प्रार्थना की।

कबीर मठ मुजफ्फरपुर के महंथ का निधन

नूरसराय। प्रखंड के मुजफ्फरपुर गांव स्थित कबीर मठ के 85 वर्षीय महंथ गंगा दास का सोमवार की रात निधन हो गया। महंथ का निधन होने से पूरा गांव में शोक की लहर फैल गई। बता दें कि दिवंगत महंथ से गांव के ही रामनंदन महतो व उनके पुत्र धर्मवीर कुमार के द्वारा दस लाख की रंगदारी की मांग की गयी थी। महंथ द्वारा रंगदारी नहीं देने पर बीते 14 मई को दिवंगत महंथ को रामनंदन महतो व उनके पुत्र धर्मबीर कुमार ने लोहे के रॉड व तलवार से मारपीट कर अधमरा कर दिया गया था। तबसे दिवंगत महंथ की तबियत अच्छी नहीं रह रही थी। और 19 अगस्त की रात अचानक निधन हो गया।

अधिवक्ताओं की हड़ताल 14 वें दिन भी जारी

हिलसा। हिलसा व्यवहार न्यायालय के वकीलों का 14 वें दिन मंगलवार को अनिश्चितकालीन हड़ताल जारी रहा। उत्पात अधिनियम से संबंधित मामलों का निष्पादन अनुमंडल व्यवहार न्यायालय से करने को लेकर वकील हड़ताल पर हैं। न्यायालय के मुख्य द्वार पर इनका धरना लगातार जारी है। धरना की अध्यक्षता संघ के अध्यक्ष सतीश कुमार सिन्हा द्वारा किया गया तथा इसकी व्यवस्था संघ के महासचिव युगल प्रसाद द्वारा किया जा रहा है। संघ के सभी सदस्यों ने अपनी एकजुटता प्रदर्शित करते हुए अपनी उपस्थिति दर्ज लगातार कर रहे है। साथ ही धरना प्रदर्शन को समर्थन करते हुए लिपिक संघ के सभी सदस्य एवं अधिवक्तागण उपस्थित होकर अपनी-अपनी बातों को रख रहे है। अध्यक्ष ने कहा की इस संदर्भ मंगलवार बिहार स्टेट बार काउंसलिंग के अध्यक्ष समेत हिलसा से अधिवक्ता संघ के पांच सदस्य टीम ने साथ पटना हाईकोर्ट के न्यायधीश सह नालंदा न्याय मंडल के निरीक्षी न्यायधीश एवं चीफ जस्टिस से मिलकर अपनी समस्या को रखे हैं। हिलसा के मुख्य पार्षद धनंजय कुमार भी धरना में शामिल होकर अधिवक्ताओं को समर्थन किया है। इस दौरान उन्होंने कहा मद्य निषेध थाना हिलसा अनुमंडल में खुल गया है। लेकिन यहां मद्य निषेध का मामला बिहार शरीफ कोर्ट में निष्पादन होता है। जहां बिहारशरीफ की दूरी लगभग 40 किलोमीटर है जिससे लोगों को काफी परेशानी के साथ-साथ आर्थिक दोहन भी हो रहा है। मद्य निषेध अधिनियम से संबंधित मामला का निष्पादन हिलसा व्यवहार न्यायालय में कोर्ट का गठन होने से यहां के लोगों को काफी सहुलियत होगा।

चप्पल-जूते की दुकान में लगी आग, 20 लाख का नुकसान

निज संवाददाता। गया

शॉर्ट सर्किट बना आग की वजह

बोधगया बाजार स्थित एक चप्पल की दुकान में जबरदस्त आग लग गई। इससे 20 लाख रुपए की चप्पल व अन्य सामान का नुकसान दुकानदार श्रीकांत कुमार को हुआ है। आग लगने की वजह शॉर्ट सर्किट बताई जा रही है। आग पर काबू पाने में फायर ब्रिगेड की 4 गाड़ी लगी है। इसके बाद ही आग पर काबू पाया गया। दुकान में लगी आग को बुझाने में एक फायर कर्मी मामूली रूप से जख्मी हो गए है। यह घटना रात 3 बजे की बताई जा रही है। अगलगी से बाजार क्षेत्र में अफरा-तफरी का माहौल हो गया है।

रात 3 बजे पुलिस को मिली घटना की जानकारीः फायर सब इंस्पेक्टर उपेंद्र कुमार ने बताया कि उन्हें रात तीन बजे के बाद सूचना मिली कि रवि शूज की दुकान से धुंआ निकल रहा है। मौके पर पहुंच कर आग पर काबू पाने का प्रयास किया गया। करीब 4 घंटे की मशक्कत के बाद आग को काबू किया गया है। अगलगी में किसी के हताहत होने की सूचना नहीं है। दुकान के अंदर कोई भी व्यक्ति नहीं रहता था। आग लगने का कारण का पता लगाया जा रहा है। ऐसे मामला शॉर्ट सर्किट का नजर आ रहा है। शेष जांच की जा रही है। पीड़ित पक्ष से नुकसान के आकलन की मांग की गई है।

शॉर्ट सर्किट बना आग की वजहः पीड़ित सुरेंद्र कुमार ने बताया कि रात में सूचना मिली कि दुकान की छत्त से काफी धुंआ निकल रहा है। मौके पर पहुंच कर देखा कि दुकान में आग लगी है। उन्होंने बताया कि आग शॉर्ट सर्किट से लगी है। करीब 20 लाख रुपए का नुकसान हुआ है। सभी जूते-चप्पल व अन्य सामान, जरूरी कागजात जल गए हैं। सुरेंद्र से जब यह पूछा गया कि आग किसी ने लगाई है या फिर कुछ और ही बात है। इस पर उन्होंने कहा कि आग शॉर्ट सर्किट लगी है।

गांवों में तेजी से फैल रहा डायरिया का प्रकोप

निज संवाददाता। चंडी

बारिश के मौसम में डायरिया का सबसे ज्यादा खतरा होता है। दूषित पानी व भोजन के कारण लोग डायरिया के चपेट में आ रहे हैं। खासकर ग्रामीण क्षेत्रों में डायरिया का प्रकोप तेजी से फैलता जा रहा है। चंडी प्रखंड के कई गांवों में लोग प्रभावित हो रहे हैं। गोकुलपुर गांव से शुरू होकर यह बीमारी जलालपुर और गौड़ागढ़ गांव तक पहुंच गया है। मंगलवार को जलालपुर निवासी कुंदन पासवान का पुत्र शिवम कुमार एवं गौड़ागढ़ निवासी राजेन्द्र मांझी की पत्नी छोहड़वा देवी को रेफरल अस्पताल में भर्ती कराया गया। इन दोनों को लगातार उल्टी के साथ दस्त हो रहा था। प्रभारी चिकित्सा पदाधिकारी डॉ. परमेश्वर प्रसाद ने कहा कि दोनों मरीज अब बिल्कुल ठीक है। गांव में ब्लीचिंग पाउडर का छिड़काव करवाया दिया गया है। जहां-जहां से इस तरह की सूचना मिल रहा है वहां दवा वितरण करवाया जा रहा है। साथ ही खान-पान में सावधानी बरतने की सलाह भी दी जा रही है। जिला एपिडेमियोलॉजिस्ट डॉ. मुकेश कुमार ने बताया कि कुछ प्रखंडों से डायरिया फैलने की शिकायत मिली थी। इस संबंध में एसीएमओ व अन्य वरीय अधिकारियों द्वारा लगातार जांच किया जा रहा है। इसमें सबसे बड़ा कारण नल-जल का दूषित पानी बताया जा रहा है। क्योंकि नल-जल योजना के तहत घरों तक जाने वाले पाईप लाईन बीच में फट जाता है और बारिश के पानी में डूब जाता है। और गंदा पानी घरों तक पहुंच जाता है जिसे लोग पीते हैं। उन्होंने कहा कि जो भी मरीज मिल रहे हैं उसमें सभी डायरिया से पीड़ित नहीं कहा जा सकता है।

40 लाख रुपए की नकली दवाइयां जब्त

निज संवाददाता। गया

गया में ब्रांडेड दवा कंपनियों की भारी मात्रा में नकली उत्पाद का भांडाफोड़ मुफस्सिल थाना पुलिस और ब्रांड प्रोटेक्शन कम्पनी ने किया है। पुलिस ने करीब 40 लाख रुपए के नकली दवाइयां और कॉस्मेटिक्स के सामान जब्त किए हैं। हालांकि इस मामले में फिलहाल कोई भी अपराधी गिरफ्तार नहीं हुआ है। मुफस्सिल इंस्पेक्टर रघुनाथ प्रसाद का कहना है कि आरोपी फरार है। उसकी गिरफ्तारी के लिए टास्क फोर्स का गठन किया जा रहा है।

कंपनियों की लिस्ट तैयार की जा रहीः इंस्पेक्टर रघुनाथ प्रसाद ने बताया कि ब्रांड प्रोटेक्शन कम्पनी की टीम के पटना के कर्मियों ने सूचना दी कि भुसन्डा देवी स्थान के पास संजीत विश्वकर्मा के मकान में नकली दवा का धंधा हो रहा है। इस पर जब पुलिस ने जांच के बाद छापेमारी की तो कमरे से ब्रांडेड कम्पनियों की भारी मात्रा में नकली दवा बरामद की गई। उन्होंने बताया कि इस छापेमारी में सिप्ला, हिमालया जैसे बड़ी कम्पनियों की नकली दवाइयां जब्त की गईं है। बाकी किन-किन कम्पनियों की दवा जब्त की गई है इसकी सूची तैयार की जा रही है। साथ ही केस भी दर्ज किया जा रहा है।

सप्लाई ग्रामीण इलाकों में की जातीः ब्रांड प्रोटेक्शन कम्पनी के डायरेक्टर मुस्तफा हुसैन ने बताया कि गया में बड़े स्तर पर नकली दवा का धंधा किया जा रहा है। पूर्व में भी हमारी कम्पनी ने मुफस्सिल थाना क्षेत्र से नकली दवाइयां जब्त की थी। इस बार भी लाखों रुपए की नकली दवा बरामद की गई है। उन्होंने बताया कि नकली दवाइयां की सप्लाई ग्रामीण इलाकों में की जाती है। साथ ही दूसरे जिले में भी यहां से भेजा जाता है।

बोधगया की सुरक्षा को लेकर हाई लेवल मीटिंग

देश की टॉप सुरक्षा एजेंसी के अधिकारी के साथ SSP ने की चर्चा, विचार किया साझा

निज संवाददाता। गया

बोधगया की सुरक्षा को लेकर हाई लेवल मंथन किया जा रहा है। विश्व विख्यात बोधगया की सुरक्षा को लेकर मीटिंग हुई। इसमें देश की टॉप सुरक्षा एजेंसी एटीएस, एनएसजी के वरीय अधिकारी और जिले के एसएसपी ने सुरक्षा के बिन्दुओं पर आपस में चर्चा की है। साथ ही एसएसपी ने आगामी फैसलों को साझा किया है। चर्चा का विषय हवाई अड्डा, गया, आईआईएम, बोध गया, कन्वेंशन सेंटर, बोध गया और अन्य प्रमुख स्थलों की सुरक्षा व्यवस्था को और अधिक सुदृढ़ करना है। बैठक में खास बात यह रही कि सभी अधिकारियों ने अपने-अपने विचार और सुझाव प्रस्तुत किए, और सुरक्षा उपायों की समीक्षा की। साथ ही सुरक्षा की नई रणनीतियों को तेजी से प्रभावी बनाते हुए, सभी महत्वपूर्ण स्थलों की सुरक्षा को और भी बेहतर बनाए जाने की बात कही ।

सुरक्षा पर लिए गए निर्णय को एसएसपी ने किया साझाः खास बात यह भी है कि मीटिंग के बाद एसएसपी आशीष भारती ने गया के महत्वपूर्ण स्थलों की सुरक्षा पर लिए गए निर्णय को साझा किया। साथ ही बैठक के निष्कर्ष और नई सुरक्षा रणनीतियों पर चर्चा कर सभी पदाधिकारियों को जरूरी दिशा-निर्देश दिए। बता दें कि बोध गया आतंकियों के निशाने पर लंबे समय से रहा है। अब-तक दो बार घटना को अंजाम देने की कोशिश की गई है। पहली दफा 7 जुलाई 2013 को महाबोधि मंदिर परिसर में 10 की संख्या में सीरियल बम ब्लास्ट की वारदात हुई थी। इसमें 5 लोग जख्मी हुए थे। पांच में से दो मॉन्क थे। इस पूरी आतंकी घटना की जांच एनआईए ने की थी। इस आतंकी घटना में मंदिर को किसी प्रकार का कोई नुकसान नहीं पहुंचा था। इसके बाद से बोध गया और खासकर महाबोधि मंदिर परिसर की सुरक्षा सख्त कर दी गई है।

आतंकियों ने किए थे बम प्लांटः दूसरी घटना 22 जनवरी 2018 को हुई थी। आतंकियों ने बम प्लांट किए थे। उस दौरान बौद्ध धर्म गुरु दलाई लामा बोध गया में ही प्रवास पर थे और उनका प्रवचन कार्यक्रम भी चल रहा था। हालांकि, इस बार समय रहते ही महाबोधि परिसर में सुरक्षा में तैनात जवानों अधिकारियों ने आतंकियों के मंसूबों को विफल कर दिया था। इन दोनों घटना के बाद से हवाई अड्डा से लेकर महाबोधि मंदिर परिसर और बोध गया की सुरक्षा को लेकर अक्सर जरूरत के हिसाब से ठोस कदम उठाए जा रहे हैं।

12 हजार हेक्टेयर में हुआ है रोपा, तीन वर्ष बाद पंचाने नदी में आया पानी

निज संवाददाता। हरनौत

प्रखंड से गुजरी पंचाने नदी में तीन वर्ष बाद पानी आया है। इसके पहले वर्ष 2021 में पानी आया था। जबकि 2022 व 2023 सूखे ही गुजर गये थे। नदी में पानी आने से किसानों में काफी खुशी है। इससे अंडरग्राऊंड वाटर लेवल भी सुधरेगा। जो कि 50 फीट से नीचे जा चुका था। सामान्यतः 20 से 25 फीट पर पानी मिल जाता था, जिससे ओपेन बोरिंग आराम से चलता है। पर नदी में पानी नहीं आने से किसानों को पटवन के लिए स्टेक बोरिंग(220 फीट) करवाकर सबमर्सिबल लगवाना पड़ा। मोबारकपुर के त्रिवेणी कुमार, दक्षिणीपुर के राकेश कुमार, नर्चवार के लोकेश महतो, गंगटा के राजन यादव, अलीनगर के चंदेश्वर प्रसाद उर्फ चंदूजी, हरिहरपुर के सीताराम यादव ने बताया कि प्रखंड की गोनावां, पोआरी, लोहरा, पचौरा व बसनियावां पंचायत के हजारों एकड़ रकवे को नदी से पानी मिलता है। नदी में पानी नहीं आने से ओपेन बोरिंग सूख चुके थे। बीएओ ब्रजकिशोर चरण ने बताया कि प्रखंड में धान की खेती का लक्ष्य करीब 12 हजार एक सौ हेक्टेयर है। इसमें 12 हजार हेक्टेयर के करीब रोपा हो चुका है। किसान खरपतवार नियंत्रण के लिए निकौनी या दवा का छिड़काव करें। इसके बाद उर्वरक का व्यवहार करें। किसानों ने युरिया की कालाबाजारी का आरोप लगाया है। उन्होंने बताया कि विक्रेता अपना गोदाम खाली कर रखे हैं। वे युरिया का कृत्रिम किल्लत बनाकर दूसरे स्थान से अधिक दाम लेकर युरिया उपलब्ध करा रहे हैं। इस संबंध में बीएओ ने कहा कि जहां भी गड़बड़ी होगी। उसकी जांच कर कार्रवाई करेंगे। उन्हें अभी तक शिकायत नहीं मिली है। दो प्रखंडों को लाभ नदी में पानी आने से सिर्फ हरनौत ही नहीं, बल्कि रहुई के भी चार-पांच पंचायतों के कृषि योग्य रकवे को सिंचाई के लिए पानी मिल सकेगा। सबसे बड़ी बात इन क्षेत्रों में अंडरग्राऊंड वाटर लेवल काफी नीचे चला गया था। नदी में पानी आने से उसमें सुधार होगा। किसानों ने बताया कि कुछ दिनों के अंतराल पर नियमित बारिश भी हो जा रही है। इससे धान की फसल में गर्मी या जलजमाव से किसी कीट-व्याधि का प्रकोप नहीं हो रहा है। जब विशेष पानी की आवश्यकता होगी तो नदी में भी पानी उपलब्ध होगा।

युवा राजद के नवनिर्वाचित जिलाध्यक्षों का विरोध

निज संवाददाता। गया

♦ कहा : पार्टी इस पर ले सज्ञान

शहर के गांधी मैदान में मंगलवार को युवा राजद की एक बैठक हुई। बैठक में सर्वसम्मति से नवनिर्वाचित जिलाध्यक्षों के मनोनयन प्रक्रिया का विरोध किया गया। युवा नेताओं ने कहा कि एक वर्ष पूर्व युवा प्रदेश उपाध्यक्ष सह मगध प्रभारी विश्वनाथ यादव की अध्यक्षता में चुनाव प्रक्रिया संपन्न हुई थी। इस चुनाव में दिव्यांश कुमार 32 वोट से विजयी हुई थे। अन्य उम्मीदवार पवन कुमार वर्मा और प्रभात कुमार को मात्र दो वोट मिले थे। इनके अलावे विकास कुमार पासवान को पांच वोट मिला था। करीब एक साल के बाद असंवैधानिक रूप से पवन कुमार वर्मा और प्रभात कुमार को जिलाध्यक्ष मनमाने ढंग से मनोनीत किया गया। इस मनमानी के विरोध में जिला कमेटी के सभी सदस्यों ने अपने पद से इस्तीफा दे दिया है। इस बीच उन्होंने प्रदेश अध्यक्ष से मांग किया कि अगर इस मामले में पुनर्विचार या संज्ञान नहीं लेते है तो पार्टी छोड़ देंगे। मौके पर युवा राजद के जिला उपाध्यक्ष रविन्द्र कुमार यादव, चंदन कुमार यादव, दिलीप कुमार, विकास कुमार पासवान, गोल्डन यादव, रवि चंद्रवंशी, तारकेश्वर यादव, जिला महासचिव नवीन प्रकाश, ब्रजेश कुमार यादव, नवीन प्रकाश, जिला सचिव मनीष कुमार, डोभी के प्रखंड अध्यक्ष विजय कुमार यादव, संतोष कुमार यादव, मोहनपुर प्रखंड अध्यक्ष महेन्द्र कुमार यादव, प्रखंड उपाध्यक्ष मनोज कुमार, चंदन कुमार वर्मा, टनकुप्पा प्रखंड अध्यक्ष सिकंदर पासवान आदि मौजूद थे।

अब राजगीर रेल थाने में होगी प्राथमिकी से लेकर अनुसंधान तक की कार्रवाई

निज संवाददाता। राजगीर

राजगीर रेलवे स्टेशन में कार्यरत रेल पीपी को अपग्रेड करते हुए उत्क्रमित रेल थाना का दर्जा मिल गया है। अब यह पूर्ण थाना हो गया हैं। जल्द ही यहां अनुमंडल पुलिस मुख्यालय भी होगा। अब राजगीर थाने में ही प्राथमिकी दर्ज करने से लेकर अनुसंधान तक की कार्रवाई होगी। मंगलवार को रेल डीएसपी मुकुल परमाल पांडे ने इसका उद्घाटन किया। उन्होंने कहा कि अब यह जिले का दूसरा रेल थाना है जो पूर्ण रेल थाना के रूप में कार्य करेगा। पहले यहां किसी तरह की घटना होने पर बिहारशरीफ रेल थाना में प्राथमिकी दर्ज कराई जाती थी। लेकिन अब राजगीर उत्क्रमित रेल थाना में ही प्राथमिक दर्ज करने सहित अन्य संबंधित सभी कार्य किये जाएंगे।पूर्ण थाना का दर्जा मिलने के बाद पुलिस पदाधिकारियों में काफी खुशी है। आमलोग भी काफी खुश हैं। के इस अवसर पर डीएसपी श्री पांडे ने बताया कि राजगीर रेलवे स्टेशन में कार्यरत रेल पीपी को अपग्रेड करते हुए उत्क्रमित रेल थाना का दर्जा मिलने के बाद इसका उद्घाटन किया गया है। अब है 64 सर्च अभियान भी लगातार किया जाता है।

पूर्व रेलवे

ई-नीलामी सूचना

हावड़ा मंडल से चलने वाली 03 यात्री गाड़ियों में 05 एसएलआर के पार्सल स्थान को पट्टे पर देने के लिए ई-नीलामी आमंत्रित करने हेतु सूचना।

वरिष्ठ मंडल वाणिज्यिक प्रबंधक, पूर्व रेलवे, चौथी मंजिल, रेल यात्री निवास भवन, हावड़ा स्टेशन के पास, हावड़ा-711101 आईआरईपीएस वेबसाइट के ई-नीलामी मॉड्यूल के माध्यम से दो साल के लिए हावड़ा मंडल से चलने वाली 03 यात्री गाड़ियों में 05 एसएलआर के लिए ई-नीलामी आमंत्रित करते हैं। विस्तृत नियम और शर्तों वाली गैर-हस्तांतरणीय नीलामी सूची **www.ireps.gov.in** पर उपलब्ध है। तत्काल ई-नीलामी के लिए बोलियां www.ireps.gov.in पर ई-नीलामी मॉड्यूल के माध्यम से प्रस्तुत की जानी हैं। ई-नीलामी प्रक्रिया में भाग लेने के लिए, वेबसाइट **www.ireps.gov.in** में ई-नीलामी मॉड्यूल के माध्यम से निविदाकारों का पंजीकरण अनिवार्य है। व्यापारियों को क्लास-III के डिजिटल हस्ताक्षर भी लेने होंगे। **नीलामी सूची का विवरणः** (1) **नीलामी सूची संख्याः** पीसीएल-एचडब्ल्यूएच-एल-24-9ए। **ट्रेनः** 03 यात्री गाड़ियों में 05 एसएलआर। **नीलामी शुरू होने की तिथि एवं समयः** 03.09.2024 13.00 बजे। (HWH-236/2024-25)

निविदा सूचनाएं वेबसाइट **www.er.indianrailways.gov.in/ www.ireps.gov.in** पर भी उपलब्ध हैं।

हमें अनुसरण करें : @EasternRailway @easternrailwayheadquarter

जन-जन की वाणी...

हिन्दी दैनिक

सोन वर्षा वाणी

औरंगाबाद, आरा एवं रांची से प्रकाशित

Page 11

खेल

वनडे ट्रॉफी 2025 : क्या वनडे के रोहित शर्मा के साथ यशस्वी जायसवाल को ओपनिंग...

Page 10

देश

कसाब को दिलवा चुके हैं फांसी, अब बदलापुर रेप केस में पैरवी करेंगे उज्जवल निकम

कृष्ण पक्ष, उत्तर भाद्रपद, विक्रम संवत् 2081 • औरंगाबाद • गुरूवार • 22 अगस्त 2024 • वर्ष 26 • अंक 252 • पृष्ठ 12

मूल्य ₹ 2.00

सोना चांदी

सोना	चांदी
10 ग्राम 22 कैरेट	1 किलो चांदी
₹ 67,100	₹87,000

आज का इतिहास

- **2008 :** भारतीय राज्य जम्मू और कश्मीर में सैकड़ों मुस्लिम कश्मीरियों ने भारत से आजादी की माँग की।
- **1639 :** ईस्ट इंडिया कंपनी ने भारत के तमिलनाडु राज्य की राजधानी, जो विजयनगर साम्राज्य के राजा, पेदा वेंकट राया की राजधानी है, के लिए थोड़े समय में एक छोटी सी पट्टी खरीदी।

न्यूज बाइट्स

बाहर रहने वाले जमीन सर्वे के लिए करें ऑनलाइन आवेदन

पटना (नि.सं.)। बिहार में जमीन का पूरा हिसाब-किताब अब नए सिरे से होगा। इसके लिए बिहार सरकार ने 20 अगस्त से भूमि सर्वेक्षण शुरू किया है। यह सर्वेक्षण राज्य के 45 हजार से अधिक गांवों में होगा। इस सर्वेक्षण में जमीन पर बने मकानों और दूसरी चीजों की भी जानकारी देनी होगी। पटना में सर्वे की जानकारी देने के लिए मंगलवार को पंचायतवार ग्राम सभा की शुरुआत हुई। गांव से बाहर रहने वाले लोग अपनी जमीन का सर्वे कराने के लिए ऑनलाइन आवेदन दे सकते हैं। जमीन की जांच के दौरान उपस्थित रहना होगा।

भारत बंद का बिहार के 24 जिलों में दिखा असर, जज-डॉक्टर भी फंसे, जहानाबाद-पटना में पुलिस से झड़प

आठ जिलों में ट्रेन-बसें रोकी, हाइवे पर आगजनी

निज संवाददाता | पटना

बिहार में दलित संगठनों की ओर से बुलाए गए भारत बंद का असर 24 जिलों में देखने को मिला। प्रदर्शनकारी लगभग सभी जिलों में सड़कों पर निकले, लेकिन पटना समेत दो दर्जन शहरों में ज्यादा असर देखने को मिला। आरा, दरभंगा समेत 8 जिलों में ट्रेनें और बसें रोक दी गई। पूर्णिया, मुजफ्फरपुर समेत कई जिलों में नेशनल हाइवे पर आगजनी की गई। प्रदर्शन के दौरान कई जगहों पर जज-डॉक्टर भी फंसे रहे। बक्सर में प्रदर्शनकारियों ने एडिशनल डिस्ट्रिक्ट जज की गाड़ी रोक दी। इसके अलावा कई जिलों के अधिकारियों का कामकाज भी प्रभावित हुआ। औरंगाबाद में दुकानदारों को पीटकर दुकानें बंद कराई गई। जहानाबाद में पुलिस और प्रदर्शनकारियों के बीच जमकर झड़प हुई।

पूर्वी चंपारण, पश्चिमी चंपारण, गोपालगंज, छपरा में भी बंद का मिलाजुला असर रहा। रोहतास के मुख्यालय सासाराम समेत कई इलाकों में लोगों ने खुद ही दुकानें बंद रखी। बांका में भी सुबह कई जगह प्रदर्शन हुआ, लेकिन दोपहर तक सब कुछ सामान्य हो गया।

इस प्रदर्शन में मुख्य तौर पर भीम आर्मी के साथ अन्य दलित संगठनों के लोग ही दिखे। हालांकि, आरजेडी ने भी बंद का समर्थन किया था, लेकिन पार्टी कार्यकर्ता एक-दो जिलों में ही सक्रिय दिखे। दो जिलों में लोजपा (रामविलास) नेता-कार्यकर्ता भी सड़क पर उतरे हैं। पूर्णिया में निर्दलीय सांसद पप्पू यादव भी बंद के समर्थन में सड़क पर उतरे। राजधानी पटना के अलग-अलग इलाकों में लगभग 10 हजार लोग प्रदर्शन में शामिल हुए। इसमें 2000 से अधिक की संख्या में छात्र रहे। कल से ही इसकी तैयारी चल रही थी, सोशल मीडिया पर ट्रेंड कराया जा रहा था। डाकबंगला चौराहे पर पहुंचे प्रदर्शनकारियों को हटाने के लिए पुलिस ने वाटर कैनन और लाठीचार्ज का भी सहारा लिया। प्रदर्शनकारी पटना जंक्शन की ओर बढ़ रहे थे।

बंद में बहुजन समाज पार्टी, दलित संगठन, स्टूडेंट्स, आरजेडी, वीआईपी पार्टी के कार्यकर्ता शामिल हुए, लेकिन किसी ने भी मीडिया से बात नहीं की। इनकी रणनीति है कि आगे भी ऐसे ही लड़ाई लड़ते रहेंगे।

आरा में रेल-बस रोकी, जज को बदलना पड़ा रास्ता

भोजपुर जिले के आरा में भीम आर्मी, आरजेडी और माले कार्यकर्ताओं ने प्रदर्शन किया। सुबह से ही प्राइवेट बस स्टैंड पर को जाम कर दिया। रेलवे स्टेशन के प्लेटफार्म नंबर दो पर कमलापति-सहरसा एक्सप्रेस ट्रेन को करीब आधे घंटे तक रोका। शहर में घूम-घूम कर खुली दुकानों को बंद कराया। प्रदर्शनकारियों की वजह से सीजेएम की गाड़ी को रूट बदलकर कोर्ट जाना पड़ा। प्रदर्शन में किसी भी संगठन का कोई बड़ा चेहरा नहीं दिखा।

जज को वापस लौटाया

बक्सर में माले के साथ बहुजन समाज पार्टी के कार्यकर्ताओं ने भारत बंद को लेकर जगह-जगह जाम कर दिया। बक्सर-पटना फोर लेन को जाम कर दिया। साथ में स्टेशन पर भी रेल ट्रैक पर बैठ गए। हालांकि, इस दौरान स्टेशन पर कोई ट्रेन नहीं थी। यहां से गुजरने वाली कई ट्रेनें आगे-पीछे के स्टेशनों पर रुकी रहीं। शहर के अंबेडकर चौक पर प्रदर्शनकारियों ने सिविल कोर्ट के अतिरिक्त जिला जज की गाड़ी को रोक दिया। हंगामा कर रहे लोग गाड़ी के आगे खड़े हो गए। पुलिसकर्मी रास्ता देने के लिए समझाते रहे, लेकिन सभी नारेबाजी करते रहे। आखिरकार जज की गाड़ी को वापस मोड़ना पड़ा। बताया गया कि वो कोर्ट न जाकर अपने आवास वापस चले गए। बक्सर में प्रदर्शनकारियों ने एडिशनल डिस्ट्रिक्ट जज की गाड़ी रोक दी। हंगामा कर रहे लोग लाठी-डंडे के साथ गाड़ी के आगे खड़े हो गए। पूर्णिया में बंद को सभी दलित संगठन, माले और निर्दलीय सांसद पप्पू यादव ने समर्थन दिया है। करीब 5 हजार लोग प्रदर्शन में शामिल हुए।

भारत बंद के बीच सिपाही भर्ती परीक्षा खत्म, प्रदर्शन से अभ्यर्थियों को परेशानी

पटना। सुप्रीम कोर्ट के एससी आरक्षण में क्रीमीलेयर लागू करने के फैसले के खिलाफ दलित संगठनों की ओर से आज भारत बंद बुलाया गया। पटना, बिहार समेत कई जिलों में इसका असर दिखा। इन सबके बीच आज बिहार में सिपाही भर्ती परीक्षा हुई। बंद के चलते कैंडिडेट्स को परेशानी भी। वहीं अब सिपाही भर्ती परीक्षा खत्म हो गई है। अभ्यर्थी अब अपने नजदीकी रेलवे स्टेशनों की ओर जाने लगे हैं। वहीं इससे पहले पूर्णिया में एग्जाम देने पहुंचे कैंडिडेट्स ने कहा कि 'बंद के चलते हमारे साथी जहां-तहां फंसे हुए हैं। हम सरकार को उन लोगों की मांग मान लेनी चाहिए। या हमारी परीक्षा की तारीख आग बढ़ानी चाहिए।

सीतामढ़ी-जहानाबाद में पुलिस-प्रदर्शनकारियों में झड़प

सीतामढ़ी शहर में बंद कराने उतरे प्रदर्शनकारियों और पुलिस के बीच झड़प हो गई। पुलिस ने बैरिकेडिंग को उखाड़ दिया। हल्का बल प्रयोग कर हंगामा कर रहे युवाओं को खदेड़ा। वहीं, जहानाबाद में भी ऊटा मोड़ एवं अरवल मोड़ के पास पुलिस एवं बंद समर्थकों में झड़प हुई। पुलिस ने पांच लोगों को हिरासत में भी लिया है।

सेप्टिक टैंक में फंसे चार मजदूर की मौत

निज संवाददाता | पटना

पटना के बाढ़ थाने के पुराई बाग में बुधवार को 4 लोगों की शौचालय की टंकी में फंसने से मौत हो गई है। ये हादसा सेंटरिंग खोलने के दौरान हुआ। मृतकों की पहचान बिट्टू कुमार(22), भूना(30), पवन(25), जोगन(25) के रूप में हुई है। ये सभी मजदूर पुराई बाग के ही रहने वाले थे। कुरई बाग गांव में अरविंद कुमार के घर पर लगभग 10 फीट गहरी टंकी बनाई गई थी। बुधवार को सेंटरिंग खोलने के लिए एक युवक टंकी के अंदर उतरा। मोतिहारी में नवनिर्मित टॉयलेट टैंक की सेंटरिंग खोलने के दौरान निकली जहरीली गैस से चार लोगों की दम घुटने से मौत हो गई। चारों महावीर ठाकुर के निर्माणाधीन घर के शौचालय का सेंटरिंग खोलने नीचे उतरे थे, जहां सभी जहरीली गैस से बेहोश हो गए। इस दौरान वहां अफरा-तफरी मच गई। आनन-फानन में सभी को ढाका रेफरल अस्पताल पहुंचाया गया, जहां डॉक्टर ने उन्हें मृत घोषित कर दिया। घटना के बाद मृतक के परिजनों ने हॉस्पिटल में हंगामा शुरू कर दिया।

कैबिनेट की आयोजित बैठक में 31 एजेंडों पर लगी मुहर

गाड़ियों का रजिस्ट्रेशन सस्ता, 1589 पदों पर बहाली

निज संवाददाता | पटना

बिहार में अब नई गाड़ियों का रजिस्ट्रेशन के लिए वाहनों की जेब पर ज्यादा लोड नहीं आएगा। बाइक, ऑटो, कैब आदि के रजिस्ट्रेशन में कमी कर दी गई है। नीतीश कैबिनेट की बैठक में बुधवार को इस पर मुहर लगाई गई। इसके अलावा बेरोजगारों को सरकारी नौकरी के नए अवसर मिलेंगे। विभिन्न विभागों में 1589 पद सृजित किए गए हैं। पटना सदर अंचल को चार हिस्सों में बांट दिया गया है। मुख्यमंत्री नीतीश कुमार की अध्यक्षता में आयोजित राज्य कैबिनेट की बैठक में कुल 31 प्रस्तावों को मंजूरी दी गई। बिहार कैबिनेट ने बुधवार को वाहनों के रजिस्ट्रेशन शुल्क में कमी के प्रस्ताव को मंजूर किया। मोटर साइकिल के रजिस्ट्रेशन के लिए अब 1500 की जगह 1150 रुपये ही चुकाने होंगे। इसी तरह ऑटो को 5650 की जगह 1150 रुपये और कैब को 23,650 की जगह मात्र 4150 रुपये का शुल्क देना होगा। आसपास के राज्यों में कम रजिस्ट्रेशन शुल्क को देखते हुए नीतीश सरकार ने यह फैसला लिया। कैबिनेट बैठक में महिलाओं को सर्वाइकल कैंसर से बचाने के लिए टीका लगाने का फैसला लिया गया। इसके लिए राज्य सरकार ने टाटा मेमोरियल से अनुबं करेगी। 9 से 14 वर्ष की बच्चियों को ह्यूमन पेपीलोमा वायरस वैक्सीन दी जाएगी। राज्य के आम नागरिकों का परिवार आधारित सोशल रजिस्टर तैयार करने एवं एकीकृत पोर्टल के माध्यम से लोक सेवाओं को प्रदान करने के लिए एक पोर्टल-बिहार वन प्लेटफॉर्म विकसित किया गया है। इसके तहत सभी लाभ एक ही पोर्टल से मिलेंगे।

झारखंड के पूर्व सीएम चंपाई सोरेन बनाएंगे नई पार्टी

निज संवाददाता | रांची

झारखंड के पूर्व सीएम और उच्च शिक्षा मंत्री चंपाई सोरेन अब नई पार्टी बनाएंगे। दिल्ली से सरायकेला लौटने के 12 घंटे के बाद बुधवार, 21 अगस्त को अपने आवास पर उन्होंने इसकी घोषणा की। चंपाई ने कहा कि हम राजनीति से संन्यास नहीं लेने जा रहे हैं। हमने जो अध्याय शुरू किया है, उसका चैप्टर बदलता रहेगा। नए संगठन को मजबूत करेंगे। रास्ते में कोई दोस्त मिला तो दोस्ती करेंगे। चुनाव को देखते हुए नई पार्टी बनाने के लिए अब समय कम रह गया है, इस पर चंपाई बोले कि इससे आपको क्या परेशानी है। जब 3-4 दिन में 30-40 हजार कार्यकर्ता आ गए तो नई पार्टी बनाने में हमको क्या परेशानी है। 7 दिन में सब साफ हो जाएगा।

बिहार सरकार

परिवहन विभाग

हर सफर का हमसफर

मुख्यमंत्री ग्राम परिवहन योजना

11वां चरण

दूरस्थ आबादी को शहरों तक परिवहन सेवा उपलब्ध कराने की योजना

उद्देश्य

इस योजना का मुख्य उद्देश्य ग्रामीण क्षेत्रों में यात्री परिवहन व्यवस्था सुलभ कराना एवं रोजगार का सृजन करना है।

अनुदान की राशि

अनुदान की राशि वाहन के खरीद मूल्य के 50% तक की राशि अथवा अधिकतम 1.00 (एक) लाख रूपये होगी। वाहन के खरीद मूल्य से अभिप्राय है– वाहन का एक्स– शोरूम मूल्य, तृतीय पक्ष बीमा एवं वाहन टैक्स तीनों को जोड़ कर कुल राशि। ई–रिक्शा के क्रय की स्थिति में खरीद मूल्य का 50% परंतु अधिकतम 70,000 (सत्तर हजार) रू0 अनुदान दिया जाएगा। एम्बुलेंस के क्रय की स्थिति में अधिकतम 2 लाख रूपये अनुदान दिया जाएगा।

वाहन का प्रकार

इस योजना के तहत 4 सीट से लेकर 10 सीट तक के नये सवारी वाहनों को एवं एम्बुलेंस को योग्य माना जायेगा।

लाभुक की अर्हताएं

इस योजना के तहत लाभ प्राप्त करने वाले लाभुकों की अर्हताएँ निम्नवत् होंगीः–

- प्रत्येक पंचायत के लिए 7 योग्य आवेदकों का उपलब्ध रिक्ति के अनुसार चयन किया जाएगा।
- जिनमें 4 लाभुक अनुसूचित जाति/जनजाति एवं 3 लाभुक अत्यंत पिछड़ा वर्ग के सदस्य होंगे।
- प्रति पंचायत अधिकतम 7 लाभुक की अनुमान्य सीमा के अंतर्गत प्रति प्रखंड अधिकतम 2 (1 अनुसूचित जाति/जनजाति एवं 1 अत्यंत पिछड़ा वर्ग) लाभुकों को उपलब्ध रिक्ति के अनुसार एम्बुलेंस के क्रय पर अनुदान दिया जाएगा।
- लाभुक की न्यूनतम उम्र सीमा आवेदन आमंत्रण की तिथि को 21 वर्ष होगी।
- लाभुक को सरकारी सेवा में नियोजित नहीं होना चाहिए एवं पूर्व से कोई व्यावसायिक वाहन नहीं होना चाहिए।
- किसी पंचायत के लिए लाभ प्राप्त करने हेतु लाभुक को उक्त पंचायत का निवासी होना चाहिए।
- लाभुक के पास हल्के मोटरयान के चालक की अनुज्ञप्ति होनी चाहिए।

लाभुक को आवेदन के साथ निम्न कागजात उपलब्ध कराने होंगे:–

1. जाति प्रमाण–पत्र	2. आवासीय प्रमाण–पत्र
3. शैक्षणिक योग्यता का प्रमाण–पत्र,	4. उम्र संबंधित प्रमाण–पत्र
5.चालन अनुज्ञप्ति	

योजना की समय–सारणी

क्र0सं0	कार्य का विवरण	समयावधि
1.	योजना का प्रशिक्षण एवं जागरूकता।	16.08.2024 से 27.08.2024 तक
2.	आवेदन करने की तिथि	28.08.2024 से 27.09.2024 तक
3.	प्रखंड स्तर पर प्राप्त आवेदनों के आधार पर पंचायतवार एवं कोटिवार वरीयता सूची का निर्माण	28.09.2024 से 30.09.2024 तक
4.	प्रखंड स्तरीय समिति की बैठक एवं अनुशंसा का प्रेषण	03.10.2024
5.	अनुमंडल स्तरीय समिति की बैठक	04.10.2024
6.	चयन सूची का प्रकाशन	05.10.2024
7.	आपत्ति आमंत्रण	07.10.2024 से 16.10.2024 तक
8.	आपत्ति निराकरण	17.10.2024
9.	अंतिम चयन सूची का प्रकाशन	18.10.2024
10.	प्रखंड विकास पदाधिकारी के द्वारा चयनित लाभुकों को चयनपत्र का तामिला	19.10.2024 से 26.10.2024 तक
11.	वाहन क्रय के बाद चयनित लाभुक द्वारा अनुदान प्राप्ति हेतु आवेदन समर्पित करना	21.10.2024 से लगातार
12.	अनुदान की राशि CFMS के माध्यम से लाभुक के खाते में भुगतान करना	आवेदन प्राप्ति के 7 दिनों के अंदर

नोट :- आवेदन ऑनलाइन प्राप्त किए जाएंगे । आवेदक को या स्पष्ट विकल्प देना होगा कि वे एंबुलेंस का क्रय करना चाहते हैं या यात्री वाहन।

सचिव
परिवहन विभाग, बिहार

PR No.- 006557 (Transport)D. 2024-25

सुप्रीम कोर्ट के एससी-एसटी आरक्षण के फैसले के खिलाफ भारत बन्द का दिखा छिटपुट असर

निज संवाददाता | रजौली (नवादा)

रजौली थाना क्षेत्र के प्रांचक मोड़, न्यू बस स्टैंड रजौली एवं अंधरबारी में अनुसूचित जाति- जनजाति संघर्ष मोर्चा के अध्यक्ष ईश्वरी प्रसाद के नेतृत्व में बुधवार को भारत बंद के तहत रजौली बंद शांतिपूर्ण तरीके के कराया गया। इस दौरान एसडीओ आदित्य कुमार पीयूष एवं एसडीपीओ गुलशन कुमार के अलावे सीओ गुफरान मजहरी तथा रजौली थानाध्यक्ष सह इंस्पेक्टर राजेश कुमार पुलिस बलों के साथ मौजूद थे। थानाध्यक्ष ने एनएच 20 सड़क को अवरूद्ध करने से लोगों को रोकते नजर आये। भारत बंद कराने को लेकर लोगों का जत्था जय भीम व बाबा साहब अमर रहे आदि नारे लगाते हुए बाजारों में भी घुमते नजर आए। हालांकि एक तरफ लोगों के हुजूम देख दुकानदार अपने प्रतिष्ठानों को बंद कर देते, जैसे लोगों की भीड़ दुकानों से आगे निकलते लोग अपनी-अपनी दुकानों को पुनः खोल देते।रजौली बंद के दौरान एससी-एसटी संघर्ष मोर्चा के प्रखंड अध्यक्ष ने कहा कि अनुसूचित जाति एवं जनजाति के आरक्षण के साथ सुप्रीम कोर्ट ने छेड़छाड़ की है। इसी के विरोध में पूर्व से निर्धारित कार्यक्रम 21 अगस्त को भारत बन्द के तहत रजौली को बंद कर रखा गया है। उन्होंने कहा की आरक्षण से छेड़छाड़ बर्दास्त नहीं होगा, कोर्ट का यह फैसला हमारे दलित और आदिवासी विरोधी है। यही वजह है कि आज एससी-एसटी के लोगों में पुरे भारत में आक्रोश है। एससी-एसटी संघर्ष मोर्चा सचिव जयप्रकाश दास ने कहा कि आरक्षण का आधार आर्थिक आधार पर नहीं मिला था, जो क्रीमीलेयर लागु करेंगे बल्कि सामाजिक शोषण छुआछूत के आधार पर आरक्षण दिया गया था। इसलिए अभी हमलोगो को पचास साल और आरक्षण देना होगा, तभी हमारा दलित एवं आदिवासी समाज के मुख्य धारा में आएंगे। रजौली उत्तरी कें जिला परिषद इंद्रदेव राम ने कहा हमलोग दलित एवं महादलित समाज के आरक्षण के साथ छेड़छाड़ बर्दाश्त नहीं करेंगे। अभी हमारा समाज काफी पिछड़ा हुआ है। इसके बावजूद क्रीमीलेयर और दलित कोटा को बांटने की जो साजिश किया जा रहा है, जो बिल्कुल हीं निंदनीय है। सुप्रीम कोर्ट के आरक्षण के आदेश का हमलोग जमकर विरोध करते हैं। इधर दलित मानवाधिकार के राज्य समन्वयक धर्मदेव पासवान ने सुप्रीम कोर्ट पर जमकर बरसे हैं। उन्होंने कहा सरकार और सुप्रीम कोर्ट देश में आरजकता फैलाना चाह रही है, इसलिए बार -बार हमलोगों को उकसाया जा रहा है। संविधान में बाबा साहब डॉ. भीम राव अंबेडकर ने समानता का अधिकार के तहत आरक्षण दिया था, ताकि दलित-महादलित समाज के साथ जो छुआछूत और भेदभाव है, उसे समाप्त किया जाये।लेकिन समाज के कुछ दलित विरोधी नेताओं के चापलूसी के चलते आज हमारे संविधान के साथ छेड़छाड़ किया जा रहा है और महादलितों को अलग -अलग श्रेणी में बांटा जा रहा है।हम हरगिज सुप्रीम कोर्ट और सरकार के ऐसे घटिया नीति को नहीं मानेंगे और अपनी हक की लड़ाई हमलोग खुद लड़ेंगे। सुप्रीम कोर्ट को बैकफुट पर जाना होगा, अगर ऐसा नहीं होता है तो हमलोग चरणबद्ध आंदोलन करेंगे। सरकार और सुप्रीम कोर्ट को अपना फैसला वापस लेना पड़ेगा, नहीं तो हमलोग दिल्ली तक विरोध प्रदर्शन करेंगे। बंद समर्थकों में चंदन कुमार, जिला परिषद सदस्य इंद्रदेव राम, बसपा के इंद्रदेव राजवंशी, नरेश चौधरी, उपेंद्र पासवान विनोद चौधरी, लोजपा के योगेंद्र पासवान, गौकरण पासवान, दिनेश चौधरी, रामस्वरूप दास, सातो मांझी, कपीलदेव पासवान के अलावा सैकड़ों लोग शामिल थे।

उत्पाद विभाग ने शराब के रैकेट का किया भंडाफोड़, 6 तस्कर गिरफ्तार व 3 फरार

निज संवाददाता | रजौली (नवादा)

अनुमंडल क्षेत्र के फतेहपुर - अकबरपुर रोड से उत्पाद एएसआई अजय कुमार सिंह एवं एएसआई अर्चना सिन्हा ने एक टाटा पंच नामक लग्जरी कार से पांच कार्टून बियर और विदेशी शराब के साथ पांच शराब तस्करों को गिरफ्तार किया। वहीं गिरफ्तार लोगों के निशानदेही पर नवादा के वीआईपी कॉलोनी के एक घर से लग्जरी कार से शराब अनलोड में जुटे एक तस्कर को गिरफ्तार किया, जबकि तीन शराब तस्कर भागने में सफल रहे।इस दौरान घर एवं लग्जरी कार से भारी मात्रा में बियर और विदेशी शराब बरामद किया गया। उत्पाद विभाग द्वारा शराब के रैकेट का भंडाफोड़ किए जाने से पूरे जिले में हड़कंप मच गया है। उत्पाद अधीक्षक अरुण कुमार मिश्र ने बताया कि कोडरमा से नवादा शराब की खेंप को लेकर गुप्त सूचना मिली। सूचना के सत्यापन एवं आवश्यक कानूनी कार्रवाई को लेकर उत्पाद बलों की एक विशेष टीम का गठन किया गया। गठित टीम का नेतृत्व एएसआई अजय कुमार सिंह एवं एएसआई अर्चना सिन्हा ने किया। टीम में उत्पाद सिपाही रानी कुमारी एवं तीन सैप जवान भी मौजूद थे। टीम ने अकबरपुर रोड पर नाकेबंदी कर टाटा पंच संख्या बीआर 27टी 8254 की तलाशी कर पांच कार्टून बियर और विदेशी शराब जब्त किया। साथ ही कार में सवार पांच शराब तस्करों की गिरफ्तारी भी की गई। गिरफ्तार शराब तस्करों में झारखंड के कोडरमा जिले के सतगामा थाना क्षेत्र के पोखरडीह गांव निवासी वीरेंद्र प्रसाद यादव के पुत्र श्याम सुंदर कुमार व मरचोई गांव निवासी रामाशीष सिंह के पुत्र मोहित कुमार, नवादा जिले के नगर थाना क्षेत्र के नवीन नगर निवासी लक्ष्मी सिंह के पुत्र राहुल कुमार, गोविंदपुर थाना क्षेत्र के बिशुनपुर गांव निवासी विजय प्रसाद यादव के पुत्र राहुल कुमार उर्फ केसरिया एवं स्व संजय सिंह के पुत्र ऋतिक कुमार उर्फ नानू है। टाटा पंच में शराब के साथ गिरफ्तार शराब तस्करों ने बताया कि वे कोडरमा से शराब लेजाकर नवादा के एक रूम में रखा जाता है और फिर वहां से शराब को बेचा जाता है। साथ ही बताया कि उनका दूसरा खेंप टाटा टर्बो संख्या बीआर 01पीए8773 से नवादा लाई जा रही है। उत्पाद बलों ने गाड़ी के लोकेशन के आधार पर अत्यधिक परिश्रम किया, किंतु दूसरे वाहन पर शराब तस्करों को इसकी भनक लग गई थी और वे लोग शराब को अनलोड करने वीआईपी कॉलोनी के घर पहुंच गए। वहीं उत्पाद बल भी गिरफ्तार शराब तस्करों की निशानदेही पर वीआईपी कॉलोनी नामक मोहल्ले में छापेमारी करने पहुंची। उत्पाद बलों की टीम को देखते ही चार लोग भागने लगे। भागने वाले लोगों को काफी दूर तक खदेड़ा गया, किंतु एक तस्कर ही पकड़ में आ सका। गिरफ्तार शराब तस्कर की पहचान नवादा के न्यू एरिया निवासी श्रवण कुमार के पुत्र शुभम कुमार के रूप में हुई है। साथ ही कार एवं घर के एक कमरे से कुल 22 कार्टून बियर और विदेशी शराब बरामद किया गया। वहीं भागने वाले शराब तस्करों में कोडरमा जिले के मरचोई गांव निवासी सौरभ कुमार उर्फ टान सिंह,नवादा के प्रिंस कुमार एवं चालक पिंटू कुमार है। उत्पाद अधीक्षक अरुण कुमार मिश्र ने बताया कि दोनों कारों एवं घर से 454 केन बोतलों में बंद 227 लीटर बियर एवं सैकड़ों बोतलों में बंद 124.875 लीटर विदेशी शराब जब्त किया गया है। साथ ही बताया कि जब्त शराब, बियर और कार के अलावे गिरफ्तार एवं फरार शराब तस्करों के विरुद्ध प्राथमिकी दर्ज कर ली गई है। गिरफ्तार शराब तस्करों को न्यायिक हिरासत में जेल भेज दिया गया है। वहीं फरार शराब तस्करों की टोह में उत्पाद बल अग्रतर कार्रवाई में जुटी हुई है।

उपेंद्र बने राज्यसभा सदस्य का एनडीए प्रत्याशी भाजपा नेता दिया बधाई

पकरीबरावां (नवादा) (नि.सं.)। बिहार में राज्यसभा सदस्य के लिए दो सीटों पर होने वाले चुनाव को लेकर एनडीए की ओर से प्रत्याशी का घोषणा कर दी गई जिसके लिए ऑल इंडिया वार काउंसिल के पूर्व चेयरमैन सह सुप्रीम कोर्ट का वरिष्ठ एडवोकेट मनन कुमार मिश्रा को भाजपा का सिंबल पर राज्यसभा सांसद सदस्य का प्रत्याशी बनाया गया वहीं रालो सपा प्रमुख उपेंद्र कुशवाहा को प्रत्याशी बनाए जाने से एनडीए के कार्यकर्ताओं में उत्साह देखी जा रही है। इन्हें एनडीए की प्रत्याशी बनाए जाने पर भाजपा के वरिष्ठ नेता नवादा निवासी समरजीत कुमार एवं अरविंद कुमार साही तथा सुधीर शर्मा ने एनडीए के शीर्ष नेताओ का आभार व्यक्त करते हुए एनडीए प्रत्याशी को बधाई व शुभकामना दिया।

नरहट में भी रहा भारत बंद का असर

निज संवाददाता | नरहट (नवादा)

सुप्रीम कोर्ट द्वारा एससी एसटी आरक्षण में वर्गीकरण के आदेश को वापस लेने के मामलों को लेकर भारत बंद का नरहट प्रखण्ड में भी असर देखने को मिला। सड़क पर वाहनों का परिचालन बहुत कम देखने को मिला। बाजार में सन्नाटा पसरा रहा। दुकाने खुली थी पर ग्राहकों की संख्या बहुत कम थी। भीम आर्मी के नरहट प्रखण्ड अध्यक्ष राजेश कुमार के नेतृत्व में सैकड़ों बंद समर्थको ने नरहट चांदनी चौक के पास जाम कर विरोध प्रदर्शन किया। अध्यक्ष ने बताया कि सर्वोच्च न्यायालय के 1 अगस्त 2024 के आरक्षण के वर्गीकरण फैसले के आदेश को वापस लेने के लिए संपूर्ण भारत बंद का ऐलान किया गया था इसके तहत नरहट में भी आजाद समाज पार्टी एवं समता मूलक संगम दल सभी क्षेत्रीय संगठनों ने बढ़ चढ़कर आंदोलन में सफल बनाने के लिए भाग लिया। बंद के दौरान इमरजेंसी सेवाएं जैसे एंबुलेंस सरकारी वाहन बहाल रखा गया। इस आंदोलन में विरोध प्रदर्शन में विनोद कुमार दास, जितेंद्र दास, रवि शंकर भारती, धर्मेंद्र कुमार, सुधीर कुमार बाला, गोलू कुमार इत्यादि सैकड़ों कार्यकर्ता शामिल थे।

भारत बंद को लेकर नारदीगंज चौक पर लोगों ने किया सड़क जाम

नारदीगंज (नवादा) (नि.सं.)। वर्गीकृत आरक्षण के खिलाफ नारदीगंज प्रखण्ड के अनुसूचित जाति व अनुसूचित जनजाति समुदाय के लोगों ने बुधवार को नारदीगंज चौक पर सड़क जाम किया। तकरीबन दोपहर तक सड़क जाम रहा। इस मौके पर भारत बंद के समर्थन में नारदीगंज बाजार की अधिकांश दुकानें बंद रही। सड़कों पर वाहनों का परिचालन ठप्प रहा। मौके पर विनोद शम्भु समेत अन्य सामाजिक कार्यकर्ताओं ने शामिल होकर भारत बंद का समर्थन किया।

मेघीपुर में घरों के चारो ओर जल जमाव, ग्रामीण परेशान

निज संवाददाता | पकरीबरावां (नवादा)

पकरीबरावां थाना क्षेत्र अंतर्गत मेघीपुर गावं में कुछ लोगों द्वारा जल निकासी के रास्ते में मिट्टी डालकर इसे बंद कर देने एवं शिकायत के बावजूद अधिकारियों द्वारा इस पर पहल नहीं किए जाने से आक्रोशित मेघीपुर के ग्रामीणों ने मंगलवार को नवादा- जमुई स्टेट हाईवे पर गांव के समीप ही जाम कर आवागमन बाधित कर दिया। ग्रामीणों का कहना था कि जबतक जल निकासी की व्यवस्था नहीं की जाती, तब तक सड़क जाम रखा जाएगा। सड़क जाम होते ही दोनों ओर वाहनों की लंबी कतार लग गई। जाम की सूचना मिलते ही पकरीबरावां पुलिस एवं प्रखंड के अधिकारी एक्टिव हुए। इस बीच जाम स्थल पर पहुंचकर ग्रामीणों को समझाया। ग्रामीणों ने बताया कि एक तरफ रोहुआ आहर से बड़ी मात्रा में पानी छोड़ा गया है। वहीं, दूसरी ओर ग्रामीण द्वारा ही जल निकासी क्षेत्र का अतिक्रमण कर उसे बंद कर दिया गया है। नतीजा पानी घरों के चारों ओर जमा हो गया है। कुछ ही समय में ये घरों में प्रवेश करना शुरू हो जाएगा और लोगों को काफी नुकसान उठाना पड़ेगा। ग्रामीणों की समस्या सुनकर अधिकारियों ने इसके निदान का भरोसा दिलाया। तब जाकर ग्रामीण माने। इस तरह करीब दो घंटे बाद नवादा- जमुई पथ पर आवागमन बहाल हुआ। थानाध्यक्ष अजय कुमार ने विशेष पहल करते हुए जेसीबी भेजकर जल निकासी के रास्ते को साफ करवाया। जल निकासी के बाद ग्रामीणों ने राहत की सांस ली। बता दें कि बीते कई दिनों में हुई अच्छी बारिश के बाद गांव के आहर एवं पोखर में जल स्टोर हो गया था। कुछ लोग अपना खेत बचाने के लिए आहर के जल को बहा दिए। नतीजा गांव के आसपास जल जमाव हो गया। मेघीपुर में यह समस्या कई दिनों से बनीं थी।

खबर पर एसीएस सिद्धार्थ ने लिया संज्ञान

नवादा (नि.सं.)। जिला प्रशासन द्वारा सोशल मीडिया व अखबारों में छपी खबर पर भले ही संज्ञान न लिया जाय लेकिन एसीएस सिद्धार्थ ने भैया जी की खबर को काफी गंभीरता से लिया। उन्होंने समाहर्ता से मामले की जांच कर त्वरित प्रतिवेदन की मांग कर दी। मामला गोविन्दपुर प्रखंड उत्क्रमित मध्य विद्यालय खखन्दुआ के शिक्षकों से बीईओ दिगम्बर ठाकुर द्वारा अबैध वसूली का था। एसीएस सिद्धार्थ ने खबर पर संज्ञान लिया तथा उन्होंने डीएम से अविलम्ब जांच प्रतिवेदन की मांग कर दी। उन्होंने जांच की जिम्मेदारी एडीएम को सौंपी तो उन्होंने स्वयं जांच न कर बीडीओ को भेज दिया। आदेश की अवहेलना हुई तो डीएम भड़क गए और उन्होंने अधिकारियों की सभा में जमकर खरी खोटी सुनायी। बीडीओ द्वारा जांच प्रतिवेदन में क्या दिया गया गोपनीयता का हवाला देकर अधिकारी बताने से इंकार कर रहे हैं, लेकिन शिक्षकों ने उनके भ्रष्टाचार की लिखित शिकायत बीडीओ से की है। बहरहाल आगे क्या कार्रवाई होती है इस पर नजर बरकरार है।

सरकारी योजनाओं के क्रियान्वयन में बैंकों की भूमिका अहम : बीडीओ

निज संवाददाता | रजौली (नवादा)

प्रखंड कार्यालय परिसर में मंगलवार को ब्लॉक लेवल बैंकर्स कमिटी की बैठक बीडीओ संजीव झा एवं एलडीएम संजीव कुमार दास के नेतृत्व में किया गया। इस दौरान स्टेट बैंक ऑफ इंडिया के मैनेजर रंजीत कुमार भी मौजूद रहे। बैठक में प्रखंड क्षेत्र में प्रधानमंत्री जीवन ज्योति बीमा योजना से अधिक से अधिक लोगों को जोड़ने, एनपीए को कम करने, सामाजिक सुरक्षा पेंशन योजना आदि मुद्दों पर चर्चा किया गया। बीडीओ ने कहा कि सरकारी योजनाओं और लाभों को आम लोगों से लाभान्वित करने की दिशा में बैंकों की अहम भूमिका होती है। उन्होंने कहा कि प्रखंड क्षेत्र के सरकारी स्कूलों में अध्ययनरत छात्र-छात्राओं के खाते को आधार से जोड़ें। ताकि बच्चे सरकारी लाभ से वंचित ना हो। साथ ही सरकार के जनकल्याणकारी योजनाओं के लाभुकों को बैंक में हो रहे परेशानियों को दूर करने की बात कही गई। साथ ही बैंकों को समय में केसीसी से संबंधित समस्या को निष्पादित करते हुए अधिक से अधिक केसीसी ऋण स्वीकृत करने हेतु कहा गया। वहीं एलडीएम ने केसीसी एवं स्वयं सहायता समूह के लाभार्थियों को बैंक द्वारा कृषि संबंधित ऋण की विशेष जानकारियों से अवगत कराया। साथ ही उन्होंने खाता धारकों को प्रधानमंत्री जीवन ज्योति बीमा एवं प्रधानमंत्री सुरक्षा बीमा योजना के फायदे बताये और योजना से जुड़ने के लिए सभी को प्रेरित किया। इस मौके पर पंजाब नेशनल बैंक एवं दक्षिण बिहार ग्रामीण बैंक के मैनेजर भी मौजूद रहे।

पांच दिनों से ट्रांसफार्मर है जला, पेयजल संकट

निज संवाददाता | नारदीगंज (नवादा)

प्रखंड के बस्ती बिगहा गांव में बीते पांच दिनों से ट्रांसफार्मर जला हुआ है। जिससे जहां लोगों को बिजली आपूर्ति ठप्प है,वही पेयजल संकट की गंभीर हालत बनी हुई है। यह गांव ओड़ो पंचायत के वार्ड 12 में है।ग्रामीण सियाशरण महतो, महेश कुशवाहा, बाबुशरण कुशवाहा, शत्रुघ्न प्रसाद, कपिल प्रसाद, गंगा शरण कुशवाहा समेत अन्य ग्रामीण कहते हैं कि पिछले पांच दिनों से ट्रांसफार्मर जला हुआ है। यह ट्रांसफार्मर बस्ती बिगहा बाजार से ओड़ो गांव जाने वाली सड़क मार्ग में मिथिलेश कुमार कुशवाहा का घर के निकट लगा हुआ है। इस ट्रांसफार्मर से तकरीबन 70 से 80 घर लाभान्वित हो रहे थे, बिजली आपूर्ति बाधित रहने से सभी बिजली संचालित उपकरण शोभा की वस्तु बनी हुई है, वही इसी से समरसेबल चल रहा था, लेकिन बिजली के अभाव में समरसेबल चलना बंद रहने से ग्रामीणों के समक्ष पानी के लिए त्राहिमाम मचा हुआ है। पहाड़ी चापाकल भी शोभा की वस्तु बनकर रह गया है। ऐसे ग्रामीण के साथ मवेशियों को भी पानी संकट से जूझना पड़ रहा है। बिजली विभाग के अधिकारी को ट्रांसफार्मर जला होने की सूचना दी गई, वावजूद उन्होंने ध्यान नहीं दिया। सबसे बड़ी बात यह है कि इस वार्ड को सात निश्चय योजना के तहत नलजल से भी नहीं जोड़ा गया है। ऐसे में ग्रामीणों को जलसंकट की विकराल हालत बनी हुई है। ग्रामीणों ने ट्रांसफार्मर की मरम्मती के साथ तत्काल पेयजल संकट दूर करने की मांग डीएम से किया है। इस सम्बंध में बिजली विभाग के जेई नवीन कुमार सिंह के मोबाइल नंबर पर मंगलवार को सम्पर्क किया तो उन्होंने कॉल रिसीव नहीं कर सके।

वाल्मीकिनगर में इको-फ्रेंडली अंदाज में मनाया गया बेटी का जन्मदिवस

निज सवाददाता | बेतिया (वाल्मीकिनगर)

थाना क्षेत्र के ई. टाईप कॉलोनी में रक्षाबंधन की देर रात इको फ्रेंडली जन्मोत्सव धूमधाम के साथ मनाया गया। प्रथम सुपुत्री सुधि स्वरा सिंह का प्रथम जन्मदिवस कार्यक्रम चर्चा का विषय बना हुआ है। बाल्मीकि नगर की बेटी स्वरांजलि सरगम दक्षिण भारत से अपने पतिदेव के साथ मायके पहुंचकर प्रथम जन्म दिवस को इको फ्रेंडली तरीके से मनाई। बेटे का जन्मदिन तो अक्सर लोग भव्य तरीके से मनाते हैं, लेकिन बेटी के जन्मदिवस को कुछ लोग ही खास और यादगार बनाते हैं। बेंगलुरु में पदस्थापित सीनियर टीटीई सुधीर कुमार ने कहा कि बेटियां बेटों से जरा भी कम नहीं होती। प्रथम सुपुत्री के जन्मदिवस के मौके पर दरिद्र नारायण भोज और पौधों का वितरण भी किया जा रहा है। साथ-साथ सार्वजनिक जगहों पर भी पौधे लगाए जाएंगे। एडिटर स्वरांजलि सरगम ने कहा कि ग्लोबल वार्मिंग से बचने के लिए पौधारोपण जरूरी है। मुख्य अतिथि ग्राम पंचायत राज जीमरी नौतनवा के मुखिया खूब लाल बड़घड़िया, विशिष्ट अतिथि निर्माता एचेल थारू, अंजू देवी, स्वरांजलि सरगम, हरिद्वार प्रसाद, सत्येंद्र सिंह, सुमन देवी, शिवचंद्र शर्मा आदि ने संयुक्त रूप से सभी अतिथियों को पौधा प्रदान किया। इस मौके पर समाजसेवी संगीत आनंद ने कहा कि इस इको फ्रेंडली कार्यक्रम में स्वरांजलि सेवा संस्थान की भी महत्वपूर्ण भूमिका है। जदयू के प्रखंड अध्यक्ष बृजेश शर्मा उर्फ लड्डू शर्मा, दिनेश गुप्ता, गायक नंद महतो, शिव चंद्र शर्मा, कामेश्वर श्रीवास्तव, दिनेश पटवारी, सीताराम शर्मा, आदि मौजूद थे। मोहम्मद मैनुद्दीन ने बताया कि उपहार स्वरूप औषधीय गुण वाले पौधे पाकर मैं प्रफुल्लित और आनंदित हूं।

बढ़ती जनसंख्या को रोकने के लिए लड़कियों को शिक्षित होना जरूरी

नारदीगंज (नवादा)(नि.सं.)। नारदीगंज पंचायत के वार्ड 13 में स्थित पड़रिया मुसहरी में जागरूकता कार्यक्रम हुआ। सरपंच प्रवेश रविदास ने बुधवार को जागरुकता कार्यक्रम चलाया। इस मौके पर बच्चों ने नारे लगाते हुए कहा आधी रोटी खायेंगे, फिर भी स्कूल जाएंगे। छोटा परिवार, सुखी परिवार। शिक्षा के बिना समाज का विकास अधूरा है समेत अन्य नारे को बुलंद कर लोगों को जागरूक किया। इस दौरान सरपंच ने कहा शिक्षित बच्चियां ही समाज में परिवर्तन ला सकती है, बच्चियों को शिक्षित करके ही बढ़ती जनसंख्या को रोका जा सकता है। बच्चे देश का भविष्य हैं। इसलिए सभी लोग अपने अपने बच्चों को पढ़ने के लिए स्कूल जरूर भेजें, ताकि शिक्षित होकर समाज के विकास में योगदान दे सके। मौके पर पूर्व वार्ड सदस्य तुलसी मांझी, अजय पासवान, पंच हरखित पासवान समेत अन्य रहे।

बिहार सरकार
योजना एवं विकास विभाग
कार्यपालक अभियंता का कार्यालय
स्थानीय क्षेत्र अभियंत्रण संगठन, कार्य प्रमंडल, औरंगाबाद
निविदा आमंत्रण सूचना संख्या – 03 (SBD)/2024–25
(केवल ई–टेन्डर पद्धति के अनुसार वेबसाईट www.eproc2.bihar.gov.in पर)
शुद्धि–पत्र
एतद द्वारा सूचित किया जाता है कि इस कार्यालय के पत्रांक 956 दिनांक 20.07.2024 द्वारा आमंत्रित निविदा आमंत्रण सूचना सं0– 03 (SBD)/2024–25 जिसका Pr. N0. 004555 (Planning) 2024-25 जो दिनांक 26.07.2024 को दैनिक समाचार पत्रों में प्रकाशित हुआ है, में अपरिहार्य कारणों से उक्त निविदा के ग्रुप सं0–02 को स्थगित किया जाता है।
शेष शर्त्ते एवं निविदा पूर्ववत् रहेगी।
कार्यपालक अभियंता
स्थानीय क्षेत्र अभियंत्रण संगठन
कार्य प्रमंडल, औरंगाबाद
PR. No.006554(Planning) 2024-25
नशामुक्त हो जाए बिहार, सुरक्षित रहे घर परिवार।

बिहार सरकार
कार्यपालक अभियंता का कार्यालय
लोक स्वास्थ्य प्रमंडल, औरंगाबाद
कार्यालय आदेश संख्या–138
एतद द्वारा सूचित करना है कि लोक स्वास्थ्य प्रमंडल, औरंगाबाद अन्तर्गत आमंत्रित पुनः निविदा सूचना संख्या–05/2024-25 (SBF), PR No- 003933 (PHED) 2024-25 एवं पुनः निविदा सूचना संख्या–06/ 2024-25 (SBNQ), PR No-003931 (PHED) 2024-25 से आमंत्रित निविदा दैनिक समाचार पत्र में दिनांक–17.07.2024, को प्रकाशित किया गया था, उक्त निविदा को संयुक्त रूप से शुद्धि पत्र इस कार्यालय का आदेश संख्या–132, दिनांक–25.07.2024, PR No-004906 (PHED) 2024-25, दिनांक–31.07.2024 को प्रकाशित किया गया है, जिसे NIT के Clause No-29 के आलोक में अपरिहार्य कारणवश निरस्त किया जाता है।
कार्यपालक अभियंता,
लोक स्वास्थ्य प्रमंडल, औरंगाबाद
PR. No. 006292 (PHED) 2024-25
नशे की मार, बर्बाद करे सुखी परिवार।

पूर्व मध्य रेल
खुली ई-निविदा सूचना
भारत के राष्ट्रपति की ओर से मंडल रेल प्रबंधक, दानापुर निम्नलिखित कार्यों के लिए मान्यता प्राप्त अनुभवी एवं वित्तीय रूप से सक्षम ठेकेदारों से एवं रेल, सिंचाई, सी0पी0डबलु0डी0, एम0ई0एस0 अथवा अन्य लोक उपक्रम में रजिस्टर्ड अथवा कार्यरत ठेकेदारों से ऑन–लाईन (ई–निविदा) आमंत्रित करते हैं: निविदा सूचना संख्याः गतिशक्ति/ई–टेन्डर/09/ओपन/दानापुर/2024–25, (1) कार्य के नाम, लोकेशन के साथः चौसा–दिल्ली छोर में क्रॉस ओभर सं0 56 एवी को स्थानांतरित करने के लिए सीएसआर 750 मी0 वाली डाउन मेन लाईन के विस्तार का प्रावधान और दिल्ली छोर में प्वांट सं0 55 एवी को स्थानांतरित करने के लिए सीएसआर 750 मी0 वाली डाउन लूप लाईन के विस्तार का विस्तार। (2) अनुमानित निविदा राशिः रू. 1,71,36,573.68/– (3) बयाना की राशिः रू.2,35,700/– (4) कार्य के नाम, लोकेशन के साथः दानापुर मंडल के गतिशिक्त इकाई के अंतर्गत एस के भी पद्वति के द्वारा रेल जोडो की वेल्डिंग के पोर्सन की आपूर्ति एवं पर्यवेक्षण। (5) अनुमानित निविदा राशिः रू. 24,35,490.90/– (6) बयाना की राशिः रू. 48,700/– (7) निविदा कागजात जमा करने की एवं निविदा खुलने की तिथि एवं समयः निविदा ऑन लाइन www.ireps.gov.in पर प्रस्तुत की जानी है। निविदाताओं द्वारा निर्धारित तिथि 11.09.2024 को 12:00 बजे तक निविदा प्रस्तुत कर दिया जाय एवं उसी दिन निविदाताओं के समक्ष निर्धारित तिथि को 12:00 बजे के बाद निविदा खोली जायेगी। (8) वेव साइट नाम एवं निविदा संबंधी सूचनाः 1. निविदा सूचना पात्रता मान दंड तथा निविदा प्रलेख क्रिस के वेव साईट CRIS website: http://www.ireps.gov.in पर देखा जा सकता है, एवं सूचना की पूर्ण जानकारी के लिये कार्यालय के नोटिस बोर्ड में देखें। उपरोक्त निविदा से सबंधित यदि कोई भी संशोधन/परिवर्तन किया जाता है तो, इसकी सूचना समाचार पत्रों में प्रकाशित नही किया जायेगा, बल्कि वेव–साईट पर अपलोड कर दिया जायेगा। 2. विवाद की स्थिति में हिन्दी एवं अंग्रेजी में दी गई सूचना में किसी प्रकार की भिन्नता पाये जाने पर आई.आर.ई.पी.एस. पोर्टल में प्रकाशित सूचना मान्य होगा। 3. संषोधनों के लिए वेब साइट देखने और तदनुसार अपनी निविदा प्रस्तुत करने के लिए निविदाकारों की जिम्मेदारी है।
वरीय मंडल अभियंता (गतिशक्ति)
पूर्व मध्य रेल, दानापुर
पीआर/00934/डीएनआरजीएस/ईएनजीजी/टी/24–25/52

संक्षिप्त समाचार

आरा केंद्रीय विद्यालय को दो शिफ्ट में संचालित के लिए डीएम ने अनुशंसा

आरा। आर केंद्रीय विद्यालय को दो शिफ्ट में संचालित करने के लिए भोजपुर डीएम ने केंद्रीय विद्यालय संगठन के उपायुक्त को पत्र लिखा है। विद्यालय को दो शिफ्ट में संचालित करने की मांग की है। केंद्रीय विद्यालय के प्राचार्य ने बताया कि अभी वर्तमान में केंद्रीय विद्यालय, आरा एक शिफ्ट में संचालित है। सुबह 7:30 से 1:30 बजे तक यानी 6 घंटे विद्यालय संचालित होता है। भोजपुर जिले में एक ही केंद्रीय विद्यालय है। जबकि यहां की आबादी काफी घनी है। काफी संख्या में आर्मी एवं पैरामिलिट्री फोर्स के कर्मी आरा में रहते है। ऐसी स्थिति में प्रतिवर्ष बड़ी संख्या में अभ्यर्थी नामांकन से वंचित हो जाते हैं। भोजपुर डीएम ने विगत 3 वर्ष के आंकड़े का अध्ययन किया कि प्रतिवर्ष कितने अभ्यर्थी नामांकन से वंचित हो रहे हैं। इसके बाद ऐसी योजना बनाई गई है कि विद्यालय को सुबह 7:00 से 12:30 बजे तक एवं 12:30 से शाम 6:10 बजे तक दो पाली में संचालित किया जाए। दो शिफ्ट में विद्यालय संचालित होने पर सभी वर्ग में नामांकन संचालित होगा। पटना सहित कई जिले में केंद्रीय विद्यालय दो शिफ्ट में संचालित हो रहा है।

टीचर्स ट्रेनिंग कॉलेज में दिया गया प्रमाण पत्र

कोईलवर। मध्य विद्यालय बालक, कुल्हाड़ियां में प्रमाण पत्र वितरण सह विदाई समारोह हुआ। धरीक्षण सिंह टीचर्स ट्रेनिंग कॉलेज, कुल्हाड़ियां के छात्राध्यापकों को पाठ योजना में सहभागिता के आधार पर विद्यालय के प्राचार्य राजू प्रसाद सिंह की अध्यक्षता में कार्यक्रम में प्रमाण पत्र दिया गया। प्राचार्य राजू प्रसाद सिंह ने कहा कि ईश्वर की अमोघ आशीष से आप सभी का भविष्य उज्ज्वल हो।आप सभी राष्ट्रनिर्माता के कर्तव्यों को निश्चित रूप से अपना सहयोग आजीवन देंगे। अंजू कुमारी को बेस्ट छात्राध्यापिका पुरस्कार से सम्मानित किया गया। प्राचार्य राजू प्रसाद सिंह व बृजनंदन सिंह को विशेष सम्मान भेंट किया गया। बुद्धिजीवी मंच के साहित्यकार डॉ.राजेन्द्र प्रसाद ने विद्यालय परिवार एवं छात्राध्यापकों को इस बौद्धिक कार्य के लिए अपनी शुभकामना संदेश दिया।

कोईलवर नपं में एक भी शौचालय नहीं

कोईलवर। नगर पंचायत कोईलवर का गठन वर्ष 2007 में हुआ था। इसका गठन हुए लगभग डेढ़ दशक बीत चुका है। लेकिन अभी तक पूरे नगर पंचायत क्षेत्र में सार्वजनिक उपयोग के लिए कहीं भी सार्वजनिक सुलभ शौचालय नहीं है। नगर पंचायत कार्यालय ने कहीं इसका निर्माण भी नहीं कराया है। कोईलवर के नागरिकों की मांग बढ़ने पर करीब छः वर्ष पहले करीब दस चलंत शौचालय लगाया गया था। लेकिन समुचित रख-रखाव नहीं होने और उचित प्रबंध नहीं होने के कारण सबकी स्थिति कबाड़ जैसी हो गई है। जिस कारण महिलाओं, फुटपाथी दुकानदारों, ग्राहकों, यात्रियों व अन्य लोगों को बहुत परेशानी होती है। इस हालत में लोग व्यंग्य में कहते है; किसी दिन चलंत शौचालयों को किलो के भाव बेचना पड़ सकता है। जबकि कोईलवर नगर पंचायत कार्यालय यहां के मकान मालिकों और दुकानदारों से टैक्स लेता है। गाड़ी चालकों से टैक्स लिया जाता है। सार्वजनिक स्थलों पर शौचालय, यूरिनल, प्रसाधन केंद्र व फीडिंग- रूम बनाने का सुप्रीम कोर्ट का निर्देश भी है। समुचित रखरखाव और प्रबंधन नहीं होने के कारण सभी चलंत शौचालय कबाड़ की तरह लावारिस खड़े कर दिए गए हैं। दो नगर पंचायत कार्यालय के पास पड़ा हुआ है। एक गोरया घाट पर, 14 नंबर वार्ड में दो और एक प्रखंड सह अंचल कार्यालय में पड़ा हुआ है। उपयोग लायक नहीं चलंत शौचालय चलंत शौचालय उपयोग लायक नहीं रह गए हैं। इसकी खरीद और गुणवत्ता पर पहले भी सवाल उठते रहे हैं। इन चलंत शौचालयों पर चढ़ने के लिए ना सीढ़ी बनायी गयी है। ना ही उपयोग करने वाले लोगों को हाथ व शौचालय को धोने के लिए पानी की टंकी की व्यवस्था है। उपयोग में नहीं लाए जाने व देखरेख के अभाव के चलते शौचालय की स्थिति जर्जर हो गयी है।

मझौंवा में डूबे छात्रों के परिवार के लिए मुआवजा मांगा

आरा। कुछ दिन पहले मझौंवा हवाई अड्डे के पास भर के पानी से भरे गड्ढे में डूबने से तीन छात्रों की मौत के सिलसिले में भारतीय जनता युवा मोर्चा के पूर्व राष्ट्रीय कार्यसमिति सदस्य आनंद रमन उर्फ रमन सिंह ने जिलाधिकारी राजकुमार से भेंट किया। इस दौरान जिलाधिकारी से मृत छात्रों के परिवारों को मुआवजा दिलाने के मुद्दे पर बातचीत किया। आरा के केंद्रीय विद्यालय को दो शिफ्ट में संचालन के लिए ज्ञापन भी सौंपा। प्रेस बयान में रमन ने कहा कि एनडीए की सरकार बिहार में डबल इंजन की सरकार है। इस सरकार में जनता से जुड़ी हर समस्या को समाधान करने का प्रयासरत रहूंगा। पीड़ित परिवारों में बासुकीनाथ पांडेय, समरेंद्र सिंह व अरविंद कुमार शुक्ल हैं।

हर वर्ष बरसात में रास्ता हो जाता है जर्जर, अधिकारी की लापरवाही

गड़हनी। प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र, गड़हनी के रास्ते मे करीब एक माह से पानी भरा हुआ है। पानी भरने से प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र आने-जाने वाले मरीजों को काफी परेशानी हो रही है। लेकिन इसकी सुधि कोई अधिकारी नहीं ले रह हैं। जबकि इस रास्ते से होकर ही प्रखण्ड संसाधन केंद्र में शिक्षा पदाधिकारी व शिक्षक जाते-आते है। पीएचईडी की पानी टंकी व एसएफसी गोदाम भी इसी रास्ते मे है। पानी इस कदर भरा है कि रास्ता कही दिखता तक नहीं। बिल्कुल रास्ता तालाब बन चुका है। बाइक से जाने वाले को भी बहुत खतरा है। कब पानी मे गिर जाएगा, कोई ठीक नही। यह पानी क़रीब एक माह से भरा है। जुलाई माह के शुरुआत में जब बारिश हुई थी, उस समय से पानी भरा है। रास्ता बिल्कुल तालाब में तब्दील हो चुका है। प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र के डॉक्टर अपनी कार से चले जाते हैं। लेकिन क्षेत्र से आने वाले मरीज को क्या दशा होगी, ये कोई नहीं समझता है। वही पीएचसी प्रभारी डॉक्टर सुनील महेन्द्र कपूर ने कहा कि मैं इस संबंध में नगर पंचायत के कार्यपालक पदाधिकारी व भोजपुर सीएस को एक माह पहले आवेदन दिया था। लेकिन एक माह बीत गया, कोई पहल नहीं की गई।

बच्चों के जन्म प्रमाण-पत्र बनवाने के लिए 4 लोगों के हस्ताक्षर जरूरी

बक्सर। अब जिले के सरकारी स्कूलों में बच्चों का दाखिला कराने के लिए आधार कार्ड जरूरी हो गया है। लेकिन जिले के अधिकांश अभिभावक जो गरीब परिवार से आते हैं वह आधार कार्ड बनवाने में काफी परेशानी महसूस कर रहे हैं। विभागीय नियमों के कारण वे अधार कार्ड बनवाने से हिचकिचा रहे हैं। बता दें कि आधार कार्ड बनवाने में जन्म प्रमाण पत्र जरूरी हो गया है। अब जन्म प्रमाण-पत्र बनवना टेढ़ी खीर हो गया है। पहले बच्चों का विशेष रूप से नवजात बच्चों का जन्म प्रमाण पत्र बनवाना आसान था। आंगनबाड़ी सेविका के यहां से जन्म प्रमाण-पत्र बन जाता था। लेकिन अब जन्म प्रमाण-पत्र बनवाने में लोगों को काफी कठिनाई हो रही है। दूसरी ओर सरकारी विद्यालयों में नामांकन कराने में आधार कार्ड को अनिवार्य कर दिया गया है। ताकि बच्चों का नाम ई शिक्षा कोष पोर्टल पर अपलोड किया जा सके व उसे सरकारी योजनाओं का लाभ मिल सके। इस व्यवस्था के कारण लोग अपने बच्चों का आधार कार्ड बनवाने के लिए अब कार्यालयों का चक्कर लगा रहे हैं। 10 वर्ष से ऊपर का है तो स्कूल से भी करना होगा सत्यापन नए नियमों के अनुसार आपके बच्चों का यदि जन्म प्रमाण पत्र बनवाना है तो पहले आपको अपने बच्चों के होने का प्रमाण देना होगा। आपके पड़ोसी के यहां जाना होगा तथा उनसे प्रमाणित करवाना होगा कि जिस बच्चे का आप जन्म प्रमाण पत्र बनवा रहे हैं वह आपका ही संतान है। ऐसे 4 लोगों को हस्ताक्षर करना होगा। इतना ही नहीं इसके अलावे आंगनबाड़ी सेविका, वार्ड सदस्य मुखिया तथा ग्रामीण चौकीदार से भी हस्ताक्षर करवाना होगा। यदि आपका बच्चा 10 वर्ष से ऊपर का है तो संबंधित विद्यालय से भी जन्मतिथि का सत्यापन करना होगा। इतना कागजात जुटाने के बाद अब आपको कोर्ट से ऑफडेविट भी कोरवानी होगी। इसके बाद आप फॉर्म प्रखंड मुख्यालय में फॉर्म जमा करेंगे। गरीब परिवार के लोगों को शपथ पत्र बनवाने आ रही परेशानी गरीब परिवार के लोगों को शपथ पत्र बनवाने में आने वाले खर्च के साथी आवागमन में खर्च करना पड़ता है।

पोखर में मिला मां-बेटी का शव, हत्या का आरोप

निज संवाददाता। आरा

♦ भोजपुर में 12 साल पहले हुई थी शादी, भाई बोला-ससुराल वाले करते थे प्रताड़ित

भोजपुर में तालाब से मां-बेटी का शव मिला है। महिला की 12 साल पहले शादी हुई थी। मंगलवार को मां-बेटी अपने घर से निकली थी। इनका बुधवार को तालाब से शव बरामद हुआ। मृतका के मायके वालों ने ससुराल वालों पर दहेज के लिए हत्या का आरोप लगाया है। मृतका के भाई ने कहा है कि उसे दहेज के लिए प्रताड़ित किया जाता था। मामला सहार थाना क्षेत्र के एकवारी गांव के उत्तरवारी टोला स्थित पोखर का है। शव के मिलने से गांव में आसपास के इलाके में दहशत फैल गई है। मृतका के मायके वालों ने उनके ससुराल वालों पर मां-बेटी की हत्या कर पोखर में फेंकने की बात कही है।

12 साल पहले हुई थी शादीः मृतकों की पहचान सहार थाना क्षेत्र के एकवारी गांव निवासी शिव नारायण सिंह की पत्नी सुमन देवी (26) और बेटी शिवानी कुमारी (9) के रूप में हुई है। इधर, मृतका के भाई रितेश यादव ने बताया कि उसने अपनी बहन सुमन देवी की शादी साल 2012 में जून के महीने में सहार थाना क्षेत्र के एकवारी गांव निवासी हरे कृष्णा सिंह के बेटे शिव नारायण सिंह से की थी। शादी के छह महीने बाद से ही उसके ससुराल वाले उसे मारपीट व प्रताड़ित करते थे। उन लोगों ने सोने की चेन की मांग की।

सोने के चेन के बाद हुई बाइक की डिमांडः सोने का चेन बनवा कर उन्हें दिया गया। कुछ दिन बाद वह बाइक की मांग करने लगे। इसके बाद मायके पक्ष ने कहा कि सही समय आने पर बाइक दे दिया जाएगा। हालांकि, इसके बाद बात खत्म हो गई थी। इसी बीच पति शिव नारायण सिंह सोमवार को राखी लेकर चौरी थाना क्षेत्र के भीकमपुर पत्नी के मायके आए थे, शाम में घर वापस लौटे थे। लौटने के बाद पत्नी से किसी बात को लेकर कहासुनी हुई।

जीजा पर बहन को पिटाई का आरोपः मृतका के भाई ने कहा कि जीजा ने बहन की पिटाई कर दी गई। उसी समय उसके बहन ने फोन कर इसकी सूचना उसे दी। सूचना पाकर वह अपने साले के साथ उनके घर पहुंचे और दोनों को समझा कर रात करीब दस बजे घर वापस लौट रहे थे। अभी वह बीच रास्ते में ही था, कि उसके जीजा ने फोन कर कहा गया कि तुम्हारी बहन और भांजी नारायणपुर थाना क्षेत्र के सेवर्था गांव चली आई है। जब वह घर जा रहे थे, तभी उन्हें सूचना मिली कि गांव के उत्तरवारी टोला स्थित पोखरा से उनकी बहन सुमन देवी व भांजी शिवानी का शव बरामद किया गया है।

पुलिस ने शवों को पोस्टमार्टम के लिए भेजाः पुलिस ने दोनों शव को अपने कब्जे में लेकर सदर अस्पताल में पोस्टमार्टम करवाया है। वहीं, दूसरी ओर मृतका के भाई रितेश यादव ने अपने जीजा शिव नारायण सिंह, उसके भाई विमलेश कुमार व सास पर मारपीट कर साक्ष्य छुपाने के उद्देश्य से अपनी बहन सुमन देवी व भांजी शिवानी कुमारी के शव को पोखरा में फेंकने का आरोप लगाया है। बहरहाल, पुलिस अपने स्तर से मामले की छानबीन कर रही है।

परिजनों का रो-रोकर बुरा हालः बताया जाता है कि मृतका सुमन देवी अपने दो भाई व बहन में बड़ी थी। जबकि उसकी बेटी शिवानी कुमारी अपने दो बहन व एक बहन में बड़ी थी। मृत बच्ची शिवानी कुमारी के परिवार में एक बहन भोली और एक भाई मीठू है। घटना के बाद मृतकों के घर में सभी सदस्यों का रो-रोकर बुरा हाल है।

रेलवे ट्रैक पर गिरने से महिला की मौत

निज संवाददाता। आरा

♦ आरा में बकरी को बचाने के दौरान गई जान, सिर में लगी थी गंभीर चोट

भोजपुर के पीरो थाना क्षेत्र के बचरी रेलवे क्रॉसिंग के समीप ट्रैक पर गिर जाने से बकरी चराने गई एक महिला की मौत हो गई। इलाज के दौरान उसने मंगलवार की रात दम तोड़ दिया। दरअसल, बकरी को बचाने में महिला की जान गई है। इनके सिर में गंभीर चोट लगी थी। जानकारी के अनुसार मृतका पीरो थाना क्षेत्र के बचरी गांव निवासी पारस नाथ राम की 40 वर्षीया पत्नी रीता देवी है। इधर, मृतका की गोतनी काजल देवी ने बताया कि मंगलवार की शाम करीब 3 बजे वह बकरी चराने के लिए रेलवे क्रॉसिंग के किनारे स्थित बधार में गई थी। बकरी रेलवे ट्रैक पर चली गई और इसी बीच ट्रेन आने लगी। ट्रेन को आते देख वह बकरी को बचाने गई। रेलवे ट्रैक पर गिर पड़ी और गिट्टी महिला के सिर में घुस गया। जिसके कारण वह गंभीर रूप से घायल हो गई। इसके बाद परिजन ने उसे इलाज के लिए पीरो अनु मंडलीय अस्पताल में भर्ती कराया। प्राथमिक उपचार के बाद उन्हें गंभीर हालत में आरा सदर अस्पताल लाया गया। जहां चिकित्सक ने देख मृत घोषित कर दिया। परिजन ने इसकी सूचना सदर अस्पताल में पदस्थापित पुलिस पदाधिकारी को दी। बताया जाता है कि मृतका की तीन बेटी मीरा देवी, करिश्मा देवी, कंचन कुमारी व दो बेटा सोनू कुमार और बिरजू कुमार है।

गंगा में उफान ने फिर से बढ़ाई लोगों की चिंता

नदी का जलस्तर फिर से 58.90 मीटर पहुंचा, हर घंटे बढ़ रहा पानी

निज संवाददाता। बक्सर

बक्सर में गंगा नदी का जलस्तर एक बार फिर बढ़कर चेतावनी बिंदू के पास पहुंचा हुआ है। केंद्रीय जल आयोग से बुधवार की सुबह 8 बजे मिली अपडेट के अनुसार नदी का जलस्तर 58.90 मीटर पर पहुंचा है। वहीं, नदी में जलस्तर बढ़ने की रफ्तार प्रति घंटे एक सेंटीमीटर बताया जा रहा है। गंगा में बढ़ रही जलस्तर को लेकर आपको बता दें कि अभी एक हफ्ते पहले नदी का जलस्तर खतरे के निशान के करीब पहुंचने के साथ ही घटने लगा था। जिसके बाद लोगों ने राहत की सांस ली थी।गंगा नदी का जलस्तर बढ़ने से सबसे ज्यादा परेशानी जिले के दियारा क्षेत्र के लोगों को उठानी पड़ती है। हालांकि जिला प्रशासन द्वारा लगातार नदी के जलस्तर पर नजर बनाए हुए है। बक्सर SDO द्वारा नदी का जलस्तर एक बार फिर बढ़ने की सूचना मिलने पर जिले के गोला घाट पर पहुंच निरीक्षण किया गया।

एसडीओ धीरेंद्र मिश्रा द्वारा बताया गया कि नदी का जलस्तर अभी चेतावनी बिंदू से नीचे है। इसलिए चिंता की कोई बात नहीं है। जिला प्रशासन संभावित बाढ़ क्षेत्र में अपनी राहत बचाव एसएनबी संबधित तैयारी की हुई है। वैसे गंगा नदी में नौका बिहार और लोगों को स्नान करने में सावधानी बरतने को लेकर कहा गया है। क्योंकि नदी का जलस्तर कुछ दिन पहले घटने से घाट की सीढ़ियों पर गाद जम गया है, जिससे पैर फिसलने की संभावना है। बक्सर में गंगा नदी का जलस्तर 8 अगस्त को तेजी से बढ़ते हुए चेतावनी बिंदू को पार कर गया था। 8 अगस्त को नदी का जलस्तर 59.33 के पास पहुंच गया था। वहीं 9 अगस्त को जलस्तर बढ़ते हुए खतरे 59.49 पर पहुंच खतरे के निशान के करीब पहुंच गया था। जिसके कारण बक्सर के दर्जनों घाट का एक दूसरे से संपर्क टूट गया था।

प्रसिद्ध रामरेखा घाट की सभी सीढ़ियां जल में समा गई। नदी का पानी विवाह मंडप में प्रवेश कर गया था। हालांकि 10 अगस्त को नदी का जलस्तर 59.49 पर स्थिर होने के बाद 11 अगस्त से घटना शुरू हो गया। जो 16 अगस्त तक घटते हुए 57.94 के पास जा पहुंचा। इसी बीच नदी का जलस्तर एक बार फिर तेजी से बढ़ने लगा है। बढ़ते जलस्तर को देखते हुए एक बार फिर से तटवर्तीय लोगों की माथे पर चिंता की लकीर देखा जा रहा है।

सड़क हादसे में बुजुर्ग की हुई मौत, भोजपुर में अस्पताल से लौटने के दौरान हादसा

निज संवाददाता। आरा

♦ मृतक के परिजनों में मचा कोहराम

भोजपुर के गड़हनी थाना क्षेत्र के अगिआंव मोड़ के समीप सोमवार को सड़क हादसा हुआ। इसमें एक बुजुर्ग की मौत हो गई है। इस दौरान ये अस्पताल से इलाज करवा कर लौट रहे थे। इनकी अगले दिन मंगलवार को पहचान हुई है। मृतक के परिजनों में कोहराम मच गया है। मृतक की पहचान चरपोखरी थाना क्षेत्र के बेरथ गांव निवासी स्व. जगरनाथ ठाकुर के 74 वर्षीय बेटा विराज ठाकुर के रूप में हुई है। बता दें कि गड़हनी थाना क्षेत्र के अगिआंव मोड़ के समीप सोमवार की सुबह एक वाहन ने बुजुर्ग को जोरदार टक्कर मार दी थी। जिसके बाद स्थानीय लोगों ने इसकी सूचना डायल-112 नंबर पुलिस वाहन को दी।

पुलिस ने घायल को पहुंचाया था अस्पतालः सूचना पाकर डायल-112 नंबर पुलिस वहां पहुंची। उन्हें इलाज के लिए गड़हनी पहुंचाया। यहां से प्राथमिक उपचार करने के बाद उनकी हालत को चिंताजनक देखते हुए उन्हें सदर अस्पताल रेफर कर दिया गया। इसके बाद गड़हनी पुलिस उन्हें आरा सदर अस्पताल लेकर आ रही थी। रास्ते में उन्होंने दम तोड़ दिया था। जिसके बाद पुलिस ने उनके शव का पोस्टमार्टम आरा सदर अस्पताल में कराया। मृतक बुजुर्ग के छोटे बेटे संत कुमार ने बताया कि वह 12 तारीख को सारण (छपरा) स्थित निजी अस्पताल में आंख बनवाने गए थे। आंख बनवाकर वह 18 अगस्त को वापस गांव लौट रहे थे। लौटने के क्रम में वह बस से अगिआंव मोड़ पर उतरे। वाहन ने उन्हें जोरदार टक्कर मार दी। जिससे उनकी मौत हो गई।

परिजन ने थाने में की थी शिकायतः देर शाम तक जब वह घर वापस नहीं आए, तो परिजन ने स्थानीय थाना में उनके गुम होने की शिकायत की। पुलिस ने बताया कि सोमवार की सुबह एक बुजुर्ग की वाहन के चपेट में आने से मौत हो गई है और उनके पास एक झोला,उनका जूता और डंडा मिला है। परिजन ने जूता,झोला व डंडा देखकर उनकी पहचान की। परिजन आरा अस्पताल पहुंचे और उनके शव को दाह-संस्कार के लिए वापस गांव ले गए। बताया जाता है कि मृतक अपने दो भाई व चार बहनों में दूसरे स्थान पर थे। उनके परिवार में पत्नी लालझारो देवी,तीन बेटी रंभा देवी,अरुणा देवी, मीरा देवी व दो बेटा भगवान यादव और संटू कुमार है। घटना के बाद मृतक के घर में कोहराम मच गया है। मृतक की पत्नी लालझारो देवी व परिवार के सभी सदस्यों का रो-रोकर बुरा हाल है।

सड़क हादसे में फाइनेंस कर्मी की मौत

निज संवाददाता। आरा

भोजपुर में मंगलवार की रात बेकाबू बोलेरो ने बाइक सवार एक फाइनेंस कर्मी को जोरदार टक्कर मार दी। इस दौरान ये अपने कंपनी के नए ब्रांच के उद्घाटन में बक्सर गए थे। वापसी में लौटते समय हादसा हुआ है। इसमें कर्मी की मौत हो गई है। घटना बिहिया-बिहटा स्टेट हाईवे जगदीशपुर थाना क्षेत्र के बहुवारा बाबा के समीप की है। चालक बोलेरो छोड़ मौके से फरार हो गया।

पेशे से फाइनेंस कर्मी था श्रीनिवासः जानकारी के अनुसार मृतक जगदीशपुर थाना क्षेत्र के भड़सरा गांव निवासी श्रीनिवास दुबे का बेटा रिपु सुदन दुबे (35) है। वह पेशे से फाइनेंस कर्मी था। ये एरिया सेल्स मैनेजर के पद पर कार्यरत थे। मृतक के परिजन ने बताया कि उसके कंपनी के नए ब्रांच का बक्सर में उद्घाटन था, जिसको लेकर वह अपने अन्य कर्मियों के साथ बक्सर गए थे। उद्घाटन के बाद वह बक्सर से ट्रेन पकड़कर बिहिया स्टेशन आए। बाइक से वापस गांव लौट रहे थे। उसी दौरान बहुवारा बाबा के समीप बेकाबू बोलेरो ने उसके बाइक में जोरदार टक्कर मार दी। इससे वह गंभीर रूप से जख्मी हो गए। जख्मी को इलाज के लिए आरा सदर अस्पताल लाया गया। जहां डॉक्टर ने उसे मृत घोषित कर दिया। परिजन ने इसकी सूचना सदर अस्पताल में पदस्थापित पुलिस पदाधिकारी को दी। सूचना पाकर पुलिस सदर अस्पताल पहुंची और शव का पोस्टमार्टम करवाया।

धर्मावती नदी में डूबने से छात्रा की मौत

निज संवाददाता। आरा

भोजपुर के बहोरनपुर थाना क्षेत्र के गौरा पुल स्थित धर्मावती नदी में डूबने से एक छात्रा की मौत हो गई। जानकारी के अनुसार मृतका बहोरानपुर थाना क्षेत्र के गौरा गांव निवासी बिहारी ठाकुर की 17 वर्षीया बेटी खुशी कुमारी है। ये दसवीं कक्षा की छात्रा थी। दादी के साथ पूजा का सामान विसर्जन के लिए गई थी। पैर फिसलने से ये नदी में डूब गई। गौरा पंचायत के मुखिया मनोज कुमार ठाकुर ने बताया कि वह अपनी दादी के साथ पूजा का फूल विसर्जन करने के लिए गौरा पुल स्थित धर्मावती नदी के किनारे गई थी। उसी दौरान वह नदी में गिरकर डूब गई।

जिसके बाद उसकी दादी ने इसकी सूचना परिजनों को दी। सूचना पाकर परिजन और स्थानीय ग्रामीण फौरन घटनास्थल पर पहुंचे। इसके बाद स्थानीय ग्रामीणों ने फोन कर बहोरनपुर थाना पुलिस व शाहपुर प्रखंड के सीईओ को मामले की जानकारी दी। सूचना पाकर स्थानीय थाना और शाहपुर प्रखंड के अधिकारी वहां पहुंचे। एसडीआरएफ की टीम को बुलाया गया। एसडीआरएफ की टीम के काफी मशक्कत करने के बाद उसके शव को पानी से बाहर निकल गया। इसके बाद पुलिस ने शव को अपने कब्जे में लेकर उसका पोस्टमार्टम सदर अस्पताल में करवाया। बताया जाता है कि मृत छात्रा अपने दो भाई व बहन में बड़ी थी। अपने मां-बाप की इकलौती लाडली थी। उसके परिवार में मां कंचन देवी व दो भाई विमलेश कुमार और नवलेश कुमार है। घटना के बाद मृत छात्रा के घर में कोहराम मच गया है। मृत छात्रा की मां कंचन देवी और परिवार के सभी सदस्यों का रो-रोकर बुरा हाल है।

दो बदमाश अरेस्ट, लूट के 2 हजार रुपए बरामद, आरा में वाहन हुआ जब्त, दो अन्य आरोपी की तलाश जारी

निज संवाददाता। आरा

भोजपुर में राजस्थान नंबर की ट्रक के चालक से लूटपाट हुई थी। इस मामले में पुलिस ने दो बदमाशों को गिरफ्तार किया है। जबकि, दो अन्य की तलाश जारी है। पुलिस ने एक गाड़ी को जब्त किया है। साथ ही लूट की राशि में से दो हजार रुपए जब्त किए है। मामला कोईलवर थाना क्षेत्र अन्तर्गत आरा-छपरा हाइवे पर हरिपुर पेट्रोल पंप के समीप का है। सदर एसडीपीओ टू रंजीत सिंह के अनुसार गिरफ्तार बदमाशों में गीधा थाना क्षेत्र के किशुनपुरा निवासी लालू राय और बड़हरा थाना क्षेत्र कोल्हरामपुर निवासी विक्की यादव शामिल है।

लूट की राशि में से करीब दो हजार रुपए जब्तः कांड में प्रयुक्त एक थार गाड़ी को भी जब्त किया गया है। लूट की राशि में से करीब दो हजार रुपए भी बरामद किए गए है। दो घंटे के अंदर पुलिस को यह सफलता मिली है। बताया गया है कि आरा-छपरा हाईवे पर हरिपुर पेट्रोल पंप के समीप से राजस्थान के सनचोर निवासी ट्रक चालक जबरा राम ने पुलिस को फोन कर सूचना दी कि उनसे चार-पांच बदमाशों ने 19 हजार रुपया और ड्राइविंग लाइसेंस लूट लिया है।

त्वरित छापेमारी कर हुई घेराबंदीः सूचना मिलते ही एसडीपीओ-टू रंजीत कुमार सिंह के नेतृत्व में छापेमारी की गई। सुभाष कुमार मंडल,रात्रि गश्ती पदाधिकारी प्रपुअनि मुकेश कुमार साहु, पुअनि जितेन्द्र कुमार तिवारी और सशस्त्र बल के साथ एक टीम का गठन किया गया। त्वरित छापेमारी कर घेराबंदी की गई। घटना में संलिप्त दोनों बदमाशों को लूट की घटना में इस्तेमाल थार वाहन, मोबाइल फोन, नगद रुपए के साथ गिरफ्तार कर लिया गया। एसडीपीओ-टू रंजीत कुमार सिंह ने बताया कि गिरफ्तार दोनों आरोपित पर गीधा और बड़हरा थाना में आर्म्स एक्ट, लूटपाट समेत कई कांड दर्ज है। जिनके पास से काला रंग का थार वाहन, दो एंड्रॉयड मोबाइल फोन, नगद दो हजार रूपया और चालक जबरा राम का ड्राइविंग लाइसेंस जब्त किया गया है। इन्हें जेल भेज दिया गया है।

संक्षिप्त समाचार

मैट्रिक परीक्षा का पंजीयन कराने की तिथि 21 तक बढ़ी

भागलपुर। बिहार विद्यालय परीक्षा समिति ने वार्षिक माध्यमिक (मैट्रिक) परीक्षा 2026 (सत्र 2025-26) में शामिल होने, कक्षा नौ में नियमित कोटि के विद्यार्थी विलंब शुल्क के साथ 21 अगस्त तक ऑनलाइन पंजीयन करा सकते हैं। पहले पंजीयन अंतिम तिथि 13 अगस्त तक निर्धारित की गई थी। परीक्षा समिति ने कहा कि वेबसाइट पर 21 अगस्त तक पंजीयन कराया जा सकता है। नियमित कोटि के विद्यार्थियों को 450 रुपये और सामान्य कोटि को 580 रुपये भुगतान करना होगा। परीक्षा समिति ने कहा कि कुछ विद्यालय द्वारा जितने परीक्षार्थियों का शुल्क जमा किया जा रहा है, उतने परीक्षार्थियों का पंजीयन आवेदन ऑनलाइन नहीं भरे जा रहे हैं।

बीएन में नैक टीम छात्रों को दी जाने वाली सुविधाओं की लेगी जानकारी

भागलपुर। नैक की टीम बुधवार को बीएन कॉलेज निरीक्षण के लिए पहुंचेगी। टीम विजिट को लेकर कॉलेज को पूरी तरह सजाया गया है। जब टीम पहुंचेगी तो उन्हें गार्ड ऑफ ऑनर देने की व्यवस्था की गई है। मंगलवार को देर रात तक कॉलेज में तैयारी चलती रही। इंचार्ज ने कहा कि हम लोगों ने तैयारी पूरी कर ली है। अब टीम विजिट का इंतजार है। कॉलेज ने तैयारी के साथ शैक्षणिक उपलब्धि का पीपीटी तैयार कर लिया है। प्रोफेसर इंचार्ज डॉ. अशोक कुमार ठाकुर ने पावर प्वाइंट प्रजेंटेशन (पीपीटी) की समीक्षा की है। तीन सदस्यीय टीम में अध्यक्ष के रूप में डॉ. जतिन कुमार एच सोनी होंगे, जबकि सदस्य समन्वयक के रूप में डॉ. कादिमी मधु बाबू और सदस्य के रूप में डॉ. राजशेखर सी. हीरेमठ शामिल हैं। डॉ. अशोक कुमार ठाकुर ने कहा कि विजिट 21 और 22 अगस्त को होना है। दोनों दिन का शेड्यूल नैक टीम को दिया जा चुका है। उनके दिशा-निर्देश से ही सभी शेड्यूल तय किए गए हैं। इसमें वे प्रोफेसर इंचार्ज के अलावा सभी शिक्षकों का प्रजेंटेशन देखेंगे। पूर्ववर्ती, वर्तमान विद्यार्थियों से बातचीत करेंगे। साथ ही लाइब्रेरी, कक्षाएं, प्रयोगशाला, प्रशासनिक भवन को देखेंगे। वे विद्यार्थियों को मिलने वाली सुविधाओं के बारे में जानकारी लेंगे। प्रो. ठाकुर ने बताया कि मंगलवार की शाम में ही पियर टीम व कॉलेज के अधिकारी के साथ मीटिंग होगी। 21 अगस्त को पियर टीम सुबह 8.30 बजे कॉलेज में प्रवेश करेगी।

बदनाम करने की नीयत से तस्वीर कर रहा वायरलः जुनैद

मुंगेर। पार्टी के प्रति मेरी निष्ठा और पार्टी के प्रति मेरी वफादारी ही मेरी पहचान है। मुझे बदनाम करने की नियत से कुछ लोग एक निजी पार्टी में मेरा फोटो वायरल कर रहे हैं, जो पूरी तरह से गलत है। यह बातें मंगलवार को प्रेस बयान जारी कर राजद महानगर अध्यक्ष जुनैद मख़मूर ने कहा। राजद नेता ने कहा कि मैं एक पार्टी में खाने गया था। वहां मेरे साथ पीके पार्टी के कुछ कार्यकर्ता भी मेरे साथ बैठ कर खा रहे थे। तभी किसी ने चुपके से फोटो खींचकर सोशल मीडिया पर वायरल करने के अलावा पार्टी कार्यालय भेज दिया। उन्होंने कहा कि मुझे पीके के पार्टी से जोड़ कर दिखाने वाले लोग बेवजह मुझे पार्टी में नीचे गिराने की नियत से यह काम कर रहे हैं। महानगर अध्यक्ष ने कहा मैं आरजेडी का सिपाही हूं और मैं मरते दम तक आरजेडी में ही रहूंगा। उन्होंने जन सुराज पार्टी को बीजेपी की बी टीम बताया है।

20 लीटर अवैध महुआ शराब के साथ तस्कर गिरफ्तार

बरियारपुर। 20 लीटर अवैध महुआ शराब के साथ एक तस्कर को गिरफ्तार किया गया है। इसकी जानकारी थानाध्यक्ष राजेश कुमार ने देते हुए बताया कि ग्रामीणों के द्वारा सूचना मिली कि शिव टोला इंग्लिश में अवैध महुआ शराब की तस्करी की जाती है। सूचना के आधार पर छापेमारी चलाई गई। छापेमारी में शिव टोला इंग्लिश गांव से 20 लीटर अवैध महुआ शराब के साथ ब्रह्मस्थान निवासी शंकर मंडल को गिरफ्तार किया गया। जिसे बिहार उत्पाद अधिनियम एक्ट के तहत मुंगेर न्यायालय भेज दिया गया।

प्रथम मेधा सूची पर लॉ में 26 तक नामांकन

मुंगेर। मुंगेर विश्वविद्यालय में प्रथम मेधा सूची के आधार पर एलएलबी सेमेस्टर-वन, सत्र 2024-27 में नामांकन की तिथि 16 से 26 अगस्त तक निर्धारित की गई थी। जिसमें मंगलवार तक 11 छात्र-छात्राओं ने नामांकन कराया। बता दें कि लॉ की पढ़ाई के लिए मुंगेर विश्वविद्यालय के अंतर्गत एकमात्र लॉ कॉलेज विश्वनाथ सिंह विधि संस्थान ही केन्द्र है। पीआरओ डॉ प्रियरंजन तिवारी ने बताया कि नामांकन के समय महाविद्यालय में ही संबंधित कागजात प्रस्तुत किया जाना है। जिसमें विद्यार्थियों को दसवीं का बोर्ड सर्टिफिकेट, मार्क्स शीट, एडमिट कार्ड, बारहवीं का मार्क्स शीट एवं एडमिट कार्ड तथा स्नातक का मार्क्स शीट, एडमिट कार्ड एवं प्रॉविजनल के अलावे सीएलसी, माइग्रेशन, ऑनलाइन आवेदन की छाया प्रति, आधार एवं पासपोर्ट साइज का तीन फोटो प्रस्तुत किया जाना है। उन्होंने बताया कि प्रथम सेमेस्टर शुल्क 18320 रुपए निर्धारित है। निर्धारित तिथि एवं समय के बाद प्रवेश के लिए किसी भी दावे पर विचार नहीं किया जाएगा।

सर्पदंश से किशोरी की मौत, कोहराम

मुंगेर। हवेली खड़गपुर प्रखंड स्थित पुरानी चौक निवासी सुनील मालाकार की 15 वर्षीय पुत्री माही कुमारी की मौत मंगलवार को सर्पदंश से सदर अस्पताल में इलाज के दौरान हो गयी। जिसके बाद परिजनों में चीख-पुकार मच गई। माही के पिता सुनील मालाकार ने बताया कि सोमवार की रात परिवार के सभी सदस्य सोये हुए थे। इसी दौरान रात करीब एक बजे माही को सांप ने काट लिया। उसके चिल्लाने पर घर के लोग माही को लेकर अनुमंडल अस्पताल हवेली खड़गपुर पहुंचे। जहां इलाज के बाद सुबह चिकित्सकों ने कहा कि अब वह बिल्कुल स्वस्थ्य है। चिकित्सक के आश्वासन के बाद परिजन माही को लेकर घर वापस आ गये। लेकिन घर आने के बाद दोबारा उसकी स्थिति बिगड़ गयी। जिसके बाद उसे दोबारा अस्पताल ले गये, जहां से माही को सदर अस्पताल रेफर कर दिया गया। इलाज के दौरान ही उसकी मौत हो गयी। परिजनों ने बताया कि माही चार बहनों में सबसे छोटी थी और गांव के ही सरकारी स्कूल में पढ़ती थी।

टीएमबीयू में पांच सूत्री मांगों को लेकर शिक्षकेत्तर कर्मचारियों ने की हड़ताल

भागलपुर। टीएमबीयू प्रशासनिक भवन में पांच सूत्री मांगों को लेकर सभी शिक्षकेत्तर कर्मचारी संघ दिनभर धरने पर बैठे रहे। कार्य बहिष्कार के कारण विवि के प्रशासनिक भवन के विभिन्न शाखाओं और काउंटर पर सन्नाटा पसरा रहा। परीक्षा विभाग समेत सभी काउंटर बंद थे। मंगलवार को प्रशासनिक भवन में तृतीय और चतुर्थवर्गीय कर्मियों ने कामकाज ठप कर दिया। संगठन के नेताओं ने कहा है कि टीएमबीयू प्रशासन के उदासीन रवैया के कारण वे लोग अनिश्चितकालीन हड़ताल पर चले गए हैं। बुधवार से विवि के पीजी समेत अन्य ईकाई के कर्मी भी हड़ताल का हिस्सा होंगे। नेताओं का कहना है कि यदि हड़ताल की स्थिति में विवि के कई महत्वपूर्ण कार्य प्रभावित हो रहे हैं तो इसकी जिम्मेवारी विवि प्रशासन की होगी। संघ का आरोप है कि विवि प्रशासन कि मंशा है कि विवि का कार्य पूरी तरह ठप हो जाए। मौके पर चतुर्थवर्गी कर्मचारी संघ के सचिव सुधीर कुमार, विजय मिश्रा, प्रवक्ता असीम कुमार, प्रशांत झा, सुरेश चौधरी, किरण कुमारी, अतहर आलम, शैलेश चक्रवर्ती, उपानंद दास, विरेंद्र सिंह, अनिमेश, संजय, पुष्पराज, प्रदर्शन के दौरान कर्मचारी महासंघ के महासचिव सह सीनेटर रंजीत कुमार, मनोज समेत अन्य मौजूद थे। शिक्षकेत्तर कर्मचारी संघ का कार्य व्यवस्था पूरी तरह अस्त-व्यस्त रहा। सभी शाखाओं के कर्मी प्रशासनिक भवन में दिनभर धरने पर बैठे रहे। इस कारण अपने अलग-अलग कार्यों से विवि आने वाले विद्यार्थियों, शिक्षकों या अन्य लोगों को भारी परेशानी का सामना करना पड़ा। कर्मचारी संगठन ने विवि प्रशासन द्वारा मांग पर किसी तरह की वार्ता या पहल नहीं देखे जाने पर अपना आक्रोश व्यक्त करते हुए जमकर नारेबाजी की। शाम तक किसी भी पदाधिकारी ने वार्ता के लिए पहल नहीं की।



पोस्टमार्टम रिपोर्ट में मर्डर, पुलिस मान रही सुसाइड

भोजपुरी एक्ट्रेस की हत्या मामले में पुलिस की जांच बंद

निज संवाददाता। भागलपुर



भोजपुरी एक्ट्रेस अमृता पांडेय की हत्या की गुत्थी अब तक सुलझ नहीं पाई है। चार महीने पहले 27 अप्रैल को इनकी लाश बेड पर पड़ी मिली थी। अब पुलिस ने अपनी जांच को बंद कर दी है। मामले को सुसाइड के तौर पर पुलिस देख रही है। जबकि, पोस्टमार्टम रिपोर्ट में हत्या की बात कही गई थी। पुलिस ने पहले पोस्टमार्टम रिपोर्ट आने के बाद उस पर सवाल खड़ा किया। उसे मेडिकल बोर्ड के पास भेजा। बताया जाता है कि दुबारा रिपोर्ट आने के बाद केस के आईयो शक्ति पासवान रिपोर्ट को लाने के लिए नहीं गए। सिर्फ मौखिक रूप से रिपोर्ट के बारे में जानकारी ली।

थानेदार ने रिपोर्ट मिलने की बात से किया इनकारः जोगसर थानेदार केएनके सिंह ने रिपोर्ट मिलने से इनकार किया। वहीं, इस मामले में वरीय अधिकारियों का रवैये को भी लापरवाही से भरा माना जा रहा है। चार महीना बीत जाने के बाद भी केस की प्रगति क्या है, इसकी जानकारी अपने नीचे के पदाधिकारी से नहीं ली। ऐसे में पुलिस की जांच पर सवाल उठ रहे है। मोबाइल की जांच में कुछ नहीं मिला था। पुलिस को अमृता के मोबाइल से भी कोई सुराग नहीं मिला है। जोगसर थानेदार केएनके सिंह ने बताया कि अभिनेत्री के मोबाइल को जांच के लिए एफएसएल को भेजा गया था। लेकिन, उससे कुछ खास जानकारी नहीं मिल सकी।

मौत से चार घंटे पहले लगाया था स्टेटसः अमृता ने मौत से करीब चार घंटे पहले स्टेटस लगाया था। जिसमें लिखा था कि उसकी जिंदगी दो नाव पर सवार थी। हमने अपनी नाव डूबा के उसका सफर आसान कर दिया है। ऐसे में सवाल उठता है कि अमृता ने यह स्टेटस किसके लिए लगाया था। हालांकि, बाद में परिवार ने बताया था कि अमृता को ओसीडी (ऑब्सेसिव-कंपल्सिव डिसऑर्डर) था। इसी से परेशान होकर उसने खुदकुशी कर ली है।

पोस्टमार्टम रिपोर्ट में हत्या की पुष्टीः भोजपुरी अभिनेत्री अमृता पांडेय की हत्या की गुत्थी अब तक नहीं सुलझ पाई है। सबसे बड़ा सवाल है कि आखिर अभिनेत्री की हत्या किसने की थी। क्योंकि, पोस्टमार्टम रिपोर्ट के अनुसार अभिनेत्री की गला दबाकर हत्या की गई थी। उसे आत्महत्या का रूप देने के लिए फंदे के सहारे लटका दिया गया था। हालांकि, पुलिस अब भी इसे खुदकुशी ही मान कर चल रही रही है। पुलिस ने पोस्टमार्टम रिपोर्ट के आने के बाद रिपोर्ट पर सवाल खड़ा किया।

एफएसएल की शुरुआती जांच में थी खुदकुशी की बातः मालूम हो कि संदिग्ध हालात में अमृता पांडेय का शव मिला था। पोस्टमार्टम रिपोर्ट में गला दबा कर हत्या करने की बात सामने आई है। जबकि, एफएसएल की शुरुआती जांच में खुदकुशी की बात कही गई। दोनों रिपोर्ट में अंतर के बाद वरीय पुलिस अधिकारी ने फॉरेंसिक विभाग को दोबारा पोस्टमार्टम रिपोर्ट का ऑब्जर्वेशन कर रिपोर्ट मांगी थी।

रिपोर्ट की जानकारी लेने के बाद आगे की कार्रवाईः मेडिकल बोर्ड ने ऑब्जर्वेशन के बाद फिर से यह स्पष्ट कर दिया गया है कि पहले वाली पोस्टमार्टम रिपोर्ट बिल्कुल सही है। अभिनेत्री की गला दबा कर ही हत्या की गई थी। फोरेंसिक विभाग के एक डॉक्टर ने नाम नहीं लिखने की शर्त पर बताया कि ऐसा संभव नहीं है कि पहली बार पोस्टमार्टम रिपोर्ट में हत्या की बात है, तो दूसरी बार वह आत्महत्या में बदल जाएगी। सिटी एसपी मिस्टर राज ने कहा कि संबंधित पदाधिकारी से रिपोर्ट की जानकारी लेने के बाद आगे की कार्रवाई की जाएगी।

बढ़ते अपराध पर राजद महिला प्रकोष्ठ ने निकाला कैंडल मार्च

निज संवाददाता। भागलपुर

भागलपुर जिला राष्ट्रीय जनता दल महिला प्रकोष्ठ की ओर से बिहार में बिगड़ती कानून व्यवस्था और महिलाओं के खिलाफ हो रहे अपराधों के विरोध में मंगलवार को अंबेडकर चौक से खलीफाबाग चौक होते घंटाघर भगत सिंह चौक तक शांतिपूर्ण कैंडल मार्च निकाला गया। कार्यक्रम के दौरान बताया कि बिहार में हो रही लगातार हत्या, बलात्कार की घटना, महिलाओं पर बढ़ती हिंसा के विरोध में आज मार्च निकाला गया। कार्यक्रम में महिलाएं अपनी सुरक्षा की मांग कर रही थी। महिला संगठन ने कहा कि बिहार में डबल इंजन की सरकार हर मोर्चे पर विफल साबित हो रही है। कहा कि नीतीश भाजपा की सरकार में हत्या-बलात्कार की घटनाएं बढ़ गई है। अपराध पर उनका कोई कंट्रोल नहीं है। महिलाएं असुरक्षित महसूस कर रही है। इसलिए इन्हें इस्तीफा दे देनी चाहिए।

कार्यक्रम में ये लोग रहेः कार्यक्रम में प्रदेश महासचिव रिंकू राज, अति पिछड़ा प्रकोष्ठ के जिला अध्यक्ष बिहारी मंडल, प्रदेश सचिव महिला प्रकोष्ठ अनीता अनवर, जिला महासचिव राजाराम यादव, जिला उपाध्यक्ष विवेकानंद यादव, जिला उपाध्यक्ष प्रोफेसर डॉक्टर नैनिका, निखत जहां, अमित आर्यन, बिल्किस, नूरी सहित सैकड़ों महिलाओं उपस्थित थी। कैंडल मार्च की अध्यक्षता महिला प्रकोष्ठ के जिलाध्यक्ष सीमा जायसवाल कर रही थी। कार्यक्रम का नेतृत्व राष्ट्रीय जनता दल जिलाध्यक्ष चंद्रशेखर प्रसाद यादव ने किया।

चहारदीवारी उद्घाटन के साथ डीएम ने बच्चों को पर्यावरण सुरक्षा के दिए टिप्स

निज संवाददाता। मुंगेर

जिलाधिकारी अवनीश कुमार सिंह ने क्षेत्र भ्रमण कार्यक्रम के दौरान कई योजनाओं का उद्घाटन किया गया और कई स्कूलों का निरीक्षण भी किया। भ्रमण कार्यक्रम के दौरान डीएम ने उत्क्रमित उच्च विद्यालय बेरांय, असरगंज व प्राथमिक विद्यालय कुशवाहा टोला, सजुआ, असरगंज, संग्रामपुर प्रखंड के दुर्गापुर पंचायत स्थित प्राथमिक विद्यालय ललिया बांध, तारापुर प्रखंड के खैरा पंचायत स्थित प्राथमिक विद्यालय मुसहरी नदिया पार के नवनिर्मित चहारदीवारी व विद्यालय गेट का उद्घाटन किया। उन्होंने विद्यालय का निरीक्षण भी किया। जहां शिक्षकों की उपस्थिति पंजी का अवलोकन किया गया और कक्षा में जाकर बच्चों से पढ़ाई को लेकर पूछताछ भी की। उन्होंने महात्मा गांधी राष्ट्रीय ग्रामीण रोजगार गारंटी योजना के तहत असरगंज प्रखंड के सजुआ व जोरारी पंचायत के उक्त विद्यालयों के नवनिर्मित चहारदीवारी का उद्घाटन किया। उन्होंने बच्चों व उनके अभिभावकों के साथ ही ग्रामीणों के जागरूकता के लिए विद्यालय के चहारदीवारी पर दीवार लेखन के माध्यम से पॉलीथीन की थैली हटाओ-पर्यावरण बचाओ, घर में रखें हरा और नीला कूड़ेदान, कचरे को करें समुचित निपटान आदि स्लोगन को लिखवाने का काम किया। यह स्लोगन बच्चों के साथ ही ग्रामीणों व उनके अभिभावकों को साफ-सफाई व पर्यावरण के लिए जागरूक करेगा। इसके अलावा डीएम ने कहा कि सरकार के द्वारा संचालित विभिन्न योजनाओं के लाभों की जानकारी के लिए भी "प्रशासन आपके द्वार कार्यक्रम'' का संचालन किया जाता है। इसके माध्यम से पदाधिकारी स्वयं गांवों में जाकर आमजनों को सरकार की विभिन्न जनकल्याणकारी योजनाओं की जानकारी से अवगत कराते हैं, ताकि उन्हें इसका शत-प्रतिशत लाभ मिल सके। मौके पर उप विकास आयुक्त अजीत कुमार सिंह, तारापुर अनुमंडल पदाधिकारी राकेश रंजन कुमार समेत अन्य पदाधिकारी मौजूद थे। जिलाधिकारी ने प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र असरगंज के नवनिर्मित भवन का भी निरीक्षण किया। इस दौरान उन्होंने ठेकेदार को तीन माह के अंदर भवन के निर्माण कार्य को पूर्ण करने का निर्देश दिया। उन्होंने निरीक्षण के क्रम में अस्पताल के विभिन्न कमरों, ओटी आदि का भी निरीक्षण किया। उन्होंने कहा कि अस्पताल में मरीजों को उपरी तल तक पहुंचाने के लिए रैम्प का निर्माण हुआ है, लेकिन उन्होंने ठेकेदार को मरीजों के सुविधा की दृष्टि से लिफ्ट निर्माण का भी निर्देश दिया। उन्होंने कहा कि लिफ्ट के रहने से मरीजों को स्ट्रेचर से ऊपरी तल पर बन रहे ओटी में आसानी से पहुंचाया जा सकेगा, इसलिए लिफ्ट का होना आवश्यक है। भवन निर्माण के धीमी गति पर असंतोष व्यक्त करते हुए तीन माह में निर्माण कार्य पूर्ण करने का निर्देश दिया। निरीक्षण के क्रम में कुछ मरीजों ने बताया कि प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र में लगा आरओ कुछ दिनों से खराब है। जिलाधिकारी ने नाराजगी व्यक्त करते हुए प्रभारी चिकित्सा पदाधिकारी व स्वास्थ्य प्रबंधक को तीन दिनों के अंदर आरओ ठीक कराने और उससे संबंधित अद्यतन प्रतिवेदन उपलब्ध कराने का निर्देश दिया।

संस्कृत दिवस पर डीजे कॉलेज में किया पौधरोपण

निज संवाददाता। मुंगेर। आरडी एण्ड डीजे महाविद्यालय के संस्कृत विभाग के विद्यार्थियों द्वारा संस्कृत दिवस के अवसर पर पुस्तकालय परिसर में पौधरोपण का किया गया। महाविद्यालय के प्रभारी प्राचार्य प्रो. प्रभात कुमार ने संस्कृत विभाग के विद्यार्थियों का उत्साहवर्धन करते हुए कहा कि पर्यावरण के प्रति सजग रहना कर्मनिष्ठ व्यक्ति की पहचान है। संस्कृत के विद्यार्थियों का विशेष उत्तरदायित्व है कि सामाजिक हित के कार्यों में वे अग्रणी भूमिका निभाएं। संस्कृत विभाग के विभागाध्यक्ष डॉ. विश्वजीत विद्यालंकार ने कहा कि केवल पौधरोपण से हरियाली नहीं आएगी। इसका संरक्षण होगा, तभी हमारा महाविद्यालय वृक्षों से हरा भरा दिखेगा। आचार्य कृपाशंकर पाण्डेय ने कहा कि हमारे विभाग के विद्यार्थियों द्वारा पूर्व में भी ऐसा कार्य किया जाता रहा है। संस्कृत साहित्य में वृक्ष को पुत्रवत कहा गया है। पौधरोपण तथा उसका संरक्षण न केवल पर्यावरण के लिए लाभकारी है, बल्कि इससे विशेष लाभ मिलता है। इस अवसर पर संस्कृत परिषद के अध्यक्ष अनन्त कुमार मिश्रा, उपाध्यक्ष आदित्य कुमार, सचिव शिवानी प्रियदर्शी, सांस्कृतिक सचिव केशव कुमार झा, कोषाध्यक्ष विशाल कुमार एवं विभाग के अन्य छात्र-छात्राएं तथा पुस्तकालय के सभी कर्मचारीगण उपस्थित थे।

"भू-लगान के बकायेदारों के नाम पंचायत स्तर पर प्रदर्शित करें"

निज संवाददाता। मुंगेर

प्रमंडलीय आयुक्त संजय कुमार सिंह ने सभी जिलों के अपर समाहर्ताओं व भूमि सुधार उप समाहर्ताओं के साथ राजस्व, आपदा और अन्य योजनाओं को लेकर मंगलवार को प्रमंडलीय सभागार में समीक्षा बैठक की। बैठक में बाढ़ की अद्यतन स्थिति व राजस्व संबंधी विभिन्न बिन्दुओं जैसे- आनॅलाइन दाखिल-खारिज, परिमार्जन, एलपीसी, ई-भूमापी, भू-अतिक्रमण, सैरात, नीलाम-पत्र, न्यायालीय मामले विषयों पर बिंदुवार चर्चा की गयी। कमिश्नर ने भू- लगान के बड़े बकायेदारों का नाम अंचल, प्रखंड व पंचायत कार्यालयों में प्रदर्शित कराने का निर्देश दिया। साथ ही वसूली के लिए नीलाम-पत्र वाद में दायर करने को कहा गया। आयुक्त ने कहा कि जिला स्तर पर सभी सैरातों के दर निर्धारण के लिए प्रमंडल स्तर पर आयुक्त प्राधिकृत है, जिसमें संबंधित जिला के जिलाधिकारी भी समिति में सदस्य नामित हैं।

पुलिस अधीक्षक का कार्यालय, गढ़वा

आवश्यक सूचना, चोरी गई वाहन

(Passion Pro मोटरसाईकिल, रंग– SBK)

विशुनपुरा थाना कांड सं0–35/2024 दिनांक–18.07.2024 धारा–379, भा0द0वि0 में चोरी गयी Passion Pro मोटरसाईकिल जिसका रजी0 नं0– JH03J3542 चेचिस नं0–MBLHA10AWDHE52529 इंजन नं0–HA10ENDHE68570 का अज्ञात अपराधकर्मी द्वारा चोरी कर लिया गया है। उक्त वाहन की बरामदगी अबतक नहीं हो पाई है। अतः आम जनता से अनुरोध है कि उक्त चोरी गयी वाहन के बारे में किसी प्रकार की सूचना किसी व्यक्ति को प्राप्त हो तो पुलिस उपाधीक्षक (मुख्यालय), गढ़वा के मो0नं0–9431706284, या पुलिस अधीक्षक, गढ़वा के मो0नं0–9431706281 पर सूचित करने की कृपा करें।

निवेदक,
पुलिस अधीक्षक, गढ़वा

PR 333247 Police(24-25)#D

कार्यपालक अभियंता का कार्यालय ग्रामीण विकास विशेष प्रमंडल, लातेहार।

अति अल्पकालीन ई–निविदा आमंत्रण सूचना

संख्या – EE/RDSD/LATEHAR/06/2024-25/RE/Gr_2

1. कार्य की विस्तृत विवरणी:

क्र०सं०	कार्य का नाम	BOQ की राशि	अग्रधन की राशि	परिमाण विपत्र का मूल्य	कार्य पूर्ण करने की अवधि
1	लातेहार जिलान्तर्गत प्रखण्ड चंदवा पंचायत चंदवा में उत्क्रमित उच्च विद्यालय हुटाप में चाहरदीवारी निर्माण।	29,59,776	59,500	5,000	3 माह

2. वेबसाइट में निविदा प्रकाशन की तिथि – 23.08.2024
3. ई–निविदा प्राप्ति की तिथि एवं समय – दिनांक 23.08.2024 से दिनांक 31.08.2024 को अपराह्न 5:00 बजे तक।
4. ई–निविदा खोलने का स्थान – कार्यपालक अभियंता का कार्यालय, ग्रामीण विकास विशेष प्रमण्डल, लातेहार।
5. ई–निविदा खोलने की तिथि एवं समय –04.09.2024 अपराह्न 1:00 बजे
6. ई–निविदा आमंत्रित करने वाले पदाधिकारी का नाम एवं पता :– कार्यपालक अभियंता, ग्रामीण विकास विशेष प्रमण्डल, लातेहार।
7. ई–निविदा प्रकोष्ठ का दूरभाष सं० – 06565796434
8. परिमाण विपत्र की राशि घट–बढ़ सकती है तद्नुसार अग्रधन की राशि देय होगी।
9. निविदा शुल्क एवं अग्रधन की राशि केवल Online Mode द्वारा स्वीकार्य होगी।
10. निविदा शुल्क एवं अग्रधन की राशि का ई–भुगतान जिस खाता से किया जायेगा, उसी खाते में अग्रधन की राशि वापस होगी। अगर खाता को बंद कर दिया जाता है तो उसकी सारी जवाबदेही आपकी होगी।

विस्तृत जानकारी के लिये वेबसाईट www.jharkhandtenders.gov.in एवं कार्यालय की सूचना पट्ट पर देखा जा सकता है।

कार्यपालक अभियंता
ग्रामीण विकास विशेष प्रमंडल, लातेहार।

PR 333303 (Rural Development) 24-25 (D)

कार्यालय नगर परिषद्, चतरा

पुराना कचहरी के समीप, चतरा (झारखण्ड)– 825401
दुरभाष : 06541–253030, ई–मेल : npchatra@gmail.com

CORRIGENDUM
CANCELLATION OF TENDER

इस कार्यालय के पत्रांक–897/न0प0, दिनांक–10.08.2024 के द्वारा अतिअल्पकालीन निविदा आमंत्रण सूचना संख्या–06/2024–25, दिनांक–10.08.2024 के द्वारा नगर परिषद्, चतरा अन्तर्गत शहरी परिवहन/नागरिक सुविधा मद से रोड एवं नाली निर्माण कार्य हेतु दैनिक समाचार पत्रों के माध्यम से निविदा निकाली गई थी, जिसका PR. No.- 332485 Urban Development (24-25)D है।

उक्त आमंत्रित निविदा को अपरिहार्य कारणवश रद्द किया जाता है।

ह0/–
प्रशासक,
नगर परिषद्, चतरा

PR 333313 Urban Development(24-25)#D

कार्यपालक अभियंता का कार्यालय ग्रामीण कार्य विभाग, कार्य प्रमण्डल, गढ़वा

मुख्यमंत्री ग्राम सड़क सुदृढ़ीकरण योजना
अल्पकालीन ई–निविदा आमंत्रण सूचना

ई–निविदा संख्या – 10/2024-25/RWD/GARHWA दिनांक – 20.08.2024

1. कार्य का विवरण :–

क्र0	प्रखण्ड	आईडेन्टी फिकेशन संख्या/ पैकेज संख्या	कार्य का नाम	प्राक्कलित राशि		कार्य समाप्ति की अवधि
				अंक में (लाख में)	अक्षर में	
1	गढ़वा	RWD/GARHWA /STPKG-02/2024-25	पी0डब्लू0डी0 पथ प्रतापपुर ईदगाह से आर0ई0ओ0 रोड जाला तक पथ का सुदृढ़ीकरण कार्य। (5.750 कि0मी0)	1436.482	चौदह करोड़ छत्तीस लाख अड़तालीस हजार दो सौ रूपये।	18 (अठारह) महीना
2	गढ़वा		एन0एच0–343 से सोह तक पथ का सुदृढ़ीकरण कार्य। (1.530 कि0मी0)			
3	मेराल		गढ़वा चिनियाँ मुख्य पथ (पेस्का ऑफिस) से बगेसर स्कूल तक पथ का सुदृढ़ीकरण कार्य। (7.700 कि0मी0)			

2. वेबसाईट पर निविदा प्रकाशन की तिथि :– 23.08.2024
3. ई–निविदा प्राप्ति की अंतिम तिथि एवं समय :– 29.08.2024 अपराह्न 5:00 बजे तक।
4. निविदा खोलने की तिथि एवं समय :– 31.08.2024 पूर्वाह्न 11:30 बजे।
5. निविदा आमंत्रित करने वाले पदाधिकारी का नाम एवं पता :– कार्यपालक अभियंता, ग्रा0का0वि0 कार्य प्रमंडल, गढ़वा।
6. ई–निविदा प्रकोष्ठ का दूरभाश संः 06561–299963

विस्तृत जानकारी के लिए वेबसाईट www.jharkhandtenders.gov.in पर देखा जा सकता है।

कार्यपालक अभियंता
ग्रामीण कार्य विभाग, कार्य प्रमण्डल, गढ़वा

PR.NO.333242 Rural Work Department(24-25):D

रिसेप्शन में गया युवक सड़क किनारे मृत मिला, घायल मिला दोस्त

परिजनों ने हत्या का आरोप लगा एनएच तीन घंटे जाम किया

पटना, एजेंसी। थाना क्षेत्र के थाना रोड में सवेरा हॉल के निकट मंगलवार की सुबह दो युवक अपनी बाइक के साथ जख्मी हालत में मिले। इसके बाद स्थानीय लोगों ने दोनों को उपचार के लिए अनुमंडल अस्पताल में भर्ती कराया। वहां एक को मृत घोषित कर दिया गया, जबकि दूसरे को प्राथमिक उपचार के बाद बेहतर इलाज के लिए पटना एम्स भेज दिया गया, जहां एम्स उसका उपचार चल रहा है। मृतक भदौर थाना क्षेत्र के अजगरा निवासी 20 वर्षीय माधव उर्फ साहिल था। वर्तमान में वह बाढ़ के चोंदी मोहल्ले स्थित अपने घर में रहता था। वहीं जख्मी की पहचान अभिनव श्रीवास्तव उर्फ बबलू के रूप में की गई है। इधर, मृतक के परिजनों ने मृतक के शव को देख कर हत्या का आरोप लगा सवेरा मोड़ के पास एनएच को जाम कर दिया, जिससे दोनों तरफ वाहनों की कतार लग गई। वे गला रेत हत्या का आरोप लगा रहे थे।

एफएसएल की टीम ने घटनास्थल पर पहुंचकर सैंपल लिया

इधर, लोगों ने घटना की सूचना स्थानीय पुलिस को दी। सूचना के बाद मौके पर पहुंची पुलिस ने मृतक के परिजनों को समझा-बुझा जाम को समाप्त करने का आग्रह किया। लेकिन, मोहल्ले के लोग कुछ भी सुनने को तैयार नहीं थे। जाम करीब तीन घंटे तक रहा। गर्मी के कारण लोग बिलबिलाते दिखे। जाम में कई अधिकारियों के वाहन भी फंसे रहे। घटना की सूचना मिलने के बाद मौके पर पहुंचे एएसपी अपराजित लोहान ने आक्रोशित लोगों को कार्रवाई का भरोसा देकर जाम को समाप्त करवाया। इसके बाद पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर अनुमंडल अस्पताल में पोस्टमार्टम करा परिजनों के सुपुर्द कर दिया। घटना के बाद परिजनों का रो-रो कर बुरा हाल है। खबर लिखे जाने तक एक युवक को पुलिस हिरासत में लेकर पूछताछ करने में जुटी है। वहीं परिजनों द्वारा थाने में लिखित शिकायत नहीं दी जा सकी है। घटना की सूचना मिलने के बाद एफएसएल की टीम ने भी घटनास्थल पर पहुंच जांच की व सैंपल एकत्रित किए।

बहन बोली- दोस्त बुलाकर ले गए थे, भाई ने सवेरे आने की बात कही थी

मृतक कि बहन ने बताया कि सोमवार की शाम उसके भाई को दोस्त रिसेप्शन पार्टी में जाने के लिए बुला कर ले गए थे। देर रात तक जब वह घर नहीं आया, तब भाई को फोन किया गया तो उसने कहा कि वह सुबह में घर आएगा। वह वहीं सो जाएगा। परिजन इत्मीनान से अपने घर में सोये हुए थे। इसी बीच दोनों जख्मी हालत में सड़क किनारे पड़े मिले। सुबह घूमने टहलने जाने वाले कुछ लोगों की नजर दोनों पर पड़ी। इसके बाद मोहल्ले के लोगों से संपर्क कर घटना की जानकारी दी गई। मृतक की बहन का आरोप है कि भाई के शरीर पर कहीं भी कोई खरोंच तक नहीं है।

मुजफ्फरपुर में दरिंदगी की शिकार पीड़िता निकली बालिग, स्कूल में खुले कई राज

मुजफ्फरपुर, एजेंसी। मुजफ्फरपुर के पारू में किशोरी से दरिंदगी मामले की जांच में बुधवार को नया मोड़ आ गया। स्कूल के दस्तावेज में पीड़िता की उम्र 19 साल 4 माह दर्ज है। पारू पुलिस ने विद्यालय के हेडमास्टर संजीव कुमार से इस संबंध में प्रतिवेदन लिया है। पुलिस अब मामले में दर्ज एफआईआर में लगी पॉक्सो की धारा को हटाने के लिए सुपरविजन में विचार करेगी। पीड़िता की मां ने एफआईआर में बेटी की उम्र 14 वर्ष बताई थी। पारू पुलिस की टीम बुधवार को पीड़िता की उम्र का सत्यापन कराने के लिए लालूछपरा के नयाटोला स्थित प्राथमिक विद्यालय में जांच करने पहुंची थी। पीड़िता से दरिंदगी के मामले में अबतक मुख्य आरोपित संजय राय सहित चार की गिरफ्तारी हो चुकी है। दो आरोपित फरार चल रहे हैं। उनकी गिरफ्तारी के लिए विशेष टीम दिल्ली, झारखंड, पश्चिम बंगाल व नेपाल के सीमावर्ती इलाकों में छापेमारी कर रही है। घटना के बाद से दोनों का मोबाइल बंद बता रहा है। इधर, घटना के बाद से लालूछपरा गांव में हुए उपद्रव को देखते हुए पुलिस कैंप कर रही है। मंगलवार को भी पुलिस गांव में मौजूद रही। उपद्रव मचाने के आरोप में गोल्डेन दास समेत 16 को जेल भेजा जा चुका है। फरार आरोपितों पर होगी इश्तेहार व कुर्की की कार्रवाई पारू कांड में फरार दो आरोपितों की गिरफ्तारी नहीं होने पर इश्तेहार व कुर्की की कार्रवाई की जाएगी। सरैया एसडीपीओ कुमार चंदन ने केस के आईओ को वारंट को लेकर कागजी प्रक्रिया शुरू करने का निर्देश दिया है। पुलिस दोनों आरोपितों के परिजनों पर दबिश बना रही है। साथ ही दोनों के गिरफ्तारी वारंट के लिए कोर्ट में अर्जी भी दाखिल करेगी।

गलत तथ्य देने की आशंका, जांच होगी

पुलिस को किशोरी की हत्या के बाद एफआईआर दर्ज कराने में गलत तथ्य देने की भी आशंका है। परिजनों ने एफआईआर में पीड़िता की उम्र 14 साल बताई थी वह सही है या किसी के बहकावे में आकर गलत बताई गई है, पुलिस इस बिंदु पर भी जांच कर रही है। पुलिस जांच में मिले प्रमाण पत्र में पीड़िता की जन्म तिथि 15 अप्रैल 2005 अंकित है। वर्ष 2013 में उसका नामांकन प्रथम कक्षा में हुआ था। पांचवीं तक पढ़ने के बाद उसने 5 अप्रैल 2018 को स्कूल छोड़ दिया था। इसके अनुसार वारदात के दिन तक उसकी उम्र 19 साल 4 माह से अधिक रही होगी।

12 हजार हेक्टेयर में हुआ है रोपा-तीन वर्ष बाद पंचाने नदी में आया पानी

हरनौत, एजेंसी। प्रखंड से गुजरी पंचाने नदी में तीन वर्ष बाद पानी आया है। इसके पहले वर्ष 2021 में पानी आया था। जबकि 2022 व 2023 सूखे ही गुजर गये थे। नदी में पानी आने से किसानों में काफी खुशी है। इससे अंडरग्राऊंड वाटर लेवल भी सुधरेगा। जो कि 50 फीट से नीचे जा चुका था। सामान्यत- 20 से 25 फीट पर पानी मिल जाता था, जिससे ओपेन बोरिंग आराम से चलता है। पर नदी में पानी नहीं आने से किसानों को पटवन के लिए स्टेक बोरिंग(220 फीट) करवाकर सबमर्सिबल लगवाना पड़ा। मोबारकपुर के त्रिवेणी कुमार, दक्षिणीपुर के राकेश कुमार, नर्चवार के लोकेश महतो, गंगटा के राजन यादव, अलीनगर के चंदेश्वर प्रसाद उर्फ चंदूजी, हरिहरपुर के सीताराम यादव ने बताया कि प्रखंड की गोनावां, पोआरी, लोहरा, पचौरा व बसनियावां पंचायत के हजारों एकड़ रकवे को नदी से पानी मिलता है। नदी में पानी नहीं आने से ओपेन बोरिंग सूख चुके थे। बीएओ ब्रजकिशोर चरण ने बताया कि प्रखंड में धान की खेती का लक्ष्य करीब 12 हजार एक सौ हेक्टेयर है। इसमें 12 हजार हेक्टेयर के करीब रोपा हो चुका है। किसान खरपतवार नियंत्रण के लिए निकौनी या दवा का छिड़काव करें। इसके बाद उर्वरक का व्यवहार करें। किसानों ने युरिया की कालाबाजारी का आरोप लगाया है। उन्होंने बताया कि विक्रेता अपना गोदाम खाली कर रखे हैं। वे युरिया का कृत्रिम किल्लत बनाकर दूसरे स्थान से अधिक दाम लेकर युरिया उपलब्ध करा रहे हैं। इस संबंध में बीएओ ने कहा कि जहां भी गड़बड़ी होगी। उसकी जांच कर कार्रवाई करेंगे। उन्हें अभी तक शिकायत नहीं मिली है। दो प्रखंडों को लाभ नदी में पानी आने से सिर्फ हरनौत ही नहीं, बल्कि रहुई के भी चार-पांच पंचायतों के कृषि योग्य रकवे को सिंचाई के लिए पानी मिल सकेगा। सबसे बड़ी बात इन क्षेत्रों में अंडरग्राऊंड वाटर लेवल काफी नीचे चला गया था। नदी में पानी आने से उसमें सुधार होगा।

मुजफ्फरपुर में कटा चालान तो समस्तीपुर में आया मैसेज, एक ही नंबर प्लेट की दो गाड़ियां

मुजफ्फरपुर, एजेंसी। बिहार में एक ही नंबर प्लेट पर दो जिलों में बाइक व स्कूटी दौड़ रही है। सीतामढ़ी में बाइक व मुजफ्फरपुर में स्कूटी पर एक ही नंबर प्लेट लगा है। बुधवार को यह मामला सामने आया है। मुजफ्फरपुर में स्कूटी पर ट्रिपल लोडिंग का चालान कटा, तो उसका मैसेज सीतामढ़ी के बोखड़ा थाना के नया टोला के ललन साह के मोबाइल पर मिला। उन्होंने जांच करवाई तो पता चला कि यह चालान मुजफ्फरपुर के पुरानी बाजार नाका मोड़ पर ट्रिपल लोडिंग को लेकर 18 जून 2024 को 8:35 बजे काटा गया है, जबकि ललन साह की बाइक सीतामढ़ी उनके आवास पर खड़ी है। शिकायत लेकर वे नगर थाना पहुंचे।

वहां उन्होंने थानेदार शरत कुमार को पूरी बात बताई। फिर, ट्रैफिक थाने जाकर चालान का अपडेट लिया। इसमें पता चला कि उनकी बाइक का नंबर स्कूटी पर लगा है। उस स्कूटी पर तीन लोग सवार थे।

सीसीटीवी फुटेज में स्कूटी ड्राइव कर रहे व्यक्ति का चेहरा खुला हुआ है, जबकि पीछे बैठी दो महिलाएं मास्क व चेहरे को नकाब से ढके हुई दिख रही हैं। पुलिस सीसीटीवी में दिख रहे व्यक्ति को चिन्हित करने में जुट गई है। बाइक मालिक ललन कुमार साह ने नगर थाने की पुलिस को बताया है कि वह फल दुकानदार है। मुजफ्फरपुर की ही एक बाइक एजेंसी से गाड़ी खरीदी थी। अचानक दो दिन पहले उनके मोबाइल पर ट्रिपल लोड मुजफ्फरपुर में चलने को लेकर एक हजार रुपये चलान काटे जाने का मैसेज आया, जबकि वह पिछले तीन माह में कभी मुजफ्फरपुर आए ही नहीं। जब मुजफ्फरपुर ट्रैफिक थाने आकर चालान का अपडेट लिया तो उनकी बाइक का नंबर स्कूटी पर लगा था।

12 महीने के बच्चे ने दांत से चबा कर सांप को मार डाला

गया, एजेंसी। बिहार में 12 महीने का एक बच्चा इन दिनों चर्चा का विषय बन गया है। सोशल मीडिया पर भी इस बच्चे का वीडियो वायरल हो रहा है। दावा किया जा रहा है कि महज एक साल इस बच्चे ने एक बड़े सांप को चबा-चबा कर मार डाला है। मामला गया जिले का है। इस घटना से पूरे गांव वाले चकित हैं और इतना ही नहीं जिस अस्पताल में इस बच्चे के परिजन उसे लेकर गए थे वहां के कर्मचारी भी इस घटना को सुनकर हैरत में हैं। चिकित्सक भी इस बात से हैरान हैं कि जहरीले सांप की तरह दिखने वाले इस सांप को चबा कर मारने के बावजूद भी यह बच्चा पूरी तरह स्वस्थ है। सोशल मीडिया पर एक वीडियो सामने आया है जिसमें मृत सांप को देखा जा सकता है। मीडिया रिपोर्ट के मुताबिक, यह घटना 17 अगस्त की है।



फतेहपुर थाना क्षेत्र के जमुहार गांव में यह बच्चा अपने परिजनों के साथ रहता है। एक साल के इस बच्चे की पहचान रियांश के तौर पर हुई है। बताया जा रहा है कि वो अपने घर की छत पर खेल रहा था। इसी दौरान उसका सामना इस सांप से हुआ था। इसके बाद उसने अपनी दांतों से चबा-चबा कर इस सांप को मार डाला। इसके बाद मृत सांप पर नजर पड़ते ही परिजन बच्चे को लेकर स्थानीय अस्पताल में गए और चिकित्सकों को पूरी घटना के बारे में जानकारी दी। बच्चे की मां का दावा है कि बच्चा जब छत पर खेल रहा था तब उसी वक्त एक सांप वहां आ गया। बच्चे ने सांप को खिलौना समझ कर उसे पकड़ लिया। बच्चे ने सांप को अपने मुंह में डाल कर चबाना शुरू कर दिया। बच्चे के चबाने की वजह से सांप की मौत हो गई। बच्चे की मां का यह भी कहना है कि वो इस घटना को देख कर हतप्रभ थीं।

अस्पताल में चिकित्सकों ने बच्चे का इलाज किया और उसे पूरी तरह स्वस्थ घोषित किया। अस्पताल प्रशासन ने बच्चे के परिजनों को बताया कि यह सांप जहरीला नहीं था और आम तौर पर मॉनसून सीजन में यह सांप पाए जाते हैं। बच्चे के स्वास्थ्य के बारे में जानकारी मिलने पर घर के सदस्यों ने राहत की सांस ली है।

अधिक कर्मी लगा लाइटो को शिघ्र करें दुरूस्त : नगर आयुक्त

गया, एजेंसी। लाइटों को ठीक करने के लिए कर्मचारियों की संख्या बढ़ाएं और शीघ्र ही लाइटों को दुरूस्त करें। उक्त बाते नगर आयुक्त अभिलाषा शर्मा ने मंगलवार को अपने कार्यालय में पितृपक्ष मेले के दौरान रोशनी व्यवस्था को लेकर बैठक में कहीं। उन्होंने कहा कि ईईएसएल द्वारा लगाई गई लाइटों के संबंध में शिकायतें मिल रही है।

उनके द्वारा अधिक मिस्त्री की टीम बढ़ाकर मरम्मत कराए जाने की आवश्यकता है। उन्होनें कंपनी के संबंधित प्रतिनिधि को अधिक टीम बढ़ाकर जल्द से जल्द मरम्मत कराने का निर्देश दिया गया। नगर आयुक्त ने कहा कि नगर विकास और आवास विभाग द्वारा नई लाइटों के क्रय पर पूरे बिहार में रोक लगाई गई है। ऐसे में पितृपक्ष मेले में लाइटों के अति आवश्यकता को ध्यान में रखते हुए मरमत में लगने वाली नई लाइटों के क्रय के लिए नगर विकास विभाग से अनुमति और आवंटन की मांग की गई है।

बिहार में 6 अफसरों का वेतन रुका, 14 पैक्सों पर केस दर्ज, डीएम ने लिया ऐक्शन

पटना, एजेंसी। चावल आपूर्ति में संतोषजनक प्रदर्शन नहीं करने वाले छह प्रखंडों के सहकारिता प्रसार पदाधिकारी का वेतन अगले आदेश तक रोक दिया गया है। स्पष्टीकरण मांगा गया है। वहीं 14 पैक्सों पर अब तक केस दर्ज किया गया है और नौ अन्य पैक्स पर केस दर्ज करने की तैयारी है। जिलाधिकारी डॉ. चन्द्रशेखर सिंह ने मंगलवार को खरीफ विपणन मौसम 2023-24 अंतर्गत धान अधिप्राप्ति और सीएमआर आपूर्ति में प्रगति की समीक्षा की। इस दौरान पाया गया कि चावल आपूर्ति (सीएमआर) के मामले में पालीगंज, दुल्हिनबाजार, बिक्रम, धनरूआ, बिहटा तथा नौबतपुर

प्रखंड के सहकारिता प्रसार पदाधिकारियों ने लापरवाही बरती है। इन सभी से स्पष्टीकरण करते हुए उनका वेतन अगले आदेश तक रोक दिया गया है। डीएम ने कहा कि धान अधिप्राप्ति कार्यक्रम में चावल (सीएमआर) प्राप्त करने की अंतिम तिथि सरकार द्वारा 20 अगस्त निर्धारित थी। इसे 31 अगस्त तक विस्तारित कर दिया गया है। लापरवाही बरतने पर अब तक 14 पैक्स पर प्राथमिकी दर्ज की गई है। नौ अन्य पैक्स को भी चिह्नित किया गया है। इनमें चेसी, कौड़िया, राघोपुर, बेला, पैनाल, बेर्रा, कोसुत, गोविन्दपुर बौरही और डेवां हैं। इन पर एफआईआर दर्ज की जाएगी। जो भी पैक्स दायित्वों का निर्वहन नहीं कर रहे हैं उनके खिलाफ नीलाम पत्र दायर कर शतप्रतिशत राशि की वसूली के साथ ही उन्हें डिफॉल्टर घोषित करने की कार्रवाई की जाएगी। उनके निर्वाचन पर भी रोक लगाने की कार्रवाई होगी।

चावल जमा करने की रफ्तार धीमी, 31 तक बढ़ी तिथि : पटना। पैक्सों के चुनावी वर्ष में चावल जमा करने की रफ्तार धीमी है। अब भी 5.5 फीसदी चावल खाद्य निगम के गोदामों में जमा नहीं हो पाया है। इस बीच, खाद्य एवं उपभोक्ता संरक्षण विभाग ने चावल जमा करने की तिथि एक बार फिर 31 अगस्त तक बढ़ा दी है। विभाग ने दूसरी बार तिथि बढ़ाई गई है। विभाग के सचिव डॉ. एन सरवण कुमार ने आदेश जारी करते हुए कहा है कि चावल जमा करने में आ रही कठिनाई को देखते हुए तिथि बढ़ाई गई है। पैक्स अब 31 अगस्त तक खाद्य निगम के गोदामों में चावल जमा कर सकते हैं। इस वर्ष राज्य के पैक्सों में चुनाव है। बिहार राज्य चुनाव प्राधिकार 7000 से अधिक पैक्सों में चुनाव

औराई मुख्य बाजार तक जाने वाली सड़क जर्जर, फंस रहीं गाड़ियां

मुजफ्फरपुर, एजेंसी। प्रखंड मुख्यालय स्थित लोहिया चौक से औराई मुख्य बाजार तक जाने वाली सड़क पूरी तरह जर्जर हो गई है। सड़क में जगह-जगह बड़े-बड़े गड्ढे बन आए हैं। इसमें फंसकर आए दिन दो व तीन पहिया वाहन दुर्घटनाग्रस्त हो रहे हैं। यही नहीं, रोजाना दर्जनों राहगीर चोटिल भी हो रहे हैं। मंगलवार को भी ई-रिक्शा में इन गड्ढों में फंस कर पलट गई। इसमें सवार लोग बाल-बाल बचे।

स्थानीय व्यापारी अशोक चौधरी, गुड्डू साह, भोलू साह व अन्य ने बताया कि इसकी शिकायत मंत्री से लेकर विधायक तक से की गई। लेकिन, अब तक कई ठोस कदम नहीं उठाया गया। सड़क जर्जर होने से ग्राहक भी आने से परहेज करते हैं। व्यापारी ने कहा कि सड़क का निर्माण जल्द नहीं कराया गया तो वे स्थानीय लोहिया चौक को जाम कर प्रदर्शन करने को मजबूर होंगे।

चेहल्लुम के अखाड़े के लिए लाइसेंस लेना होगा अनिवार्य

पटना, एजेंसी। चेहल्लुम व जन्माष्टमी को लेकर शांति समिति के सदस्यों की बैठक सुल्तानगंज थाने में हुई। अध्यक्षता एएसपी शरथ आरएस ने की। उन्होंने कहा कि चेहल्लुम पर निकलने वाले अखाड़ों के लिए लाइसेंस लेना अनिवार्य होगा। लाइसेंस में पहलाम के लिए दिए गए रुट पर ही अखाड़े को निकालना होगा। डीजे पर प्रतिबंध रहेगा। सरकार की गाइडलाइन का अनुपालन करना होगा।

जन्माष्टमी को लेकर भी मंदिरों में पुलिस प्रशासन चौकस रहेगी। थानाध्यक्ष अजय कुमार ने विधि व्यवस्था बनाये रखने में सहयोग की अपील की। बैठक में उपस्थित शांति समिति के सदस्यों ने पानी, बिजली, सफाई समेत अन्य बुनियादी सुविधाओं की मांग रखी। बैठक में पार्षद ज्योति रंजन दास उर्फ बैजू लाल दास, गणेश कुमार, मधुरंजन कुमार चुन्नी, अनिल कुमार यादव, बहादुर, मो फैसल, मो शकील समेत दर्जनों की संख्या में लोग शामिल थे।

चेहल्लुम पर 23 को आग का मातम

पटना सिटी7 चेहल्लुम को लेकर आग का मातम 23 अगस्त को नौजर कटरा स्थित इमामबाड़ा में अंजुमन -ए -पंजेतनी की ओर से किया जाएगा। पंजेतनी के महासचिव अली इमाम, सचिव अली अब्बास ने बताया कि मजलिस और अलम का जुलूस भी निकलेगा। इसके बाद अंजुमन के लोग अंगारों पर अलम लेकर चलते हुए मातम करेंगे। 24 अगस्त को याहिया मंजिल चोआ लाल लेन से अलम व ताबूत का जुलूस निकाला जाएगा, जो पश्चिम दरवाजा तक आएगा। 25 अगस्त को जुलूस ए अलम हमाम से निकल कर शीश महल तक आएगा। जबकि, 26 अगस्त को बौली इमामबाड़ा से दुलदुल का जुलूस निकलेगा, जो नौजर कटरा तक आएगा। शाम को फिर बौली इमामबाड़ा से ही अलम का जुलूस निकलेगा, जो शाह बकार की तकिया, चैली टांड़ स्थित कर्बला तक आएगा। इधर, चेहल्लुम को लेकर शिया समुदाय की ओर से घर घर में मजलिस का सिलसिला कायम रहा। चेहल्लुम को लेकर एसडीओ गुंजन सिंह की ओर से प्रशासनिक तैयारी की जा रही है। बुधवार को शांति समिति के सदस्यों की बैठक है।

बिहार में 2000 कृषि समन्वयकों की होगी नियुक्ति, कृषि मंत्री का ऐलान

पटना, एजेंसी। राज्य में कृषि समन्वयकों के रिक्त 2 हजार पदों पर शीघ्र नियुक्ति की जाएगी। इसके लिए जल्द ही विज्ञापन प्रकाशित होगा। कृषि मंत्री मंगल पांडेय ने मंगलवार को कृषि भवन में 51 नवनियुक्त कृषि समन्वयकों को नियुक्ति पत्र देते हुए यह घोषणा की। वर्तमान में कृषि समन्वयक के 4391 पद स्वीकृत हैं। इसमें अभी 2400 कृषि समन्वयक कार्यरत हैं। कृषि मंत्री ने कहा कि बीपीएससी जल्द ही 866 प्रखंड कृषि पदाधिकारियों का रिजल्ट जारी करने वाला है। बीपीएससी से चयनित प्रखंड कृषि पदाधिकारियों को नियुक्ति पत्र एक माह के अंदर दे दी जाएगी। इसके साथ ही 155 नवचयनित सहायक निदेशक को भी नियुक्ति पत्र दिया जाएगा। उन्होंने कहा कि कृषि विभाग में रिक्त सभी पदों पर बहाली प्रक्रिया प्राथमिकता के आधार पर पूरी की जाएगी। इससे किसानों को योजनाओं का लाभ दिलाने में मदद मिलेगी।

उत्पादन बढ़ाने में कृषि समन्वयक की भूमिका : राज्य के किसानों को खुशहाल बनाकर बिहार और देश को विकसित बनाना सरकार का लक्ष्य है। कृषि समन्वयक के माध्यम से ही किसानों तक समय पर गुणवत्तापूर्ण बीज और उर्वरक पहुंचता है। फसल उत्पादन बढ़ाने में इनकी महत्वपूर्ण भूमिका है। उन्होंने कहा कि कृषि समन्वयकों की नियुक्ति होने से राज्य में कृषि विभाग की योजनाओं का जमीनी स्तर पर प्रचार-प्रसार करने में सहायता मिलेगी।

कृषि सचिव संजय कुमार अग्रवाल ने कहा कि राज्य सरकार की प्राथमिकता है किसानों को योजनाओं का लाभ दिलाना। कृषि समन्वयक कृषि विभाग और किसानों के बीच की कड़ी हैं। मौके पर कृषि निदेशक मुकेश कुमार लाल, उद्यान निदेशक अभिषेक कुमार, अपर सचिव शैलेन्द्र कुमार, संयुक्त सचिव मदन कुमार, मनोज कुमार, अपर निदेशक (शष्य) धनंजयपति त्रिपाठी, उप निदेशक (प्रशासन) मुकेश कुमार अग्रवाल, कृषि मंत्री के आप्त सचिव अमिताभ सिंह सहित विभागीय पदाधिकारी एवं कर्मचारीगण मौजूद थे।

युवा पीढ़ी वैज्ञानिक शोध व अविष्कार पर विशेष ध्यान दें

गया, एजेंसी। शहर के केंदुई में स्थित राजकीय पॉलिटेक्निक के सभागार में मंगलवार से तीन दिवसीय हैकथॉन-2024 कार्यक्रम शुरू हुआ। विज्ञान, प्रावैधिकी एवं तकनीकी शिक्षा की ओर से आयोजित कार्यक्रम का उद्घाटन अतिथियों ने किया। कार्यक्रम की अध्यक्षता करते हुए प्राचार्य डॉ. हिरण कुमार सिंह ने कहा कि नई पीढ़ी के युवाओं को वैज्ञानिक शोध व अविष्कारों पर विशेष ध्यान देना होगा। युवाओं से कहा कि वे इंजीनियर, टेक्नोलॉजिस्ट और इनोवेटर के रूप में देश की भविष्य गढ़ने की क्षमता रखते हैं। यह कार्यक्रम आपकी सीमाओं को आगे बढ़ाने, नए विचारों को खोज करने और विजन को जीवन में लाने में मदद करेगा। विज्ञान, प्रावैधिकी एवं तकनीकी शिक्षा के निदेशक उदयन मिश्रा, डॉ. चन्द्रशेखर सिंह, सचिव एसबीटीई व आईआईटी पटना (इंक्यूबेशन सेंटर) के जीएम जोसेफ पॉल ने वीडियो कांफ्रेंस से जुड़कर अपने विचार रखें। जल, स्वास्थ्य, विद्युत एवं शिक्षा की समस्याओं पर रचनात्मक एवं वैज्ञानिक सोच के साथ नवाचार के लिए अपनी-अपनी बातें रखें। छात्रों में तकनीकी शिक्षा, विज्ञान, अन्वेषण व नवाचार पर मार्गदर्शन किया। प्रतिभागियों का मनोबल बढ़ाते हुए हर संभव मदद देने की बात कही। कार्यक्रम में आईआईटी,पटना की ओर से उपलब्ध कराए गए टेक्निकल किट का प्रतिभागियों के बीच वितरण किया गया। कार्यक्रम में बतौर प्रतिभागी गया के राजकीय पॉलिटेक्निक के अलावा राजकीय पॉलिटेक्निक टिकारी, जहानाबाद व नालंदा के प्राचार्य,प्राध्यापक और छात्र इस कार्यक्रम में शामिल हुए।

चंपई सोरेन के तेवर पड़े नरम! बोले- पोस्ट से बताया अपना दर्द

बेटी से मिलने गया था दिल्ली

जमशेदपुर, एजेंसी। झारखंड से अचानक दिल्ली पहुंचकर एक पोस्ट के जरिए राजनीतिक हलचल मचा देने वाले पूर्व मुख्यमंत्री चंपई सोरेन तीन दिन बाद मंगलवार को दिल्ली से वापस लौट आए।

कोलकाता से सीधे सड़क मार्ग से जमशेदपुर आने के क्रम में वे बहरागोड़ा में कुछ देर रुके। जहां झामुमो कार्यकर्ताओं ने उनका स्वागत किया। चंपई भी कार्यकर्ताओं से मिले।

इस दौरान दिल्ली जाने व भाजपा में शामिल होने के सवाल पर उन्होंने कहा कि दिल्ली का दौरा मेरा निजी दौरा था, हमने पोस्ट करके अपने दिल का दर्द बता दिया। जो भावना है उस पर हम कायम हैं। अभी वहीं तक आप लोग रहिए। बाकी आप लोग इंतजार कीजिए।

रास्ते में फोन पर पूछे जाने पर उन्होंने कहा कि मैंने कभी नहीं कहा कि मैं भाजपा में शामिल होने के लिए दिल्ली जा रहा हूं। मैं दिल्ली अपनी बेटी से मिलने के लिए गया था।

मेरा पोता भी मेरे साथ था। वहां रक्षा बंधन में रुक गया था। मैंने किसी भी भाजपा के नेता से मुलाकात नहीं की। भाजपा में शामिल होने जैसी बात, ऐसा कौन कह रहे हैं, मुझे नहीं पता। मैं अपने निजी काम से दिल्ली गया था।

उन्होंने कहा कि झामुमो को खड़ा करने के लिए मैंने काफी मेहनत की है। अब आगे क्या करना है, यह अभी मैंने सोचा नहीं है। घर जाकर बैठकर आराम से सोचने के बाद ही किसी नतीजे पर विचार करूंगा।

उन्होंने कहा कि आगे मुझे राजनीति में क्या करना है। यह सोचकर अपना फैसला दूंगा। बता दें कि पूर्व मुख्यमंत्री चंपई सोरेन के अचानक दिल्ली चले जाने के बाद पूरे झारखंड में चर्चाएं शुरू हो गई थीं। चर्चा थी कि मंत्री चंपई सोरेन भाजपा में शामिल होने वाले हैं।

इसी चर्चा के कारण कांग्रेस, भाजपा और झामुमो के बीच बयानबाजी शुरू हो गई थी। तीनों पार्टी एक दूसरे को कोसने में लगी थीं। हालांकि, 15 अगस्त को बिरसा मुंडा स्टेडियम में एक बार भी अपने भाषण में मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन का नाम नहीं लेना।

अपने मुख्यमंत्री के कार्यकाल में किए गए कार्यों को जनता के बीच रखना, भाजपा के बड़े नेताओं द्वारा मंत्री चंपई सोरेन की तारीफ करना आदि बातों ने सियासी अटकलों को हवा दे दी थी।

पूरे झारखंड में इस बात की चर्चा होने लगी थी कि मंत्री चंपई सोरेन भाजपा में शामिल होने वाले हैं। जब वे दिल्ली चले गए तो इस चर्चा को और बल मिल गया था।

टीओआई की रिपोर्ट के अनुसार, मंगलवार को हेमंत ने पार्टी पर अपनी पकड़ मजबूत कर ली। बताया जा रहा है कि चंपाई के चार करीबी झामुमो विधायकों ने हेमंत से मुलाकात की और भाजपा में जाने की अटकलों को खारिज कर दिया। ये चारों विधायक रामदास सोरेन (घाटशिला), संजीव सरदार (पोटका), मंगल कालिंदी (जुगसलाई) और समीर कुमार मोहंती (बहरागोड़ा) थे। चंपाई मंगलवार को रांची वापस लौट आए हैं और उन्होंने जोर देकर कहा कि दिल्ली यात्रा के दौरान उन्होंने किसी भी भाजपा नेता से संपर्क नहीं किया। अब सबकी नजर उनके अगले कदम पर है।

वहीं हेमंत के घर के बाहर पत्रकारों से बातचीत करते हुए रामदास ने कहा, (झामुमो के संरक्षक और हेमंत के पिता) शिबू सोरेन हमारे राजनीतिक गुरु हैं और झामुमो मेरा घर है। मैं कहीं नहीं जा रहा हूं। हेमंत बाबू ने हमसे मुलाकात की और विधानसभा चुनाव को लेकर अपनी तैयारियां तेज करने का निर्देश दिया, क्योंकि अब बहुत कम समय बचा है। झामुमो पश्चिमी सिंहभूम अध्यक्ष रामदास ने इस बात से इनकार किया कि चंपाई ने हेमंत के खिलाफ बगावत करने को उनसे संपर्क किया। रामदास ने कहा, हम झामुमो में हैं और अगर चंपाई दा पार्टी में हैं, तो हम उनके साथ रहेंगे।

चंपाई सोरेन का आगे क्या होगा, इसके जवाब में रामदास सोरेन ने कहा कि ये वही बताएंगे। वह अपने विधानसभा क्षेत्र से जुड़े विकास कार्यों को लेकर सीएम आवास आए हुए थे। विधायक समीर मोहंती ने कहा कि वह झामुमो में हैं और झामुमो में ही रहेंगे। हेमंत सोरेन के हाथ को मजबूत करने का काम करेंगे। जो बातें उठीं हैं उस पर कभी कुछ नहीं कहा गया है। मोहंती ने कहा कि चंपाई सोरेन के बारे में हम क्या बोलेंगे। उनकी नाराजगी है तो वे ही बोलेंगे। साथ ही उन्होंने यह भी सवाल उठाया कि कौन बोल रहा है कि हमलोग भाजपा में जाएंगे हमलोगों ने पहले ही स्पष्ट कर दिया था कि दल-बदल का हमारा कोई इरादा नहीं है।

संक्षिप्त समाचार

टेल्को और बिष्टुपुर में फायरिंग करनेवालों का नहीं मिला सुराग

जमशेदपुर, एजेंसी। टेल्को के जेम्को आजादबस्ती मिश्रा बगान के पास 16 अगस्त को रेलवे ठेकेदार महेश मिश्रा की स्कॉर्पियो पर तथा 17 अगस्त की शाम को बिष्टुपुर मारुति शोरूम में हुई फायरिंग की घटना का पुलिस को कोई सुराग नहीं मिल पाया है। मामले में टेल्को थाना में नामजद आरोपी होने और फुटेज मिलने के बाद भी बदमाश का पता नहीं चल पाया है। अपराधी पकड़ से दूर हैं। वहीं बिष्टुपुर शोरूम में फायरिंग की घटना में पुलिस अंधेरे में तीर मार रही है। पुलिस को न तो फायरिंग का कारण पता चल पाया है और ना ही यह पता है कि किन युवकों ने घटना को अंजाम दिया है। फायरिंग के दूसरे दिन शोरूम के मैनेजर अमित द्वारा फायरिंग का मामला अज्ञात के खिलाफ दर्ज कराया गया था। दोनों मामलों में अपराधियों को पकड़ने के लिए एसएसपी किशोर कौशल के नेतृत्व में एसआइटी का गठन किया गया है। डीएसपी सिटी सुधीर कुमार और डीएसपी भोला प्रसाद लीड कर रहे है।

वहीं, 16 अगस्त की देर शाम महेश मिश्रा की स्कॉर्पियो पर बाइक सवार अपराधियों ने ताबड़तोड़ फायरिंग की। घटना में महेश के दोस्त सूरज कुमार यादव की हथेली पर गोली लगी थी। महेश के बयान पर टेल्को थाना में अग्नि पाठक, राजू यादन, मोहम्मद परवेज और अन्य दो तीन के खिलाफ मामला दर्ज कराया था। इस मामले फुटेज के आधार पर पुलिस टीम शहर से बाहर बिहार में छापेमारी कर रही है। चार दिन बीतने के बाद भी बदमाशों के ठिकाने का पता नहीं चल पाया।

चतरो में नशा मुक्ति अभियान के तहत जागरुकता रैली

गिरडीह, एजेंसी। देवरी के चतरो स्थित सशस्त्र सीमा बल (एसएसबी) कैंप में पदस्थापित अधिकारियों व जवानों द्वारा मंगलवार को नशामुक्ति अभियान कार्यक्रम के तहत जागरूकता रैली का आयोजन किया गया। जिसमें जनार्दन सिंह उच्च विद्यालय चतरो के छात्र-छात्राओं के साथ चतरो बाजार एवं आसपास के लोगों को नशा पान नहीं करने की सलाह दी गई। एसएसबी के अधिकारियों व जवानों ने रैली के माध्यम से लोगों को नशा के दुष्प्रभाव से अवगत करवाकर नशीली पदार्थों से परहेज करने संबंधी जानकारी दी गई। मौके पर एसआई आनन्द सिंह, एएसआई सुजीत विश्वास, हेड कांस्टेबल के रविंद्र, आलोक कुमार, राकेश कुमार राय, गुड्डू कुमार आदि लोग उपस्थित थे।

आदिवासी समुदाय के लोगों ने श्रमदान कर की सड़क की मरम्मत

गिरडीह, एजेंसी। बगोदर प्रखंड के जरमुन्ने पश्चिमी पंचायत अंतर्गत गैड़ाही गांव के आदिवासियों ने मंगलवार को श्रमदान कर गांव की सड़कों की मरम्मत की है। श्रमदान में 60 की संख्या में महिला- पुरुष जुटे हुए थे। जीटी रोड बीस माइल से गैड़ाही गांव जाने वाले नहर के रास्ते में मिट्टी डालकर सड़क की मरम्मत की गई है। वैसी जगहों पर सड़कों में मिट्टी डालकर मरम्मत की गई है जहां बारिश में जल जमाव हो जाता था और उसके बाद ग्रमीणों को आवागमन में परेशानियों का सामना करना पड़ता था। मरम्मत के बाद फिलहाल सड़क पर अब जल जमाव होने की संभावना खत्म हो गई है। बता दें कि गैड़ाही गांव में सिर्फ आदिवासी परिवार के लोग रहते हैं। जीटी रोड से गांव जाने के लिए यूं तो तीन सड़कें हैं मगर तीनों कच्ची है। इससे बारिश के दिनों में ग्रामीणों को आवागमन करने में परेशानी का सामना करना पड़ता है। इसे देखते हुए श्रमदान के तहत सड़क की मरम्मत की गई है। श्रमदान में मीना देवी, मंजू देवी, मुनिया कुमारी, पार्वती देवी, सीतामुनी देवी, झुमरी कुमारी, मुनिया कुमारी, बसंती देवी, अजय मरांडी, प्रभु मुर्मू, नरेश मुर्मू, राजू मुर्मू, रामजी मुर्मू, सुधीर मुर्मू, बाबूलाल मुर्मू, तुलसी हांसदा, संदीप मुर्मू, चरका मुर्मू, सहदेव मुर्मू सहित 60 की संख्या में मजदूर जुटे हुए थे।

गूंज संस्था के द्वारा की गई पहल: श्रमदान के तहत सड़क मरम्मत की पहल गूंज संस्था के द्वारा की गई। संस्था के सरयू प्रसाद इसका नेतृत्व कर रहे थे। उन्होंने बताया कि ग्रामीणों के साथ उन्होंने बैठक की थी और श्रमदान के तहत सड़क की मरम्मत किए जाने का निर्णय लिया गया था। इसके बाद ग्रामीणों के द्वारा सड़क की मरम्मत श्रमदान के तहत की गई।

श्रमदान के बदले मजदूरों को मिलेगा कीट: सड़क मरम्मत कार्य में श्रमदान करने वाले मजदूरों के बीच गूंज संस्था दिल्ली के द्वारा कीट दी जाएगी। कीट में बेडशीट, दरी, कंबल, साड़ी, गमछा, गंजी आदि सामान रहेगा। सरयू प्रसाद ने बताया कि मजदूरों को श्रमदान के लिए प्रेरित करने के लिए उनके बीच कीट का वितरण किया जाएगा।

कर्मियों को बंधक बना पंप के पार्ट्स लूटे, पिट वाटर ठप

रांची, एजेंसी। केशलपुर कोलियरी की बंद दो नंबर खदान परिसर में हुई घटना, कर्मियों ने दहशत कतरास के रामकनाली ओपी क्षेत्र अंतर्गत केशलपुर कोलियरी की बंद दो नंबर भूमिगत खदान में शनिवार की देर रात अपराधियों ने चार कर्मियों को बंधक बनाकर पंप में लगे लाखों के पार्ट्स लूट लिये. घटना के बाद कॉलोनियों में पिटवाटर की सप्लाई ठप हो गयी है. इससे करीब दो हजार की आबादी प्रभावित है. बंधक बनाये गये कर्मी महेंद्र प्रसाद ने बताया कि देर रात 20-25 की संख्या में अपराधी हथियार लेकर खदान पहुंचे और सभी को बंधक बना लिया. केपलैंप व जेब में रखे रुपये अपराधियों ने छीन लिये. इसके बाद पंप के पार्ट्स-पुर्जे खोल कर ले गये. अपराधियों के जाने के बाद घटना की सूचना प्रबंधक को दी. इस संबंध में रामकनाली ओपी के प्रभारी मंगल प्रसाद कुजूर ने कहा कि घटना की मौखिक सूचना मिली है. लिखित शिकायत मिलने पर कार्रवाई की जायेगी. इधर, एसीएम नागदेव यादव ने बताया कि घटना लगातार हो रही घटनाओं से कर्मियों में दहशत है. विदित हो कि शुक्रवार की रात भी कर्मियों को बंधक बनाकर अपराधियों ने 20 फीट केबल लूटा था. कोलियरी में लगातार हो रही लूटपाट की घटनाओं से कर्मियों में दहशत है. यूनियन नेताओं का कहना है कि प्रबंधन कोई पहल नहीं कर रहा है. विक्ट्री कोलियरी - केबल लुटेरों ने सीआइएसएफ व कर्मियों पर किया पथराव, एक जवान का सिर फटा बीसीसीएल की विक्ट्री कोलियरी में रविवार तड़के केबल लुटेरों ने पांच लाख का केबल लूट कर भागने का प्रयास किया. इस दौरान सीआइएसएफ जवानों व कर्मियों ने अपराधियों को रोका, तो अपराधियों ने सीआइएसएफ व कर्मियों पर पथराव शुरू कर दिया. इससे वहां भगदड़ मच गयी. पथराव से सीआइएसएफ जवान संजीव सिंह का सिर फट गया. उसे इलाज के लिए केंद्रीय अस्पताल धनबाद मे भर्ती कराया गया है. सूचना पाकर सीआइएसएफ के कई जवान पहुंचे. यह देख अपराधी केबल छोड़ कर भाग गये. शनिवार की रात चानक पर सीआइएसएफ व कर्मियों की ड्यूटी थी. भोर में जवानों की ड्यूटी बदली, उसी दौरान केबल लुटेरों का दल पहुंचा और केबल लूट कर भागने लगे. इस संबंध में पीओ अजय कुमार का कहना है कि सीआइएसएफ द्वारा प्रबंधन को सूचना नहीं दी गयी है।

पश्चिमी सिंहभूम में धारदार हथियार से युवक की हत्या कर सड़क के बीचों बीच फेंका, जांच में जुटी पुलिस

चक्रधरपुर , एजेंसी। पश्चिमी सिंहभूम के टोकलो थाना क्षेत्र में मंगलवार देर रात एक युवक की धारदार हत्या से कर दी गयी है. घटना पैदमपुर गांव की है. उसका शव सड़क के बीचों बीच बरामद हुआ है. मृतक की पहचान जिलिंगबुरु टोला गांव निवासी 22 वर्षीय माली बोयपाई के रूप में हुई है. फिलहाल पुलिस मामले की जांच कर रही है.

हत्या के कारणों का पता नहीं: जानकारी के अनुसार मृत युवक का शव ग्रामीणों ने सड़क पर देखा. जिसके बाद इसकी सूचना पुलिस और उसके को दी गयी. सूचना मिलते ही पुलिस तुरंत घटनास्थल पर पहुंचकर शव को अपने कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया. इसके बाद आसपास के लोगों से पूछताछ कर मृत युवक के बारे में जानकारी ली गयी. खबर लिखे जाने तक हत्या के कारणों का पता नहीं चल सका है.

परिजनों ने शव को देखकर जतायी हत्या की आशंका: मृत युवक के परिजनों ने शव देखकर हत्या की आशंका जतायी है. जबकि एएसपी पारस राणा ने बताया कि शव देखने पर पहली नजर में ऐसा लग रहा है कि कोई चार पहिया वाहन ने युवक को रौंद दिया है. क्योंकि शरीर के कई हिस्सों में कटने का निशान है. पुलिस यह भी पता लगाने में जुटी है कि कहीं युवक का किसी साथ कोई विवाद तो नहीं था. हालांकि इस संबंध में अब तक कोई भी पुख्ता जानकारी नहीं मिल सकी है।

धनबाद रेल मंडल 21 जगहों पर बनेगा गति शक्ति मल्टी मॉडल टर्मिनल

धनबाद , एजेंसी। परिवहन में रेलवे की हिस्सेदारी बढ़ाने के लिए धनाबद रेल मंडल में 21 जगहों पर गति शक्ति मल्टी मॉडल टर्मिनल बनाया जायेगा. टर्मिनल पर व्यवसायी व ट्रांसपोर्टर अपने सामान रख पायेंगे. इसके लिए रेलवे को इससे रेलवे का राजस्व बढ़ेगा. यह काम रेलवे निजी हाथों में देगी. इसके लिए ट्रांसपोर्टरों, विकासशील फॉर्मों सरकारी और सार्वजनिक क्षेत्र के उपक्रम समेत अभिरुचि रखने वालों से आवेदन मांगा है. टर्मिनल को आधुनिक परिवहन और हैंडलिंग सुविधाओं के साथ विकसित किया जाना है। रिचुघुटा, दनिया, पाथरडीह, चरही, बेस, चैनपुर, चेतर, टोरी, मेलारग्राम, बरकाकाना, पतरातू, बीराटोली आदि जगहों पर गति शक्ति मल्टी मॉडल टर्मिनल बनाया जायेगा. नियमानुसार अभी पार्सल या मालगाड़ी से सामान आने पर उसे रखने के लिए समय निर्धारित है. निर्धारित समय के बाद रेलवे अलग से चार्ज वसूलता है. लेकिन टर्मिनल को विकसित करने पर उसे रेलवे को निर्धारित शुल्क देकर वहां अपने सामानों को अपने आवश्यकता के अनुसार रख पायेंगे।

चंपई दा विभीषण तो रावण कौन है बन्ना गुप्ता के बयान पर भड़के सुदेश, कहा- राम भक्त हैं, ढहा देंगे लंका

पटमदा, एजेंसी। झारखंड सरकार में स्वास्थ्य मंत्री बन्ना गुप्ता द्वारा पूर्व मुख्यमंत्री चंपई सोरेन को विभीषण कहे जाने पर आजसू प्रमुख सुदेश महतो ने तंज कसा है। सुदेश महतो ने कहा अगर चंपई दा विभीषण हैं तो राज्य में रावण कौन है, बन्ना गुप्ता को बताना चाहिए। वैसे जनता सब जानती है।

सुदेश महतो मंगलवार को पूर्वी सिंहभूम जिले के पटमदा प्रखंड के कटीन में एक समारोह को संबोधित कर रहे थे। इस दौरान, उन्होंने कहा कि झामुमो के चरित्र में विकास नहीं है। झामुमो ने सिर्फ एक परिवार का विकास किया है। मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन का नाम लिए बिना सुदेश महतो ने कि हम राम के भक्त हैं। लंका को ढहा देंगे। हमारी सोच पढ़ाई, दवाई, कमाई और न्याय हैं।

आजसू प्रमुख ने कहा कि अबुआ आवास योजना के नाम पर हेमंत सरकार ने राज्य के लोगों को ठगने का काम किया है। तीन लाख बोलकर दो लाख दिया जा रहा है। राज्य में 29 लाख अबूआ आवास आवेदन जमा हुआ।

उन्होंने अबुआ आवास योजना में धांधली किए जाने का आरोप लगाया है। उन्होंने दावा किया कि अबुआ आवास बबुआ लोग बना रहे, जो दस हजार देगा उसे मिलेगा आवास। तीन माह से लोगों को पेंशन और राशन तक नहीं मिला है। इस मौके पर झामुमो सहित विभिन्न संगठनों से हजारों की संख्या में लोगों ने आजसू का दामन थामा। विशिष्ठ अतिथि पूर्व मंत्री रामचंद्र सहिस ने कहा कि वर्तमान सरकार में प्रशासन निरंकुश है।

जमशेदपुर में उड़ान भरने के महज 15 मिनट बाद लापता हुआ एयरक्राफ्ट, चांडिल डैम में गिरने की आशंका

संवाद सूत्र, चांडिल (जमशेदपुर), एजेंसी। जमशेदपुर के सोनारी एयरपोर्ट से उड़ान भरने के 15 मिनट बाद एक एयरक्राफ्ट लापता हो गया। लापता एयरक्राफ्ट के चांडिल डैम में गिरने आशंका जताई जा रही है। स्थानीय प्रशासन और एनडीआरएफ टीम विमान को खोजने में जुटी हुई हैं।

प्रत्यक्षदर्शी तपन मांझी ने बताया कि वह और अपने दोस्त रुसु मांझी डैम में स्नान कर रहे थे। इसी दौरान, डैम के ऊपर एक विमान उड़ान भरते दिखा। लेकिन, थोड़ी ही देर में देखा कि विमान अपना नियंत्रण खो रहा है।

प्रत्यक्षदर्शी तपन मांझी ने बताया कि विमान तो पहले डैम के करीब आया, इसके बाद उसने फिर से एक ऊंची उड़ान भरी। लेकिन, कुछ ही देर में वह फिर वापस नीचे की ओर आने लगा। तेजी से नजदीक आता विमान सीधे डैम के पानी में गिर गया।

तपन ने बताया कि जैसे विमान पानी में गिरा, डैम के पानी का फव्वारा बनकर करीब 30 से 40 फीट तक ऊपर उठा। विमान गिरने की लोकेशन कोयलागढ़ प्रतापपुर शिव मंदिर के आसपास बताई जा रही है। विमान को क्रैश होने के बाद दोनों युवक विमान गिरे स्थान के आसपास गए, लेकिन विमान गिरने का कोई सुराग नहीं मिला। डैम से बाहर निकलकर दोनों युवक इसकी सूचना गांव वाले को दी, लेकिन गांववालों ने दोनों की बात पर विश्वास नहीं किया। इस बीच देर शाम एयरक्राफ्ट का अता-पता नहीं चलने के बाद प्रशासन हरकत में आया। एसडीओ शुभ्रारानी,डीएसपी सुनील कुमार राजवार चांडिल थाना प्रभारी वरूण यादव चांडिल डैम पहुंचे।

एनडीआरएफ की टीम को मौके पर बुलाया गया। खोजबीन शुरू की गई। 10 बजे के करीब एनडीआरएफ की टीम दो जेट से चांडिल डैम के अंदर गई। काफी खोजबीन की गई, लेकिन अबतक कुछ भी पता नहीं चल सका है। मंगलवार देर रात तक डैम और आसपास के क्षेत्रों में इसकी तलाश जारी रही।

सूत्रों के अनुसार, बुधवार सुबह कोयलागढ़ क्षेत्र के पास डैम में विमान के गिरने की लोकेशन मिली। सुबह एनडीआरएफ की टीम चांडिल डैम पहुंची।

स्थानीय पुलिस प्रशासन की टीम चांडिल डैम और आसपास के क्षेत्रों में मौजूद है। मंगलवार को यहां विभिन्न गांव से लोगों द्वारा विमान को गिरते देखने की जानकारी दी गई थी। पानी में एक पायलट का जूता मिलने की भी बात कही जा रही है। हालांकि, अधिकारियों ने अभी इसकी पुष्टि नहीं की है।

जलजमाव के खिलाफ विधायक राज सिन्हा का जलसत्याग्रह

धनबाद, एजेंसी। शहर की धैया मंडल बस्ती में जलजमाव के खिलाफ विधायक राज सिन्हा मंगलवार को जलसत्याग्रह पर बैठे. लगभग तीन घंटे तक पानी में बैठे रहे. नगर निगम की ओर से जल निकासी की व्यवस्था करने के बाद विधायक ने आंदोलन समाप्त किया. मंगलवार को विधायक सुबह नौ बजे के करीब धैया मंडल बस्ती के मुख्य जलजमाव वाले क्षेत्र में पहुंचे. यहां पानी के बीच ही वह बैठ गये. उनके साथ कई समर्थक एवं आस-पास के नागरिक भी बैठे. विधायक के जलसत्याग्रह पर बैठते ही नगर निगम की टीम मौके पर पहुंची. आस-पास सफाई शुरू करायी. पानी निकालने की कोशिश शुरू हुई. नगर आयुक्त रविराज शर्मा भी पहुंचे. दो-तीन घंटे में वहां जमा पानी को अस्थायी रूप से हटाया गया. इसके बाद नगर आयुक्त के आग्रह पर विधायक ने जलसत्याग्रह समाप्त करने की घोषणा की. विधायक ने मांग की कि जब तक स्थायी समाधान नहीं हो जाता है, तब तक पुराना रास्ता जो मणींद्र नाथ मंडल द्वार से दुर्गा मंदिर होते हुए धैया स्थित रानी बांध के पास आइएसएम गेट से होते हुए निकलता है, उसे वैकल्पिक रास्ते के तौर पर स्थानीय लोगों की सुविधा के लिए खोला जाये. इस पर नगर आयुक्त ने आश्वस्त किया कि उपायुक्त के साथ बैठक में आइएसएम के डायरेक्टर से वार्ता कर इस वैकल्पिक रास्ते को चालू करेंगे. विधायक ने कहा कि 13 फीट गड्ढा कर सिंफर के पास मिलायी जाने वाली नाली की योजना को धरातल पर उतारें या बड़े शहरों की तर्ज पर सड़क के नीचे बड़े-बड़े अंडरग्राउंड सिवरेज बनायें, जिसके ऊपर से सड़क भी होती है. ऐसी योजनाओं के लिए कंसल्टेंट बुलाकर समस्या का समाधान करने का प्रयास करें. नगर आयुक्त ने सभी बिंदुओं पर सकारात्मक आश्वासन दिया.

एक सप्ताह बाद स्थिति की समीक्षा करेंगे : विधायक राज सिन्हा ने बताया कि यहां पिछले दो साल से बरसात के दिनों में जल जमाव की समस्या से स्थानीय लोग परेशान हैं. बावजूद इसके अधिकारी सजग नहीं हैं. सप्ताह भर बाद पुनः उपायुक्त के साथ बात कर कार्य की प्रगति पर चर्चा करेंगे. अगर जल्द ही इसका स्थायी समाधान नहीं निकाला गया, तो पुनः आंदोलन करेंगे. मुख्य सड़क पर धरना देंगे. मौके पर भाजपा बरटांड़ मंडल के अध्यक्ष किशोर मंडल, राजकुमार मंडल, जगबंधु मंडल, पूर्व पार्षद प्रफुल मंडल, देवेन मंडल, रंजन हलदार, संपा हलदार, मनोज सिंह, मुकुर सुराल, भोला हलदार, नारायण हलदार, तरुण सरकार सहित कई सदस्य मौजूद थे. आंदोलन में भाजपा के भी कई नेता-कार्यकर्ता शामिल हुए। भाजपा रानीबांध के पास विधायक राज सिन्हा के जल सत्याग्रह पर भाजपा के ही कुछ नेताओं ने सोशल मीडिया पर ट्रोल किया. तरह-तरह के पोस्ट डाले. विधायक के समर्थन में भी समर्थकों ने मोर्चाबंदी शुरू कर दी है. भाजयुमो महानगर के जिला उपाध्यक्ष जयंत सिंह चौधरी ने लिखा है कि 10 साल की अपार सफलता के बाद भी, आज आपको अपने पापों के लिए नाली में डुबकी लगाकर अपना पाप धोना पड़ रहा है. इस पर कई भाजपा नेताओं ने तरह-तरह के कमेंट्स किये हैं. किसी ने लिखा है कि यह पाप बक्सर जा कर धुलेगा. एक ने लिखा है कि जैसा कर्म करोगे वैसा फल मिलेगा।



संपादकीय

खनिज संपदा पर -सुप्रीम कोर्ट ने दिया बड़ा निर्णय

किसी भी राज्य के विकास और आर्थिक संपन्नता में उसके अपने संसाधनों की अहम भूमिका होती है। मगर, देश के कुछेक राज्य ऐसे हैं, जहां प्राकृतिक संसाधन तो भरपूर हैं, लेकिन उन्हें इनका पूरा लाभ नहीं मिल पा रहा था। इसका कारण केंद्र सरकार और राज्यों के बीच करों तथा उपकरों के बंटवारे को लेकर विवाद था। खनिज संपदा पर किसका हक है, यह सवाल कई मौकों पर उठता रहा। पिछले महीने सर्वोच्च न्यायालय ने इस विवाद का निपटारा करते हुए व्यवस्था दी कि खनिज भंडार राज्य की संपदा हैं। फिर राज्यों को एक और बड़ी राहत बुधवार को मिली, जिसमें उन्हें खनिजों और खनिज-युक्त भूमि पर केंद्र सरकार द्वारा पिछले बारह वर्षों में क्रमबद्ध तरीके से वसूले गए कर का बकाया लेने की अनुमति मिल गई। दरअसल, यह मामला इसलिए उलझा हुआ था कि संविधान में खदानों के आबंटन से संबंधित सीमाएं तय करने का अधिकार केंद्र सरकार को दिया गया है। जमीन और इमारत आदि पर शुल्क लगाने का अधिकार राज्य सरकारों को है। इसलिए राज्यों में खनिजों पर कर केंद्र सरकार लगा रही थी। मगर, सर्वोच्च न्यायालय की संविधान पीठ ने पिछले महीने स्पष्ट कर दिया था कि खनिज राज्य की संपदा हैं, इसलिए वे पट्टे की कीमत तय कर सकते हैं।खदानों और खनिज-युक्त भूमि पर कर लगाने का विधायी अधिकार राज्यों का है। कुछ राज्यों में प्राकृतिक संसाधन ही राजस्व अर्जित करने का मुख्य स्रोत होता है, इसलिए अगर खनिजों पर भी केंद्र सरकार ही कर वसूलेगी तो राज्यों को अपने विकास कार्यों के लिए धन जुटाना मुश्किल हो जाएगा।सर्वोच्च न्यायालय के इस फैसले के बाद राज्य खनिजों और खनिज-युक्त भूमि पर केंद्र सरकार की ओर से वसूली गई रायल्टी और कर की बकाया राशि के भुगतान की मांग कर रहे थे। हालांकि केंद्र सरकार ने इसका विरोध किया, मगर शीर्ष अदालत ने केंद्र की दलीलों को खारिज कर राज्यों को खनिजों और खनिज-युक्त भूमि पर वसूले गए।

आतंकी घटनाओं में नहीं आ रही कमी

आतंकवाद किसी भी देश की तरक्की में बहुत बड़ी बाधा है। इससे पार पाने के लिए कड़े कदम और व्यावहारिक रणनीति की जरूरत होती है। मगर तमाम दावों और सख्ती के बावजूद अगर जम्मू-कश्मीर में आतंकवाद की जड़ें पूरी तरह नष्ट नहीं हो पा रहीं, तो इसके पीछे व्यवस्थागत कमजोरियां ही बड़ी वजह हैं। पिछले दस वर्षों से घाटी में आतंकवाद को खत्म करने के दावे किए जा रहे हैं। इसके लिए सुरक्षाबलों को चौकस किया गया है, सीमा पार से होने वाली घुसपैठ पर लगाम कसी गई है, राज्य का विशेष दर्जा खत्म कर दिया गया। मगर वहां आतंकी घटनाओं में पहले की तुलना में कोई उल्लेखनीय कमी दर्ज नहीं हो पा रही। थोड़े-थोड़े दिनों पर दहशतगर्द घात लगा कर सुरक्षाबलों के काफिले पर हमला कर देते हैं। इस तरह पिछले दस वर्षों में सैकड़ों जवान, फौजी अफसर और आम नागरिक मारे जा चुके हैं। जम्मू के डोडा में तलाशी अभियान के दौरान एक फौजी अफसर की शहादत उसी की एक कड़ी है। बताया जा रहा है कि वहां तलाशी अभियान के दौरान आतंकियों से सुरक्षाबलों की मुठभेड़ हुई और गोली लगने से सैन्य टुकड़ी की अगुआई कर रहा अफसर शहीद हो गया। पिछले महीने भी डोडा में तलाशी अभियान के दौरान मुठभेड़ में चार जवान और एक सैन्य अधिकारी शहीद हो गए थे। जम्मू-कश्मीर का विशेष दर्जा खत्म करने के बाद दावा किया गया था कि वहां आतंकवाद पूरी तरह समाप्त हो जाएगा। बीच-बीच में आंकड़े भी दिए जाते रहे कि अब घाटी में आतंकी गतिविधियां काफी कम हो गई हैं और आतंकी कुछ इलाकों तक सिमट कर रह गए हैं। मगर हकीकत यह है कि शायद ही कोई महीना गुजरता है, जब आतंकी घात लगा कर हमला नहीं करते। वे थोड़े-थोड़े समय पर अपनी रणनीति बदलते और सुरक्षाबलों का ध्यान भटकाने का प्रयास भी करते रहते हैं। अब उन इलाकों में भी दहशतगर्दों की मौजूदगी दर्ज होने लगी है, जहां पहले प्राय- शांति हुआ करती थी। सरकार का दावा है कि आतंकियों को वित्तीय मदद पहुंचाने वालों पर शिकंजा कसा जा चुका है। सड़क के रास्ते पाकिस्तान से होने वाली तिजारत पहले ही रोक दी गई थी, जिससे सीमा पार से आने वाले हथियारों और गोला-बारूद की आपूर्ति पर रोक लगने का दावा किया जाता है। सीमा पार से घुसपैठ की कोशिशें भी काफी हद तक नाकाम कर दी जाती हैं। फिर भी घाटी में दहशतगर्दों के पास साजो-सामान और वित्तीय मदद पहुंच जा रही है और वे लगातार सक्रिय हैं।

कश्मीर में भी बज उठी चुनावी रणभेरी

(अश्वनी कुमार, वरिष्ठ पत्रकार)

जम्मू-कश्मीर में दस साल बाद विधानसभा की 90 सीटों के लिए चुनावों की घोषणा के बाद लोगों में एक बार फिर उम्मीद की लहर जागी है। लोग अपने इलाके की तस्वीर बदलना चाहते हैं। हाल ही में लोकसभा चुनाव में लोग जिस तरह वोट डालने बाहर निकले, उसे देखते हुए उससे कहीं ज्यादा वोट विधानसभा चुनावों में डाले जाने की उम्मीद है। यह विधानसभा चुनाव इसलिए भी ज्यादा दिलचस्प है, क्योंकि अलगाववादी नेता इस बार या तो जेलों में बंद हैं या चुप्पी साधे बैठे हैं। 5 अगस्त, 2019 को जम्मू-कश्मीर से अनुच्छेद 370 और 35ए को खत्म करने के बाद यह पहला विधानसभा चुनाव है। पुराने राज्य जम्मू-कश्मीर के दो टुकड़े हो गए थे। एक तरफ, जम्मू-कश्मीर केंद्रशासित, तो दूसरी तरफ लद्दाख केंद्रशासित। इस बार सभी समीकरण यहां बदल गए हैं। यहां लोग शांति के साथ रहना चाहते हैं। जिस तरह से लोगों ने इस बार लोकसभा चुनावों में वोट डाले और 35 साल का रिकॉर्ड तोड़ दिया, उसे ध्यान में रखना चाहिए। साल 1990 में यहां आतंकवाद शुरू हुआ था, उसके बाद के चुनावों में पांच से 15 प्रतिशत मतदान होता था, लेकिन पिछली बार सारे रिकॉर्ड तोड़कर 55 प्रतिशत मतदान हुआ। पिछली बार भाजपा और महबूबा मुफ्ती की पीडीपी ने मिलकर चार साल सरकार चलाई। साल 2014 के विधानसभा चुनावों में पीडीपी को 28 सीटें मिली थीं, जबकि भाजपा को 25, पर चार साल बाद गठबंधन सरकार तब गिर गई, जब भाजपा ने समर्थन वापस ले लिया। तब से महबूबा मुफ्ती और भाजपा के बीच 36 का आंकड़ा चल रहा है। इस बार सितंबर और अक्तूबर में तीन चरण में होने वाले चुनावों में नेशनल कॉन्फ्रेंस के उप-प्रधान उमर अब्दुल्ला और पीडीपी की प्रधान महबूबा मुफ्ती ने घोषणा की है कि ये दोनों विधानसभा चुनाव तब तक नहीं लड़ेंगे, जब तक कि जम्मू-कश्मीर को अनुच्छेद 370 और 35ए वापस नहीं दिया जाता और जम्मू-कश्मीर को राज्य का दर्जा वापस नहीं मिलता है। गौरतलब है, ये दोनों पूर्व मुख्यमंत्री, उमर अब्दुल्ला अपनी बारामुला लोकसभा सीट और महबूबा मुफ्ती अपनी अनंतनाग सीट से काफी वोटों से हार गए थे। उमर अब्दुल्ला को सबसे ज्यादा झटका तब लगा, जब दिल्ली की तिहाड़ जेल में बंद पूर्व विधायक इंजीनियर रशीद से वह करीब दो लाख वोटों से हार गए थे। ऐसे ही, महबूबा अपनी अनंतनाग लोकसभा सीट नेशनल कॉन्फ्रेंस के गुज्जर नेता, मियां अल्ताफ से हार गईं। तब से दोनों पूर्व मुख्यमंत्री सदमे में हैं। बहरहाल, 5 अगस्त, 2019 के बाद जम्मू-कश्मीर के समीकरण बदल गए हैं। पहले पुराने राज्य में 87 सीटें होती थीं, पर इस बार 90 सीटें हैं। कश्मीर से 47 और जम्मू क्षेत्र की 43 सीटें हैं। 1987 के विधानसभा चुनावों के बाद से ही जम्मू-कश्मीर में अलगाववादी नेताओं का काफी दबदबा रहता था। बताते हैं, जिस पार्टी को जमात-ए-इस्लामी और आतंकवादी संगठन हिजबुल मुजाहिदीन का समर्थन मिलता था, उसकी सरकार बनती थी। हालांकि, इस बार अलगाववाद और उग्रवाद का दबदबा खत्म हो गया है। बम और बंदूक का खौफ मिट गया है। कश्मीर में पत्थरबाजी की घटनाएं न के बराबर हैं, तो चुनावी नतीजे रोचक होंगे। बदले हुए माहौल में वोट डाले जाएंगे। उमर अब्दुल्ला ने भले ही एलान किया है कि वह विधानसभा चुनाव नहीं लड़ेंगे, लेकिन उनके पिता फारूक अब्दुल्ला ने कहा है कि उनकी पार्टी सभी विधानसभा सीटों पर चुनाव लड़ेगी। वैसे, नेशनल कॉन्फ्रेंस और पीडीपी ने अभी तक यह फैसला नहीं किया है कि वे किसी से गठबंधन करेंगे या नहीं। लोकसभा चुनावों में नेशनल कॉन्फ्रेंस और कांग्रेस ने जम्मू की दो सीटों और कश्मीर की तीन सीटों पर मिलकर चुनाव लड़ा था। महबूबा और उमर आपस में भी लड़ने वाले थे, पर बाद में दोनों हट गए थे। इस बार के चुनावों में नेशनल कॉन्फ्रेंस, पीडीपी, भाजपा और कांग्रेस के अलावा सज्जाद लोन की पीपुल्स कॉन्फ्रेंस और अल्ताफ बुखारी के लिए चुनाव लड़ना आसान न होगा। हाल ही के लोकसभा चुनावों में पड़े वोटों को अगर देखा जाए, तो 90 सीटों में से नेशनल कॉन्फ्रेंस 34 सीटों पर आगे है, जबकि कांग्रेस सात सीटों पर आगे है। यहां सरकार बनाने के लिए 46 सीटें आनी चाहिए। इसी तरह, भाजपा के लोकसभा डेटा को अगर देखा जाए, तो उसको 29 विधानसभा सीटों पर बढ़त मिली है, पर ये सभी सीटें जम्मू में हैं। सबसे ज्यादा जद्दोजहद महबूबा मुफ्ती, सज्जाद लोन और अल्ताफ बुखारी की अपनी पार्टी को करनी पड़ेगी। पीडीपी को इस बार पांच विधानसभा सीटों में बढ़त मिली थी, जबकि 2014 चुनावों में उसको 28 सीटें मिली थीं। बारामुला लोकसभा से जीते हुए सांसद इंजीनियर रशीद भी पीडीपी को कड़ा मुकाबला देने वाले हैं। हालांकि, इंजीनियर रशीद जेल में बंद हैं, पर उनके दोनों बेटे चुनावी मुद्रा में दिख रहे हैं। गौरतलब है कि इंजीनियर रशीद की जम्मू ऐंड कश्मीर अवामी इत्तेहाद पार्टी ने उतरी कश्मीर की बारामुला लोकसभा सीट के तहत आने वाली में 14 विधानसभा सीटों में बढ़त ली है, यह नेशनल कॉन्फ्रेंस और पीडीपी के लिए सिरदर्द है। इन दोनों पहचान रखने वाली पार्टियों को इस बार साख बचाने के लिए बहुत जोर लगाना पड़ेगा। नेशनल कॉन्फ्रेंस और पीडीपी सत्ता में रह चुकी हैं, कश्मीर में विकास की कमजोर रफ्तार के लिए इन दोनों पार्टियों को जिम्मेदार ठहराने वालों की संख्या भी कम नहीं है। महबूबा मुफ्ती और उमर अब्दुल्ला को अपने पुख्ता जवाब के साथ मैदान में उतरना होगा। भाजपा और कांग्रेस को भी इन विधानसभा चुनावों में काफी मशक्कत करनी पड़ेगी। दोनों पार्टियों का वोटबैंक जम्मू की 43 सीटों पर ही केंद्रित है। पिछले दस साल में भाजपा को जम्मू में काफी नुकसान हुआ है, क्योंकि जम्मू क्षेत्र के लोगों का आरोप है कि पिछले कुछ वर्षों में शासन की वजह से जम्मू का सारा व्यापार खत्म हो गया है और बेरोजगारी बढ़ी है। कांग्रेस पार्टी में अंदरूनी फूट की वजह से भी पार्टी के वोटबैंक को नुकसान पहुंच रहा है। बहरहाल, जम्मू-कश्मीर में चुनावी बिगुल बज चुका है और मुख्य चुनावी मुद्दों पर बात कहां जाती है, ये देखने वाली बात होगी। अनुच्छेद 370, 35ए, बेरोजगारी, आतंकवाद, राज्य का दर्जा दिए जाने और केंद्र के साथ अच्छे रिश्ते को लेकर भी खूब बातें होंगी और देखना है कि लोग किसे ज्यादा सुनते हैं?

(ये लेखक के अपने विचार हैं)

पहले पुराने राज्य में 87 सीटें होती थीं, पर इस बार 90 सीटें हैं। कश्मीर से 47 और जम्मू क्षेत्र की 43 सीटें हैं। 1987 के विधानसभा चुनावों के बाद से ही जम्मू-कश्मीर में अलगाववादी नेताओं का काफी दबदबा रहता था। बताते हैं, जिस पार्टी को जमात-ए-इस्लामी और आतंकवादी संगठन हिजबुल मुजाहिदीन का समर्थन मिलता था।

खुद अपना नाखुदा बनना होगा

(शशि शेखर)

क्या आपने 15 अगस्त को प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का लाल किले के प्राचीर से दिया गया भाषण सुना? उन्होंने कहा, 'चुनौतियां हैं, अनगिनत चुनौतियां हैं, चुनौतियां भीतर भी हैं, चुनौतियां बाहर भी हैं और जैसे-जैसे हम ताकतवर बनेंगे... बाहर की चुनौतियां और बढ़ने वाली हैं और मुझे उसका भली-भांति अंदाज है, लेकिन मैं ऐसी शक्तियों को कहना चाहता हूं, भारत का विकास किसी के लिए संकट लेकर नहीं आता। हम विश्व में समृद्ध थे, तब भी हमने कभी दुनिया को युद्ध में नहीं झोंका है। हम बुद्ध के देश हैं, युद्ध हमारी राह नहीं है।' भारतीय प्रधानमंत्री का यह कथन मुझे शेख हसीना वाजेद और कभी उनके पाकिस्तानी समकक्ष रहे इमरान खान की याद दिलाता है। वे और उनके मुल्क संकट से गुजर रहे हैं। भारत और उसके नेता बेखौफ हैं। शेख हसीना ने अपनी जलावतनी के कुछ दिन बाद अपने पार्टीजनों को लिखे खत में दावा किया है कि अगर मैंने अमेरिका को सेंट मार्टिन द्वीप दे दिया होता, तो आज मेरा यह हाल न होता। इससे पहले 27 मई, 2024 को शेख हसीना ने यह भी कहा था- वे बांग्लादेश और म्यांमार के कुछ हिस्सों को लेकर पूर्वी तिमोर की तरह एक ईसाई देश बनाएंगे, जिसका आधार बंगाल की खाड़ी में होगा। 'वे' से उनका आशय किससे है? यह समझना मुश्किल नहीं। शेख हसीना वाजेद के ये दोनों कथन बहुत महत्वपूर्ण हैं। बीसवीं सदी से ही यह दुनिया हर कुछ दशक में नया निजाम गढ़ने की अभ्यस्त हो चुकी है। पहले महायुद्ध के ढाई दशक के भीतर दूसरा विश्व-युद्ध शुरू हो गया था। उसकी तपिश ठंडी पड़ी न थी कि सोवियत संघ और अमेरिका ने आस्तीनें चढ़ा लीं। वर्ष 1991 में सोवियत संघ बिखरा और पूंजीवादी सहअस्तित्व का तथाकथित नया दौर शुरू हुआ। अब उसका शीराजा भी बिखरने लगा है और दूसरे शीत युद्ध की आहटें सुनाई पड़ रही हैं। इस बार चीन और अमेरिका रू-ब-रू हैं। अमेरिका चीन की सरगोशियों को हर हाल में लाल सागर से बढ़ने से रोकना चाहता है। इसके लिए उसे बांग्लादेश या भारत में सामरिक अड्डे की आवश्यकता है। म्यांमार में जिस तरह चीन का दखल बढ़ रहा है, उससे भी साफ है कि अगर यह काम तुरंत नहीं हुआ, तो देर हो जाएगी। बांग्लादेश पर इसीलिए दबाव बनाने की कोशिश हुई। शेख हसीना नहीं चाहती थीं कि आर्थिक विकास की डगर पर बढ़ रहा उनका मुल्क किसी भी तरह की औपनिवेशिक ताकत का निवाला बने। आज बांग्लादेश में सिले कपड़े अमेरिका, चीन और दुनिया के तमाम देशों में पहने जाते हैं। उसे अपनी तरक्की के लिए सभी की जरूरत है। वह किसी एक की शरण में क्यों जा पड़े? हसीना का यह नजरिया अपने देश के लिए भले लाभकर रहा हो, उनके देश-निकाले का कारण बन गया। अब इमरान खान पर आते हैं। उन्होंने भीषण सियासी संघर्ष के बाद सत्ता हासिल की थी। शुरू के कुछ वर्ष तो ठीक गुजरे, पर बाद में सरकार के अंदर संघर्ष बढ़ने लगा और साथ ही बाहरी दबाव भी सघन होता चला गया। रावलपिंडी स्थित सेना मुख्यालय कोई मौका नहीं चूकना चाहता था। उसने भी इमरान विरोधियों का साथ दे दिया। नतीजतन, इमरान खान जेल में हैं। उनकी शरीक-ए-हयात बुशरा बीबी भी सलाखों के पीछे हैं। अब उनके जन-समर्थन को तोड़ने की कोशिशें की जा रही हैं। इमरान ने भी अमेरिका पर अपनी सरकार को गिराने का आरोप लगाया था। मीडिया हाउस द इन्टर्सेप्ट ने पाकिस्तानी हुकूमत के गोपनीय दस्तावेजों के आधार पर पिछले वर्ष दावा किया था कि यूक्रेन-रूस युद्ध के दौरान पाकिस्तान का तटस्थ रवैया वाशिंगटन को नागवार गुजरता था। दावे के अनुसार, अमेरिकी विदेश विभाग ने 7 मार्च, 2022 को पाकिस्तानी अधिकारियों के साथ आयोजित बैठक में इमरान खान को गद्दी से हटाने का दबाव बनाया था। मैं यहां आपको इंदिरा गांधी की याद दिलाना चाहूंगा। आज यह छिपा हुआ तथ्य नहीं है कि 1980 के दशक में भारत में कहर बरपा करने वाले तथाकथित खालिस्तानी उग्रवादियों को हथियार, वैचारिक वितंडावाद, विभेदकारी रणनीति और विनाशकारी फॉर्मूला पश्चिम में बैठे लोगों ने मुहैया करवाए थे।

सुडोकू पहेली — क्रमांक- 5468

		4				6		1
		7	2				8	
		9	3					2
			1					9
6	2	1	5		9	4	7	3
5					4			
4					3	5		
	3				2	8		
1		6				3		

नियम : प्रत्येक पंक्ति में 1 से 9 तक अंक भरे जाने आवश्यक हैं, इनका क्रमवार होना आवश्यक नहीं है। आड़ी व खड़ी पंक्ति में एवं 3x3 के वर्ग में अंक की पुनरावृत्ति न हो, पहले से मौजूद अंकों को आप हटा नहीं सकते।

सुडोकू पहेली क्र. 5467

5	8	9	6	1	7	3	4	2
2	4	1	3	5	9	8	6	7
3	7	6	8	4	2	9	5	1
4	9	2	7	6	8	1	3	5
6	3	8	1	2	5	7	9	4
7	1	5	9	3	4	6	2	8
8	2	3	4	9	1	5	7	6
9	5	7	2	8	6	4	1	3
1	6	4	5	7	3	2	8	9

वर्ग पहेली 5468



संकेत: बाएं से दाएं
1. 1988 को इस देश की संविधान सभा ने संविधन को मंजूरी दी (3)
4. निद्रा को जीत लेने के कारण पांड़ुपुत्र अर्जुन का एक नाम (4)
7. जिसका कोई स्वामी हो (3)
8. रहस्योक्ति, बतौर नायक सत्यजीत की पहली फिल्म (1977)(2)
10. कच्चे आम या इमली आदि से बनाया गया खट्टा-मीठा पदार्थ (2)
11. कसम, सौगंध, हलफ (3)
13. हिंदू सम्प्रदाय में विवाह की एक रस्म (3)
14. गुणित, प्रहारित, पिटा (2)
15. यह छत्रपति शिवाजी का शस्त्र है, खड्ग (4)
17. सूजी, अत्यंत महीन कण (2)
18. पुराणानुसार यह इंद्र का सारथि था (3)
20. मित्र, दोस्त, सखा, उपपति (2)
21. परस्पर निर्वाह, गुजारा, बसर (3)
23. धनपति, मालदार, जिसके पास अपार संपत्ति हो, धनाढ्य (3)
24. संगीत में स्वर का विस्तार, खींच, स्वर भंगिमा, आलाप (2)

ऊपर से नीचे
1. तीतल को अंग्रेजी में यह कहते है (2)
2. जीवित रहना, जिंदा रहना (2)
3. सराबोर, कीचड़ आदि शरीर पर लगा हुआ (4)
4. क्रिकेट में गेंदबाजी की एक तकनीक (3)
5. वृक्ष की शाखा, अवपातन (2)
6. बिस्मिल्लाखां नाम इस वाद्य के साथ जुड़ा है (4)
10. वेतन, तनख्वाह (3)
11. प्रसिद्ध फिल्मी शायर अखलाक मुहम्मद खान का यह उपनाम है (5)
12. चप्पू, क्षेपणी, हथवांस (4)
13. प्रश्नवाचक (उर्दू)(4)
15. तमाशा देखने वाले, कौतुकदर्शी (4)
16. दुर्व्यसन, बुरी आदत (2)
19. खनिकर्म, खोदने की क्रिया (3)
22. गंतव्य स्थान, संज्ञात, मुकाम (2)

वर्ग पहेली 5467 का हल

स	र	ला	ग्रे	वा	ल		क
र		ज	ने	त		क	टि
ख	र		ड	च		ल	ब
ती	ज			क्र	म	ब	द्ध
	त	ह			त	ल	
	ज	या	प्र	दा			भू
ज	यं	त		ख्वि	द	म	त
पा	ती		स	ला	म		ल

आज का राशिफल

मेष
आज दिन सफलता से भरा होगा। आपको किसी नए संपर्क से लाभ मिलेगा। जो लोग रिसर्च और विज्ञान से जुड़े हैं उनका दिन नई योजनाएं बनाने में बीतेगा। रुका हुआ धन कठिनाई से मिलेगा, रोजमर्रा के कामों में कोताही न बरतें। व्यवसायिक उन्नति से आत्मविश्वास में वृद्धि होगी। आप जो भी कार्य करेंगे उसमें आपके लिए सफलता के संयोग बन रहे हैं।

वृष
आज भाग्य का साथ मिलेगा और आपको हर कार्य में सफलता मिलेगी। आपका आर्थिक संकट दूर होगा और किस्मत आपका साथ देगी। काफी संघर्ष के बाद आज आपको परेशानियों से कुछ राहत मिलेगी। किसी कार्य के लिए आपको शहर से बाहर यात्रा पर जाना पड़ सकता है। आपको छोटे मोटे काम के लिए समय निकालना पड़ सकता है।

मिथुन
आज दिन लाभ से भरा होगा और आपका मन शुभ कार्य में लगेगा। आपके घर में किसी शुभ कार्य का आयोजन हो सकता है। आपके धन में वृद्धि होगी और कार्य सफल होंगे। जीवन स्तर को सुधारने के लिए कुछ खास प्रयास कर सकते हैं।

कर्क
आज दिन लाभ प्रदान करने वाला माना जा रहा है। उच्चाधिकारियों की घनिष्टता से आपके कार्य सफल होंगे और आप अपने करियर मे आगे बढ़ पाएंगे। आयात निर्यात के व्यवसाय आरंभ का निर्णय भी आज हो सकता है। समय के सदुपयोग से आपका सितारा बुलंद होगा और आपकी किस्मत चमकेगी।

सिंह
आज करियर में सफलता मिलने के योग हैं और आपके लिए उन्नति के नए रास्ते खुलेंगे। अध्ययन और आध्यात्म में रुचि बढ़ेगी। विवादास्पद प्रकरण समाप्त होंगे। गुप्त शत्रु व ईर्ष्यालु साथियों से सावधान रहें। किसी को आज रुपया उधार न दें वापस नहीं मिलेगा। आपको आज बिजनस के मामले में कोई फैसला लेने से पहले विशेष रूप से सावधान रहने की जरूरत है।

कन्या
आज दिन सम्मान से भरा होगा और आपका दिन लाभ से भरा होगा। अगर आप किसी प्रकार की ट्रेडिंग करते हैं या फिर शेयर बाजार से जुड़े हैं तो आपको लाभ होगा। शुभ समाचार भी दिन भर प्राप्त होते रहेंगे। मित्रों में भी हास्य विनोद बढ़ेगा।

तुला
आज दिन काफी व्यस्तता में बीतेगा और आपको काफी दौड़भाग करनी पड़ेगी। आपकी मेहनत सफल होगी और आपको करियर में विशेष लाभ होगा। किसी प्रकार की उलझन और चिंता आपको परेशान कर सकती है। यदि सबकी सहमति हो जाए तो कहीं स्थान परिवर्तन का विचार बनाएं। आपको लाभ होगा और कार्य पूर्ण होंगे।

वृश्चिक
आज दिन काफी बिजी रहेगा और आपको रोजाना से अधिक काम करना पड़ सकता है। आपको किसी प्रकार की अधिक भागदौड़ करनी पड़ेगी। तब जाकर आपको सफलता मिलेगी। आप अपने कार्य को उत्साहपूर्वक पूरा करें। कुछ समय बाद इससे भी बेहतरीन अनुबंध आपको प्राप्त होगा। आपके लिए लाभ के योग बने हैं और धन सम्मान में वृद्धि होगी।

मकर
आज दिन लाभ से भरा होगा और आप बिना वजह काफी परेशान रहेंगे। कुछ परेशान आपकी अपनी वजह से हो सकती हैं। सामाजिक और व्यवसायिक क्षेत्र में विरोधियों के कारण आपको परेशानी हो सकती है। आप अपने साहस और बुद्धिमानी से ही इन लोगों को पराजित कर सकते हैं। अपने काम पर ध्यान दें और किसी से फालतू की बात न करें।

कुंभ
आज भाग्य साथ देगा और आपके सभी रुके कार्य पूर्ण होंगे। तनाव अपने ऊपर हावी न होने दें। आपकी कोई नवीन योजना सफल होगी और कारोबार में आपको लाभ होगा। पुराने झगड़े झंझटों से छुटकारा मिलेगा। अधिकारी वर्ग में सामंजस्य बढ़ेगा। निराशाजनक विचारों को मन में न आने दें। आपके लिए समय बहुत अनुकूल है। मन काफी प्रसन्न रहेगा। आपके धन सम्मान में वृद्धि होगी।

धनु
आज आपका समय तेजी से आगे बढ़ने का है। आपकी अप्रत्याशित उन्नति को देखकर सभी हैरान होंगे और आपकी खुद की नजर भी अपनी उपलब्धियों पर लग सकती है। प्रगति की इस गति को स्थायी रखने से आपको लाभ होगा और आपके रुके कार्य पूर्ण होंगे। आपकी प्रतिष्ठा को धक्का लग सकता है। व्यर्थ की मान बढ़ाई से दूर रहें और अपने काम पर फोकस करें।

मीन
आज दिन चिंता फिक्र और परेशानी वाला रहेगा। आपको कारोबार में बिक्री न होने से चिंता परेशान करेगी। पिछले काफी दिनों से व्यवसाय नियमित नहीं है। अस्थिरता आपका पीछा नहीं छोड़ रही है। नौकरी व्यवसाय में यदि आप सुधार करना चाहते हैं तो आपको आलस्य और आराम का त्याग करना पड़ेगा। ऐसा करने से आपको लाभ होगा और भाग्य आपका साथ देगा।

स्वामी, प्रकाशक, मुद्रक एवं संपादक श्रीराम अम्बष्ट द्वारा भास्कर प्रिंटिंग प्रेस, (डी वी कार्पो. लि.) उड़ान टोला, दानापुर कैंट, शिवाला रोड, खगौल, पटना में मुद्रित एवं सोन वर्षा वाणी बिल्डिंग, क्लब रोड, औरंगाबाद (बिहार) से प्रकाशित
संपादक- श्रीराम अम्बष्ट, उप संपादक- **साकेत अम्बष्ट** फोन/फैक्स-०6186-226116 मो.-9934957121, E-mail : sonevershavani@gmail.com, **RNI-BIHHIN/1998/3009**

संक्षिप्त समाचार

बलौदाबाजार हिंसा में गिरफ्तार कांग्रेस विधायक देवेंद्र यादव को कोर्ट से भी झटका, जमानत नहीं

रायपुर, एजेंसी। छत्तीसगढ़ के बलौदाबाजार कलेक्टोरेट में हुए हिंसक प्रदर्शन मामले में गिरफ्तार भिलाईनगर विधायक देवेंद्र यादव की न्यायिक रिमांड को कोर्ट ने 7 दिनों के लिए बढ़ा दिया है। मंगलवार को जिला सत्र न्यायालय बलौदाबाजार में न्यायाधीश अजय खाखा की अदालत में वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से सुनवाई हुई। कोर्ट ने कांग्रेस विधायक देवेंद्र की जमानत याचिका खारिज करते हुए न्यायिक रिमांड अवधि को आगे बढ़ा दिया है। फिलहाल रूबदेवेंद्र यादव अभी जेल में ही रहेंगे। मंगलवार को पूर्व सीएम भूपेश बघेल, नेता प्रतिपक्ष चरणदास महंत, पूर्व डिप्टी सीएम टीएस सिंहदेव सहित 15 कांग्रेसी नेता विधायक देवेंद्र यादव से मिलने रायपुर सेंट्रल जेल गए थे। उधर बलौदाबाजार जिला सत्र न्यायालय ने विधायक देवेंद्र यादव की न्यायिक रिमांड को 7 दिनों के लिए बढ़ा दिया। अब वे 27 अगस्त तक न्यायिक हिरासत में जेल में बंद रहेंगे। बता दें कि बलौदाबाजार में हिंसक प्रदर्शन मामले में विधायक देवेंद्र यादव को पुलिस 4 दिन पहले गिरफ्तार किया है। बलौदाबाजार हिंसा मामले में विधायक देवेंद्र यादव की गिरफ्तारी के खिलाफ छत्तीसगढ़ कांग्रेस सड़क से लेकर सदन तक की लड़ाई लड़ने की तैयारी में है। छत्तीसगढ़ के सभी जिला मुख्यालयों में 24 अगस्त को धरना-प्रदर्शन किया जाएगा। विधायक की गिरफ्तारी को लेकर कांग्रेस विधायक दल की बड़ी बैठक रायपुर के राजीव भवन में हुई, जिसमें प्रदर्शन की रणनीति पर मंत्रणा की गई। नेता प्रतिपक्ष चरणदास महंत ने बताया कि इस मामले को लेकर 23 अगस्त को सभी विधायक राज्यपाल से मुलाकात करने जाएंगे। वहीं सभी जिला मुख्यालय में संबंधित क्षेत्र के विधायक पीसी करेंगे। राजीव भवन में विधायक दल की बैठक के बाद कांग्रेसी नेता गिरफ्तार भिलाईनगर विधायक देवेंद्र यादव से मिलने जेल पहुंचे। पूर्व सीएम भूपेश बघेल ने प्रदेश सरकार पर देवेंद्र यादव को धोखे से गिरफ्तार करने का आरोप लगाया है। बघेल ने कहा कि देवेंद्र ने बताया है कि उसे स्वद्धक्रकी कॉपी नहीं दी है। किस अपराध पर गिरफ्तार किया यह भी नहीं बताया। बघेल ने कहा कि देवेंद्र यादव को जितनी भी नोटिस मिली वह धारा 160 के तहत थी, जो गवाही के लिए होती है। बता दें कि देवेंद्र यादव की गिरफ्तारी के बाद से भूपेश बघेल लगातार प्रदेश के विष्णुदेव साय सरकार पर हमला बोल रहे हैं।

कानपुर हाईवे पर भीषण सड़क हादसा : नेशनल हाईवे पर गाड़ी और ट्रक के बीच टक्कर

इटावा, एजेंसी। कानपुर हाईवे पर बुधवार की सुबह भीषण सड़क हादसा हुआ। इटावा के इकदिल थाना क्षेत्र के अंतर्गत हुए इस हादसे में एक ही परिवार के 4 लोगों की मौत हो गई। मरने वालों में एक महिला और तीन पुरुष शामिल हैं। वहीं, दो लोग गंभीर रूप से घायल हो गए। घायलों को इलाज के लिए नजदीकी अस्पताल ले जाया गया है। घायलों में एक बच्चा भी शामिल है। इटावा के इकदिल में हुए इस हादसे के पीछे कहा जा रहा है कि कार चालक को झपकी लग गई थी। जिसके चलते वह कार पर संतुलन संभाल नहीं सका। बुधवार सुबह 6.30 बजे हुई इस घटना की सूचना मिलने पर इकदिल पुलिस मौके पर पहुंची। वहीं, दमकल विभाग को भी घटना की सूचना दी गई। घंटों की मशक्कत के बाद दमकल विभाग के कर्मियों और पुलिस कर्मियों ने कार में फंसे शवों को बाहर निकाला। पोस्टमार्टम के लिए चार शवों को जिला अस्पताल भेज दिया गया है। पुलिस के अनुसार, अभी शवों की पहचान नहीं हो सकी है। बताया जा रहा है कि दिल्ली से एक परिवार कार में सवार होकर हमीरपुर के लिए निकला था। यहां कार ने सड़क पर खड़े एक ट्रक को पीछे से टक्कर मार दी। टक्कर इतनी तेज थी कि परिवार के चार लोगों की मौत हो गई। अन्य दो लोग गंभीर रूप से घायल हो गए। इटावा के जिला अस्पताल आपातकालीन विभाग के डॉक्टर के अनुसार, चार पहिया वाहन और ट्रक के बीच टक्कर हो गई। हादसे में एक बच्चा और एक महिला गंभीर रूप से घायल है। 4 शव भी अस्पताल लाए गए हैं। 2 घायलों को सैफई रेफर कर दिया गया है।

कसाब को दिलवा चुके हैं फांसी, अब बदलापुर रेप केस में पैरवी करेंगे उज्जवल निकम

मुंबई, एजेंसी।
अब तक आतंक और दुष्कर्म जैसे जघन्य मामलों में 628 आरोपियों को आजीवन कारावास और 37 को मौत की सजा दिलवाने वाले उज्जवल निकम बदलापुर केस की पैरवी सरकार की तरफ से करेंगे। महाराष्ट्र के उपमुख्यमंत्री देवेंद्र फडणवीस ने खुद इसकी जानकारी सार्वजनिक की है। डिप्टी सीएम के कार्यालय ने एक्स पर लिखा, उपमुख्यमंत्री देवेंद्र फडणवीस ने घोषणा की है कि बदलापुर में हुई दुर्भाग्यपूर्ण घटना की तेजी से जांच की जाएगी और मामला फास्ट-ट्रैक कोर्ट में जाएगा। वरिष्ठ वकील उज्जवल निकम को विशेष सरकारी वकील नियुक्त करने का निर्णय लिया गया है। उज्जवल निकम ने इससे पहले कई हाई-प्रोफाइल मामलों में बतौर वकील पैरवी की है।

26 नवंबर 2008 को मुंबई में हुए आतंकवादी हमलों में पकड़े गए एकमात्र आतंकवादी अजमल कसाब को फांसी के फंदे तक उन्होंने अपनी मजबूत दलीलों से पहुंचाया था। लश्कर-ए-तैयबा के सदस्य कसाब को नवंबर 2012 में पुणे की यरवदा जेल में फांसी दी गई थी। देश के चौथे सबसे बड़े नागरिक सम्मान पद्मश्री से सम्मानित उज्जवल निकम ने इस साल मुंबई उत्तर मध्य निर्वाचन क्षेत्र से सत्तारूढ़ भाजपा के लिए लोकसभा चुनाव लड़ा था। हालांकि, उन्हें बेहद करीबी मुकाबले में कांग्रेस की वर्षा गायकवाड़ ने हरा दिया। इस बीच, ठाणे जिले के बदलापुर में मंगलवार को दो चार वर्षीय लड़कियों के साथ उनके स्कूल के सफाईकर्मी द्वारा कथित यौन उत्पीड़न के मामले में बड़े पैमाने पर विरोध प्रदर्शन हुआ। गुस्साए प्रदर्शनकारियों ने बदलापुर रेलवे स्टेशन पर धावा बोल दिया और पटरियों को अवरुद्ध कर दिया। भीड़ ने पुलिस के साथ झड़प की और उस स्कूल में तोड़फोड़ की जहां यह अपराध हुआ था। कई घंटों की नाकेबंदी के बाद शाम को पुलिस ने भीड़ पर लाठीचार्ज किया और पटरियों को खाली कराया। महाराष्ट्र के उपमुख्यमंत्री और राज्य के गृह मंत्री फडणवीस ने एफआईआर दर्ज करने में शुरुआती देरी के लिए तीन पुलिसकर्मियों को निलंबित भी किया है।

बुलेट ट्रेन परियोजना पर तेजी से चल रहा काम

मुंबई, एजेंसी। मुंबई-अहमदाबाद बुलेट ट्रेन प्रोजेक्ट को लेकर बड़ा अपडेट सामने आया है। गुजरात के नवसारी जिले में नेशनल हाईवे 48 पर 260 मीटर लंबे पीएससी ब्रिज का निर्माण कार्य पूरा कर लिया गया है। नेशनल हाई स्पीड रेल कॉर्पोरेशन लिमिटेड की ओर से मंगलवार को प्रेस विज्ञप्ति जारी की गई। इसके अनुसार, मुंबई-अहमदाबाद बुलेट ट्रेन कॉरिडोर का वायडक्ट गुजरात के नवसारी जिले के अमदपुर गांव में है, जो दिल्ली और चेन्नई के बीच नेशनल हाईवे-48 (गुजरात और महाराष्ट्र से होकर) के उपर से होकर गुजर रहा है। हाईवे पर पूरा किया गया पहला पीएससी बैलेंस्ड कैंटिलीवर ब्रिज है। इस ब्रिज में 104 सेग्मेंट्स हैं जिनमें 50, 80, 80, 50 मीटर के चार स्पेन हैं। यह ब्रिज सूरत और बिलिमोरा बुलेट ट्रेन स्टेशन के बीच स्थित है। एनएच-48 देश के सबसे व्यस्त हाईवे में से एक है। इसलिए हाईवे पर लॉन्चिंग सावधानी पूर्वक योजना बनाकर सटीकता के साथ पूरी की गई है। केंद्रीय रेल मंत्री अश्विनी वैष्णव ने बीते दिनों कहा था कि बुलेट ट्रेन परियोजना पर तेजी से काम चल रहा है। उन्होंने बताया कि बुलेट ट्रेन में 2 कैटेगरी होंगी, पहली सामान्य और दूसरी स्पेशल वर्ग की। उन्होंने कहा कि 320 फिलर बनाने का काम पूरा हो गया है। समुद्र के नीचे करीब 50 मीटर गहरी सुरंग बनाने और स्टेशन बनाने का काम भी तेजी से चल रहा है। उन्होंने बताया कि 1995 से 2012 तक दिल्ली मेट्रो के निदेशक रहे ई श्रीधरन ने एक बहुत अच्छी व्यवस्था मेट्रो में की कि श्रेणी का वर्गीकरण नहीं होना चाहिए।

बाल ठाकरे ने राजीव गांधी की आलोचना की, लेकिन ईडी ने उन्हें तंग नहीं किया: उद्धव

मुंबई, एजेंसी।
शिवसेना (उद्धव बालासाहब ठाकरे) प्रमुख उद्धव ठाकरे ने मंगलवार को पिता को याद कर इशारों-इशारों में केंद्र सरकार पर जमकर निशाना साधा। उन्होंने कहा कि दिवंगत प्रधानमंत्री राजीव गांधी ने कभी बाल ठाकरे के पीछे केंद्रीय एजेंसियां नहीं लगाई। उन्होंने कहा कि अविभाजित शिवसेना और कांग्रेस अतीत में कट्टर प्रतिद्वंद्वी थीं, लेकिन दोनों दलों ने कभी भी एक-दूसरे के प्रति बदले की भावना से काम नहीं किया।

पूर्व प्रधानमंत्री राजीव गांधी की जयंती के अवसर पर यहां आयोजित एक कार्यक्रम में ठाकरे ने यह भी कहा कि केंद्रीय एजेंसियों ने कभी भी शिवसेना नेताओं के दरवाजे नहीं खटखटाए, जबकि पार्टी के संस्थापक बाल ठाकरे ने तत्कालीन प्रधानमंत्री के बारे में तीखी बातें कही थीं। सद्भावना दिवस कार्यक्रम का आयोजन कांग्रेस की मुंबई इकाई द्वारा किया गया।

भारतीय जनता पार्टी के साथ 2019 में रिश्ते टूटने के बाद शिवसेना ने कांग्रेस के साथ गठबंधन किया। उद्धव ठाकरे ने कहा, शिवसेना और कांग्रेस कट्टर प्रतिद्वंद्वी थीं, लेकिन दोनों दलों ने कभी भी एक-दूसरे के प्रति बदले की भावना से काम नहीं किया। पूर्व मुख्यमंत्री ने नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व वाली केंद्र सरकार पर निशाना साधते हुए कहा कि प्रधानमंत्री के तौर पर राजीव गांधी कभी चुनौतियों का सामना करने से पीछे नहीं हटे, जबकि मौजूदा सरकार मणिपुर और कश्मीर में हिंसा भड़कने पर भी चिंतित नहीं है।

कार्यक्रम में कांग्रेस के राष्ट्रीय अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे और राष्ट्रवादी कांग्रेस पार्टी (एसपी) प्रमुख शरद पवार भी मौजूद थे। तीनों ही दल विपक्षी गठबंधन महाविकास अघाड़ी का हिस्सा हैं। राज्य में कुछ महीनों में ही चुनाव होने हैं, लेकिन अब तक एमवीए की तरफ से मुख्यमंत्री चेहरे के नाम का ऐलान नहीं किया गया है।

बंद होने वाला है एंबिएंस मॉल अंडरपास? नोटिस देकर जीएमडीए अधिकारी परेशान

गुरुग्राम एजेंसी।
गुरुग्राम महानगर विकास प्राधिकरण (जीएमडीए) ने दिल्ली-जयपुर हाईवे पर सिरहौल बॉर्डर के पास बने एंबिएंस मॉल यू टर्न अंडरपास को बंद करने की चेतावनी एंबिएंस डिवेलपर्स एंड इंफ्रास्ट्रक्चर प्राइवेट लिमिटेड और डीएलएफ साइबर सिटी डिवेलपर्स लिमिटेड को दी है। इस अंडरपास के निर्माण में खर्च राशि का 25-25 प्रतिशत का भुगतान इन दोनों कंपनियों ने करना था। डीएलएफ ने तो 50 प्रतिशत राशि दी, लेकिन एंबिएंस ने कोई राशि नहीं दी। पिछले तीन साल से इन दोनों कंपनियों को राशि की अदायगी के नोटिस देकर परेशान हो चुके जीएमडीए अधिकारियों ने इसे बंद करने का फैसला लिया है। गत 11 जून को जीएमडीए के मुख्य कार्यकारी अधिकारी ए.श्रीनिवास के नेतृत्व में एंबिएंस मॉल यू टर्न अंडरपास के निर्माण में खर्च राशि की वसूली को लेकर एक बैठक हुई थी। इसमें एंबिएंस और डीएलएफ कंपनी के प्रतिनिधियों ने हिस्सा लिया था। इन दोनों कंपनियों को 30 जून तक राशि की अदायगी करने के आदेश जारी किए थे, लेकिन इन्होंने इस चेतावनी को गंभीरता से नहीं लिया। गत नौ अगस्त को इस मामले में जीएमडीए के मुख्य कार्यकारी अधिकारी की अध्यक्षता में बैठक हुई। मौजूद अधिकारियों ने फैसला लिया कि दोनों कंपनियों को 23 अगस्त तक की मोहलत दी जाए। यदि इस समयावधि में यह राशि जमा नहीं करवाती हैं तो अंडरपास को यातायात के लिए बंद कर दिया जाए। इस

मामले में एंबिएंस डिवेलपर्स एंड इंफ्रास्ट्रक्चर प्राइवेट लिमिटेड के मालिक राज सिंह से बात करने का प्रयास किया, लेकिन उनका पक्ष नहीं मिल सका। बता दें कि एनएचएआई की तरफ से जीएमडीए से इस राशि की मांग की जा रही है। पिछले महीने एनएचएआई अध्यक्ष संतोष कुमार आईएएस की अध्यक्षता में इस सिलसिले में बैठक भी बुलाई थी। वहीं, डीएलएफ के एक अधिकारी ने बताया कि जीएमडीए के सीईओ की बैठक में बताया है कि समझौते की शर्तों की पालना नहीं हुई है। समझौते में शर्त थी कि दिल्ली-जयपुर हाईवे पर शंकर चौक से लेकर सिरहौल बॉर्डर तक यू टर्न को बंद किया जाएगा। सिर्फ यू टर्न अंडरपास से यातायात का आना-जाना होगा, लेकिन ऐसा नहीं हुआ है। शंकर चौक के समीप यू टर्न अंडरपास बंद नहीं हुआ है। डीएलएफ साइबर सिटी से निकल रहे वाहनों को शंकर चौक यू टर्न पर यातायात जाम में फंसना पड़ता है। सड़क दुर्घटना होने का डर बना रहता है। यू टर्न अंडरपास की राशि जीएमडीए को चुकाने के लिए पिछले साल एंबिएंस कंपनी ने एंबिएंस आईलेंड और एंबिएंस लगून के फ्लैट मालिकों को नोटिस दिए थे। उन्हें 14.61 रुपये प्रति वर्ग फीट के हिसाब से यू टर्न अंडरपास के निर्माण की एवज में राशि देने के लिए कहा था, जिसका विरोध इन सोसाइटियों के फ्लैट मालिकों ने किया था। जीएमडीए के एक अधिकारी ने बताया कि इन दोनों बिल्डर से राशि रिकवर करने के लिए नगर एवं ग्राम नियोजन विभाग की मदद ले सकते हैं। इस विभाग के अतिरिक्त मुख्य सचिव को अवगत करवा दिया है।

राहुल गांधी बोले- मैं दलितों की रक्षा करने आया हूं, कोलकाता रेप-मर्डर कांड पर बाद में बोलूंगा

रायबरेली , एजेंसी।
नेशनल डेस्कः लोकसभा में नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी ने मंगलवार को कहा कि वह भविष्य में कोलकाता में डॉक्टर की बलात्कार के बाद हत्या के मामले पर बोलेंगे, क्योंकि वह दलित युवक की हत्या के मुद्दे से ध्यान भटकाना नहीं चाहते, जिसके लिए वह यहां आए हैं। वहीं, भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) ने कांग्रेस के पूर्व अध्यक्ष राहुल गांधी पर दोहरा मापदंड अपनाने का आरोप लगाते हुए कहा कि उन्हें अपराध सिर्फ भाजपा शासित राज्यों में दिखता है।

राहुल गांधी मंगलवार को एक दिवसीय दौरे पर अपने संसदीय क्षेत्र रायबरेली में थे, जहां नसीराबाद थाना क्षेत्र के भुवालपुर सिसनी गांव में 11 अगस्त को कुछ स्थानीय लोगों के साथ विवाद के बाद अर्जुन पासी (22) नामक

एक दलित युवक की कथित तौर पर गोली मारकर हत्या कर दी गयी थी। अर्जुन पासी के परिजनों से मिलने के बाद मीडिया से बातचीत के दौरान जब उनसे कोलकाता में एक प्रशिक्षु चिकित्सक की बलात्कार के बाद हत्या के मामले के बारे में पूछा गया तो गांधी ने कहा, मैं इस घटना (दलित की हत्या) के लिए यहां (रायबरेली) आया हूं।

उन्होंने कहा, मैंने कोलकाता की घटना पर टिप्पणी की है और अपने विचार रखे हैं। मैं इस घटना (दलित युवक की हत्या) से ध्यान भटकाना नहीं चाहता, इसलिए मैं इस मुद्दे को उठाने यहां आया हूं। उन्होंने मीडिया से कहा, मैं जानता हूं कि आप नहीं चाहते कि इस मुद्दे को भटकाया जाए और इसे उजागर न किया जाए क्योंकि आप नहीं चाहते कि दलितों के मुद्दों को उठाया जाए। मैं यहां दलितों की रक्षा करने, उनके मुद्दों को उठाने आया हूं। मैं इस मामले से ध्यान भटकने नहीं दूंगा। उन्होंने कहा, मैं कोलकाता मामले पर आगे आने वाले समय पर बोलूंगा।

नौ अगस्त को कोलकाता के आरजी कर मेडिकल कॉलेज और अस्पताल के सेमिनार कक्ष के अंदर एक प्रशिक्षु डॉक्टर का शव मिला था, जिसके बाद अगले दिन पुलिस ने बलात्कार के बाद हत्या की घटना में कथित संलिप्तता के लिए व्यक्ति को गिरफ्तार किया था।

राहुल गांधी के बयान पर भारतीय जनता पार्टी की उप्र इकाई ने 'एक्स पर किये गये एक पोस्ट में कहा, कांग्रेस के शहजादे जिनकी देश में नेता विपक्ष की भूमिका है, लेकिन जनता के लिए इन्होंने दोहरे मापदंड निर्धारित कर रखे हैं। भाजपा ने इसी पोस्ट में राहुल गांधी के बयान का 12 सेकंड का एक वीडियो साझा करते हुए कहा, इनको अपराध सिर्फ भाजपा शासित राज्यों में दिखता है। पश्चिम बंगाल में हुई जघन्य घटना पर इनके मुंह से एक शब्द नहीं निकलता, पत्रकारों के सवाल पूछने पर बेशर्मी पूर्ण जवाब आता है।

फरीदाबाद में पैसे मांगने पर बिहार के मजदूर को पीट-पीटकर मार डाला, प्लांट मालिक समेत 2 अरेस्ट

फरीदाबाद, एजेंसी। फरीदाबाद के गांव मिर्जापुर में आरएमसी प्लांट पर कार्य करने वाले 35 वर्षीय कर्मचारी की पीट-पीट कर हत्या करने का आरोप है। मृतक बिहार के जिला छपरा के गांव सरमी का निवासी था। इस मामले में पुलिस ने आरएमसी प्लांट के मालिक व उसके जीजा को गिरफ्तार कर अदालत में पेश किया। जहां से उसे अदालत में पेश किया गया। जहां से उसे तीन दिन के पुलिस रिमांड पर भेज दिया गया। पैसे मांगने को लेकर कर्मचारी के साथ मारपीट की गई थी। गांव पुखरेडा जिला छपरा बिहार हाल निवासी टीवीसी आरएमसी प्लांट मिर्जापुर निवासी अमित कुमार ने बताया कि वह आरएमसी प्लांट पर ही करीब 2/3 महीने से कर्मचारी है। इस प्लांट पर उसका मामा बेचन शाह निवासी गांव सरमी थाना बनियापुर जिला छपरा बिहार भी रहता था। वह भी प्लांट पर ही 2/3 महीने से ही लैबर का काम करता था। आरएमसी प्लांट का मालिक रमेश तिवारी और ज्ञानी पार्टनर है। प्लांट के मालिक उन्हें हर महीने 12 हजार रुपये के हिसाब से वेतन देते थे। अमित कुमार ने बताया कि उसके और उसके मामा के प्लांट मालिक और ज्ञानी पर वेतन के 65 हजार रुपये बकाया थे। 18 अगस्त की रात करीब 8.30 बजे उसने, उसके मामा बेचन साह और अन्य लेबर ने अपने पैसे का हिसाब मांगा क्योकि उन्हें रक्षा बंधन पर अपने गांव जाना था। प्लांट के मालिक ने 65 हजार रुपये में से केवल 29 हजार रुपये दिए। बकाया पैसे देने के लिए प्लांट के मालिक रमेश तिवारी और ज्ञानी ने इंकार कर दिया। उन्होंने कहा कि बकाया पैसे बाद में मिलेंगे। बताया जाता है कि पीड़ित के बकाया पैसे मांगने पर रमेश तिवारी और ज्ञानी तैस में आ गए। वे मजदूरों से गाली गलोच और मारपीट करने लगे।

जम्मू-कश्मीर विधानसभा चुनाव को लेकर हलचल तेज, भाजपा ने नियुक्त किए प्रभारी

जम्मू-कश्मीर, एजेंसी।
जम्मू-कश्मीर विधानसभा चुनाव की तारीखों का ऐलान होते ही राजनीतिक दलों की सक्रियता बढ़ गई है। असेंबली इलेक्शन में जीत दर्ज करने को लेकर रणनीतियां बनाई जा रही हैं। इस बीच, भाजपा ने आगामी जम्मू-कश्मीर विधानसभा चुनाव के लिए पार्टी के पूर्व महासचिव राम माधव और केंद्रीय मंत्री जी किशन रेड्डी को चुनाव प्रभारी नियुक्त किया है। बीजेपी के राष्ट्रीय अध्यक्ष जेपी नड्डा ने एक्स पर पोस्ट करके मंगलवार को यह जानकारी दी। इसमें कहा गया कि यह नियुक्ति तत्काल प्रभाव से लागू होगी।

चुनाव से पहले राजनीतिक बयानबाजियां भी शुरू हो गई हैं। भाजपा की जम्मू-कश्मीर इकाई के अध्यक्ष रविंदर रैना ने कहा कि कांग्रेस पार्टी यहां बैसाखी पर है। हाल हुए लोकसभा चुनावों में उसके एक भी सीट नहीं जीत पाने से यह साबित हो चुका है। रैना के कहा कि

कांग्रेस के राष्ट्रीय अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे और पार्टी नेता राहुल गांधी जम्मू-कश्मीर के दौरे से उनकी पार्टी के लिए स्थिति नहीं बदलेगी। कांग्रेस, नेशनल कॉन्फ्रेंस और पीपुल्स डेमोक्रेटिक पार्टी जैसी पार्टियों ने कई बार बीजेपी के खिलाफ लड़ने की कोशिश की, लेकिन वे सफल नहीं हो सके। उन्होंने दावा किया कि भाजपा जम्मू-कश्मीर में 70 से 80 सीटों पर अपने दम पर विधानसभा चुनाव लड़ेगी। इस बीच, चुनाव आयोग ने जम्मू-कश्मीर में विधानसभा चुनाव के पहले चरण के लिए अधिसूचना जारी कर दी है। अधिकारियों की एक उच्च स्तरीय बैठक में चुनाव के सुचारू संचालन के लिए की गई सुरक्षा व्यवस्था का जायजा लिया गया। केंद्र शासित प्रदेश में विधानसभा चुनाव तीन चरणों में होंगे। पहले चरण के लिए मतदान 18 सितंबर को होगा। मुख्य सचिव अटल डुल्लू ने चुनाव को लेकर सुरक्षा इंतजामों का जायजा लेने के लिए नागरिक प्रशासन और पुलिस विभाग के शीर्ष अधिकारियों के साथ बैठक की। उन्होंने संबंधित अधिकारियों को प्रत्येक जिले में सीएपीएफ की अतिरिक्त कंपनियों को तैनात करके मजबूत व्यवस्था करने पर जोर दिया।

डाकघर अधीक्षक ने खुद को मारी गोली, कल ही सीबीआई ने डाक घर पर मारा था छापा

सुसाइड नोट में गंभीर आरोप

बुलन्दशहर, एजेंसी।
यूपी के बुलंदशहर में सीबीआई रेड के बाद पोस्ट ऑफिस के सुपरिटेंडेंट ने खुद को गोली मारकर सुसाइड कर लिया है। कल देर शाम पोस्ट ऑफिस में सीबीआई ने रेड डाली थी। जिसके दौरान सीबीआई तमाम डाक्टयमेंट्स अपने साथ ले गई थी। आज डाक अधीक्षक टीपी सिंह ने सुसाइड से पहले पोस्ट ऑफिस के वाट्सएप ग्रुप पर डाला था सुसाइड नोट।

बता दें कि सीबीआई की टीम ने 2016 से लेकर अब तक के सभी कर्मचारियों से संबंधित दस्तावेजों की गहन जांच की। बताया जा रहा है कि सीबीआई ने डाकघर के एक सेवानिवृत्त कर्मचारी की शिकायत के बाद जांच की। सेवानिवृत्त कर्मचारी ने अपनी शिकायत में डाकघर के अधिकारियों पर भ्रमण भत्ते के बिल पास न करने और पांच लाख रुपये रिश्वत मांगने की शिकायत की थी। इसके अलावा बताया यह भी जा रहा है कि डाक अधीक्षक द्वारा कर्मचारियों से सारे कामों के लिए रिश्वत मांगी जाती थी।

मौत के बाद सुसाइड नोट भी मिला

डाकघर अधीक्षक की मौत के बाद से मिले सुसाइड नोट में उन्होंने लिखा है कि कुछ कर्मचारी गलत कार्यों के लिए दबाव बना रहे थे, इसलिए सुसाइड कर रहा हूं। बता दें, शुरुआत में डाकघर के अधिकारियों ने सीबीआई की इस जांच को विजिलेंस टीम की नियमित ऑडिट का हिस्सा बताते हुए खारिज कर दिया था। लेकिन एसएसपी श्लोक कुमार ने बताया कि उन्हें सीबीआई के छापेमारी की जानकारी मिली है।

संक्षिप्त समाचार

टी20 के बाद टेस्ट क्रिकेट से भी होगी केएल राहुल की छुट्टी!

नईदिल्ली, एजेंसी। भारत के स्टार विकेटकीपर बल्लेबाज़ केएल राहुल का नाम धीरे-धीरे टीम इंडिया से गायब होता जा रहा है. टी20 टीम से पहले ही राहुल को दूर किया जा चुका है और अब उन्हें टेस्ट टीम से भी बाहर करने की प्लानिंग होती दिख रही है. भारतीय टीम के पूर्व बल्लेबाज़ आकाश चोपड़ा ने समझाया कि कैसे केएल राहुल को टेस्ट टीम के बाहर किया जा सकता है.

बता दें कि 5 सितंबर से दिलीप ट्रॉफी खेली जानी है. इस ट्रॉफी में कई ऐसे भारतीय खिलाड़ी खेलते हुए दिखाई देंगे, जो अंतर्राष्ट्रीय क्रिकेट में धमाल मचा रहे हैं. दिलीप ट्रॉफी खेलने की लिस्ट में केएल राहुल का नाम भी शामिल है. बीसीसीआई ने दिलीप ट्रॉफी के लिए चार टीमों का एलान किया था, जिसमें केएल राहुल टीम ए का हिस्सा हैं. इस टीम में राहुल के साथ विकेटकीपर बल्लेबाज़ ध्रुव जुरेल भी मौजूद हैं, जिस पर आकाश चोपड़ा ने चिंता जताते हुए चौंका देने वाला गणित समझाया.

अपने यूट्यूब चैनल पर बात करते हुए आकाश चोपड़ा ने कहा, केएल राहुल दिलीप ट्रॉफी की उसी टीम में हैं, जिसमें ध्रुव जुरेल भी हैं. मुझे लगता है कि ध्रवु जुरेल विकेटकीपर के रूप में खेलेंगे जिसका मतलब केएल राहुल आपके टेस्ट विकेटकीपर नहीं होंगे.

टी20 टीम से हो चुकी है छुट्टी

भारतीय पुरुष टीम के चीफ सिलेक्टर अजीत अगरकर ने अपनी एक प्रेस कॉन्फ्रेंस में कहा था कि सिलेक्शन कमेटी राहुल को टी20 टीम के सेटअप में फिलहाल नहीं देख रही है. राहुल को टी20 वर्ल्ड कप 2024 के लिए भी नहीं चुना गया था. इसके अलावा श्रीलंका दौरे पर हुई टी20 सीरीज़ से भी राहुल का नाम गायब था. राहुल ने टीम इंडिया के लिए आखिरी टी20 इंटरनेशनल मुकाबला नवंबर, 2022 में खेला था, जो 2022 टी20 वर्ल्ड कप का सेमीफाइनल था. अब देखना दिलचस्प होगा कि क्या राहुल की टी20 में वापसी होती है या फिर उनकी हमेशा के लिए छुट्टी हो गई.

विश्व कुश्ती चैंपियनशिप

भारत के रौनक दहिया ने जीता कांस्य, ग्रीको-रोमन के 110 किग्रा वर्ग में मिला पदक



अम्मान (जॉर्डन), एजेंसी। भारत के रौनक दहिया ने यहां चल रही अंडर17 विश्व कुश्ती चैंपियनशिप में 110 किलोग्राम ग्रीको-रोमन वर्ग में कांस्य पदक जीता।

कांस्य पदक के प्ले-ऑफ में रौनक ने मंगलवार को चैंपियनशिप में तुर्किये के इमरुल्लाह कैपकन को आसानी से 6-1 से हरा दिया। यह भारत का इस टूर्नामेंट में पहला पदक रहा। रौनक वर्तमान में अपने आयु-समूह भार वर्ग में दुनिया में दूसरे स्थान पर हैं। इससे पहले रौनक सेमीफाइनल में हंगरी के रजत पदक विजेता जेल्टन कजाको से हार गए थे। इस वर्ग में स्वर्ण यूक्रेन के इवान यानकोवस्की ने जीता, जिन्होंने तकनीकी श्रेष्ठता के आधार पर कजाको को 13-4 से हराया।

प्रियांश आर्य की शानदार पारी, डीपीएल में साउथ दिल्ली सुपरस्टार्स की लगातार दूसरी जीत

नई दिल्ली (एजेंसी)। प्रियांश आर्य की 51 गेंदों में 82 रन की शानदार पारी की बदौलत साउथ दिल्ली सुपरस्टार्स ने यहां दिल्ली प्रीमियर लीग (डीपीएल) क्रिकेट टूर्नामेंट में सेंट्रल दिल्ली किंग्स को छह विकेट से हराया। सेंट्रल दिल्ली किंग्स ने पहले बल्लेबाजी के लिए आमंत्रित किए जाने के बाद ध्रुव कौशिक (56) और यश ढुल (52) के अर्धशतकों की मदद से सात विकेट पर 176 रन का मजबूत स्कोर खड़ा किया।

साउथ दिल्ली सुपरस्टार्स ने हालांकि आर्य और आयुष बडोनी (42) के बीच 101 रन की साझेदारी की बदौलत चार विकेट पर 177 रन बनाकर पांच गेंद शेष रहते लक्ष्य हासिल कर दिया। आर्य ने 32 गेंद पर अपना अर्थशतक पूरा किया। साउथ दिल्ली सुपरस्टार्स की टूर्नामेंट में यह लगातार दूसरी जीत है।

सिंकिफील्ड कप शतरंज

गुकेश और डिंग लीरेंन के बीच बेनतीजा रही बाजी

सेंट लुईस, एजेंसी। ग्रांड चैस टूर के अंतिम पड़ाव और ग्रांड फिनाले सिंकफील्ड कप क्लासिकल शतरंज सुपर ग्रांड मास्टर्स टूर्नामेंट के पहले राउंड मौजूदा विश्व चैम्पियन चीन के डिंग लीरेन और भारत के डी गुकेश के बीच मुकाबला खेला गया , सफेद मोहोरो से खेलते हुए डिंग नें इटेलिअन ओपनिंग में खेल की अच्छी शुरुआत की और जबाब में गुकेश नें भी सटीक चाले चलते हुए 17 चालों तक खेल बराबरी पर रखा. हालांकि इसके बाद गुकेश नें अपने स्वभाव अनुसार थोड़ा खतरा उठाते हुए केंद्र के प्यादो से डिंग पर बड़त बनाने की कोशिश की पर डिंग नें गुकेश के राजा पर हमला करते हुए 19 चाल तक गुकेश पर दबाव बनाने की कोशिश की हालांकि अंत में कुछ खास ना होते देख 22वीं चाल में डिंग नें पहले अपना ऊंट और फिर 23वीं चाल में अपना हाथी कुर्बान करते हुए गुकेश को राजा को अपने वजीर से लगातार शह देते हुए मैच को ड्रॉ करा लिया । नवंबर में होने वाली विश्व शतरंज चैंपियनशिप के ठीक पहले यह गुकेश और डिंग के बीच संभवतः आखिरी मुकाबला था ।

पहले दिन हुए मुकाबलों में सिर्फ एक परिणाम सामने आया जब अलीरेजा फिरौजा नें टॉप सीड यूएसए के फबियानों करूआना को मात देते हुए अपना पहला अंक बनाया । अन्य मुकाबलों में भारत के आर प्रज्ञानन्दा उज्बेकिस्तान के अब्दुसत्तोरोव नोदिरबेक से , रूस के यान नेपोमनिशी फ्रांस के मकसीम लागरेव से और यूएसए के वेसली सो नीदरलैंड के अनीश गिरि से बाजी ड्रॉ खेली ।

सिंकिफील्ड कप में कुल पुरुस्कार राशि 3 लाख 50 हजार डॉलर रखी गयी है, 19 अगस्त से शुरू हुआ यह टूर्नामेंट 28 अगस्त तक 10 खिलाड़ियों के बीच यह टूर्नामेंट राउंड रॉबिन आधार पर 9 राउंड में खेला जाएगा

चैम्पियनशिप ट्राफी-2025

क्या वनडे में रोहित शर्मा के साथ यशस्वी जायसवाल को ओपनिंग करनी चाहिए?

दिनेश कार्तिक ने बताया चैंपियंस ट्रॉफी में कौन होगा ओपनर

नईदिल्ली, एजेंसी। यशस्वी जायसवाल ने अपने अंतरराष्ट्रीय करियर की शानदार शुरुआत की, लेकिन उन्हें अभी तक एकदिवसीय अंतरराष्ट्रीय मैच खेलने का मौका नहीं मिला है।

दिनेश कार्तिक के अनुसार 22 साल के इस युवा खिलाड़ी वनडे में मौके के लिए इंतजार करना होगा। वह बैकअप ओपनर हो सकते हैं। चैंपियंस ट्रॉफी में कप्तान रोहित शर्मा के साथ शुभमन गिल पारी की शुरुआत करना जारी रखेंगे। दिनेश कार्तिक से सवाल हुआ कि रोहित शर्मा चाहते हैं कि टीम पावरप्ले में अग्रेसिव क्रिकेट खेले। क्या यशस्वी जायसवाल को रोहित शर्मा के साथ ओपनिंग का मौका देना चाहिए और शुभमन गिल को मिडिल ऑर्डर में खिलाना चाहिए? भारतीय टीम के पूर्व विकेटकीपर ने इस सवाल का जवाब देते हुए कहा, क्यों? रोहित और शुभमन की जोड़ी बेहतरीन है। हां, जायसवाल के पास बैकअप ओपनर बनने का शानदार मौका है और अगर शुभमन उम्मीद के मुताबिक प्रदर्शन नहीं करते हैं तो उन्हें जल्द ही मौका मिल जाएगा। इसके अलावा भारत के पास बहुत मजबूत मध्यक्रम भी है।

चैंपियंस ट्रॉफी में रोहित और शुभमन ही ओपनिंग करेंगे

कार्तिक ने आगे कहा, चैंपियंस ट्रॉफी से पहले भारत को तीन और मैच खेलने वाला है। और मुझे पूरा भरोसा है कि चैंपियंस ट्रॉफी में रोहित और शुभमन ही ओपनिंग करेंगे। पाकिस्तान की मेजबानी में होने वाल चैंपियंस ट्रॉफी से पहले भारत को फरवरी में इंग्लैंड से घर पर तीन मैचों की वनडे सीरीज खेलनी है।

जय शाह को अब मिल सकती है बड़ी जिम्मेदारी

नईदिल्ली (एजेंसी)। इंटरनेशनल क्रिकेट काउंसिल (आईसीसी) के मौजूदा चेयरमैन ग्रेग बार्कले ने 30 नवंबर को अपना कार्यकाल समाप्त होने के बाद तीसरे कार्यकाल के लिए दौड़ से खुद को बाहर कर लिया है। इस फैसले के बाद भारतीय क्रिकेट बोर्ड के सचिव जय शाह के आईसीसी चेयरमैन बनने की संभावनाओं को लेकर चर्चा तेज हो गई है। ग्रेग बार्कले का फैसला- ग्रेग बार्कले ने पुष्टि की है कि वे तीसरे कार्यकाल के लिए उम्मीदवार नहीं होंगे। बार्कले ने 2020 में आईसीसी के स्वतंत्र अध्यक्ष के रूप में कार्यभार संभाला था और 2022 में फिर से चुने गए थे।

जय शाह की दावेदारी- जय शाह के आईसीसी चेयरमैन बनने की संभावनाएं बढ़ गई हैं। उनकी दावेदारी की पुष्टि 27 अगस्त तक होगी, जो नामांकन दाखिल करने की आखिरी तारीख है। अगर शाह चुनाव में सफल होते हैं, तो उनका कार्यकाल 1 दिसंबर 2024 से शुरू होगा।

आईसीसी चेयरमैन के चुनाव के नियम- आईसीसी के चुनाव में 16 वोट होते हैं और विजेता के लिए 51त्न साधारण बहुमत आवश्यक होता है। पहले दो-तिहाई बहुमत की आवश्यकता होती थी।

जय शाह का प्रभाव- शाह आईसीसी के बोर्ड में एक प्रभावशाली सदस्य माने जाते हैं और वर्तमान में आईसीसी की वित्त और वाणिज्यिक मामलों की उप समिति के प्रमुख हैं। उनके कई सदस्यों के साथ अच्छे संबंध हैं, जो उनकी उम्मीदवारी को मजबूत बनाते हैं।

बुमराह संभवत: विश्व क्रिकेट में सर्वश्रेष्ठ मल्टी-फॉर्मेट गेंदबाज हैं : पोंटिंग

नई दिल्ली, एजेंसी। ऑस्ट्रेलिया के पूर्व कप्तान रिकी पोंटिंग का मानना है कि भारत के तेज गेंदबाज जसप्रीत बुमराह हाल के दिनों में विश्व क्रिकेट में सर्वश्रेष्ठ मल्टी-फॉर्मेट गेंदबाज हैं। 30 वर्षीय खिलाड़ी 2022 में अपनी चोटों के बावजूद एक बेहतर खिलाड़ी बनकर उभरा है। इस साल की शुरुआत में भारत के सफल आईसीसी पुरुष टी20 विश्व कप 2024 अभियान में बुमराह प्लेयर ऑफ द टूर्नामेंट रहे और तीसरे सबसे ज्यादा विकेट लेने वाले गेंदबाज (15 विकेट) रहे और टीम में सबसे किफायती गेंदबाज (4.17) थे। वह वनडे और टेस्ट में भी समान रूप से प्रभावी रहे हैं, 50 ओवर के प्रारूप में आठवें स्थान पर और लाल गेंद से जोश हेज़लवुड के साथ दूसरे स्थान पर हैं।

बुमराह 2022 में पीठ की चोट से जूझते रहे - इसने उन्हें एशिया कप और आईसीसी पुरुष टी20 विश्व कप से बाहर कर दिया। पोंटिंग ने आईसीसी रिव्यू शो में कहा, मैंने इसे लंबे समय से कहा है, वह पिछले पांच या छह वर्षों से विश्व क्रिकेट में शायद सबसे अच्छा मल्टी-फॉर्मेट गेंदबाज है। 11 महीने तक बाहर रहने के बाद,

बुमराह पिछले साल आईसीसी पुरुष क्रिकेट विश्व कप के लिए भारत की टीम में थे, जहां उनके शानदार प्रदर्शन ने उन्हें टूर्नामेंट की आधिकारिक आईसीसी टीम में पहुंचा दिया. पोंटिंग का मानना है कि चोटों के बावजूद बुमराह ने पहले से बेहतर वापसी की है। पोंटिंग ने कहा, कुछ साल पहले कुछ आशंकाएं रही होंगी जब चोटें आई थीं और क्या वह उसी तरह वापस आएगा?, लेकिन मुझे लगता है कि वह वास्तव में बेहतर तरीके से वापस आया है।अगर मैं देखूं कि उसने टी20 विश्व कप में क्या किया था ड्ढ गति अभी भी है, सटीकता या वह जो दे सकता है उसमें कोई बदलाव नहीं आया है। कौशल सेट सभी समान है. वह साल दर साल बेहतर होता जा रहा है। तो, वह वहीं ऊपर रैंक करेगा। अनुभवी बल्लेबाज ने बुमराह की तुलना तेज गेंदबाज ग्लेन मैक्ग्रा और जेम्स एंडरसन से की। उन्होंने कहा, इन खिलाड़ियों पर वास्तविक आकलन पाने का सबसे अच्छा तरीका (अन्य) खिलाड़ियों से पूछना है और जब आप विशेष रूप से उसके (बुमराह) के बारे में विपक्षी बल्लेबाजों से बात करते हैं, तो यह हमेशा होता है, नहीं, वह एक बुरा सपना है! आप कभी नहीं जानते कि क्या होने वाला है। कोई स्विंग करेगा, कोई सीम करेगा, वह इन-स्विंगर गेंदबाजी करेगा, वह आउट-स्विंगर गेंदबाजी करेगा और निरंतरता वहां है।

ऑस्ट्रेलियाई दिग्गज ने निष्कर्ष निकाला, तो जब आपके पास वह कौशल और वह निरंतरता है जो उसके पास है, तो आप एक महान खिलाड़ी बनने जा रहे हैं। (ग्लेन) मैक्ग्रा को देखो, (जेम्स) एंडरसन को देखो, ये लोग, उनकी लंबी उम्र और इतने लंबे समय तक टिके रहने में सक्षम उनका कौशल ही उन्हें बाकियों से अलग करता है।

मनु ने छात्रों को खेलों में करियर बनाने के लिए प्रोत्साहित किया

चेन्नई, एजेंसी। हरियाणा की 22 साल की निशानेबाज मनु ने पेरिस ओलंपिक में दो कांस्य पदक अपने नाम किए। वह ओलंपिक के किसी एक सत्र में दो पदक जीतने वाली देश की पहली खिलाड़ी हैं।

ओलंपिक में ऐतिहासिक प्रदर्शन के साथ स्वदेश लौटी भारतीय निशानेबाज मनु भाकर ने मंगलवार को एक स्कूल में सम्मानित होने के बाद छात्रों को खेलों में करियर बनाने के लिए प्रोत्साहित करते हुए कहा कि इससे जिंदगी अच्छी बनाई जा सकती है। हरियाणा की इस 22 साल की निशानेबाज ने पेरिस ओलंपिक में दो कांस्य पदक अपने नाम किए। वह ओलंपिक के किसी एक सत्र में दो पदक जीतने वाली देश की पहली खिलाड़ी हैं।

टोक्यो की निराशा के बाद आत्मविश्वास हासिल करना मुश्किल था

मनु ने कहा, टोक्यो ओलंपिक में निराशा मिलने के बाद मेरे लिए फिर से आत्मविश्वास हासिल करना काफी मुश्किल था। मैं उस समय विश्व रैंकिंग में दूसरे स्थान पर थी लेकिन अच्छा प्रदर्शन नहीं कर सकी थी। मैं विफलता के बाद सफलता के स्वाद को जानती हूं। खेलों की यही खूबसूरती है। आप एक प्रतियोगिता में हारते है तो दूसरे में जीतते है। लेकिन ऐसा तभी होगा जब आप लगातार कड़ी मेहनत करना जारी रखेंगे।

मनु ने युवा छात्रों से खेल को करियर विकल्प के रूप में अपनाने की सलाह देने के साथ बड़े सपने देखने और कड़ी मेहनत पर जोर दिया। उन्होंने कहा, लक्ष्य को प्राप्त करने के लिए, हमें बहुत कड़ी मेहनत और प्रयास करना चाहिए। यह हमेशा किसी बड़े लक्ष्य के साथ शुरू नहीं होता है, आपको इसे हासिल करने के लिए निरंतर काम करते रहना होता है। आप अगर बड़े सपने देख सकते हैं, तो आप बड़ा हासिल कर सकते हैं। इसलिए, हमेशा बड़े सपने देखने से शुरुआत करें। मैं हमेशा अपने आप से कहती हूं कि चाहे मैं किसी भी प्रतियोगिता में जीतूं या हारूं, मैं हमेशा अपना मनोबल बनाए रखूंगी। हमारे पास करियर के कई विकल्प हैं। आपको डॉक्टर या इंजीनियर बनने की जरूरत नहीं है। खिलाड़ियों का जीवन एक सुंदर जीवन है। वित्तीय सहायता से लेकर किसी भी तरह की मदद तक, आपको खेल में सब कुछ मिलता है।

स्मिथ ने लिया चैलेंज: बॉर्डर-गावस्कर ट्रॉफी में भारत को हराकर इतिहास रचेंगे

नई दिल्ली, एजेंसी। भारत और ऑस्ट्रेलिया के बीच 22 नवंबर से बॉर्डर-गावस्कर ट्रॉफी 2024 की शुरुआत होने जा रही है. इस ट्रॉफी के लिए भारत ऑस्ट्रेलिया का दौरा करेगा. ऑस्ट्रेलिया के स्टार बल्लेबाज स्टीव स्मिथ ने खुद को अपकमिंग बॉर्डर-गावस्कर ट्रॉफी के लिए तैयार कर लिया है.

उन्होंने पिछले एक दशक से भारत के खिलाफ टेस्ट सीरीज नहीं जीत पाने की भरपाई के लिए इस सीरीज को जीतने की चुनौती ली है.

स्मिथ ने ट्रॉफी की रोमांचक होने की भविष्यवाणी की: इस बार 1991-92 के बाद पहली बार बॉर्डर-गावस्कर ट्रॉफी पांच मैचों की टेस्ट सीरीज के तौर पर खेली जाएगी.

स्टीव स्मिथ ने ईएसपीएनक्रिकइन्फो से कहा कि इतनी लंबी सीरीज में हर टीम को खुद को साबित करना होता है.

उन्होंने कहा- पांच मैचों की सीरीज में आप छिप नहीं सकते, जैसा कि आप शायद दो मैचों की सीरीज में कर सकते हैं. अगर कोई खिलाड़ी आप पर हावी हो जाता है तो वापसी करना मुश्किल हो सकता है. यह एक रोमांचक सीरीज होगी.

स्मिथ ने ली है सीरीज को जीतने की चुनौती: स्टीव स्मिथ के लिए यह सीरीज खास मायने रखती है, क्योंकि ऑस्ट्रेलिया पिछले दस सालों से भारत के खिलाफ ट्रॉफी जीतने में नाकाम रहा है. उन्होंने कहा- हम इस समय टेस्ट क्रिकेट में दो बेस्ट टीमें हैं.

हमने पिछले साल वर्ल्ड टेस्ट चैंपियनशिप का फाइनल खेला था और वहां जीत हासिल की थी. इस बार हमें अपने ही घर में बाजी पलटनी होगी. हमें बॉर्डर-गावस्कर ट्रॉफी जीते हुए दस साल हो गए हैं, इसलिए इस साल हमें यह करना होगा.

भारतीय पैरालंपिक एथलीटों का पहला दल हुआ पेरिस रवाना

नई दिल्ली (एजेंसी)। भारतीय पैरा-एथलीटों और अधिकारियों का पहला दल पेरिस पैरालंपिक 2024 की तैयारी के लिए फ्रांस के लिए रवाना हो गया है। इस दल में चार पैरा-एथलीट शामिल हैं जो विभिन्न एथलेटिक स्पर्धाओं में प्रदर्शन करेंगे। इन एथलीटों में प्रीति पाल (टी12 एथलेटिक्स श्रेणी), सिमरन (टी12 एथलेटिक्स श्रेणी), मोहम्मद यासर (एफ46 शॉट पुट), रवि रंगोली (पुरुष शॉट पुट एफ40) शामिल हैं।

एथलीटों के साथ पैरा एथलेटिक्स के मुख्य कोच सत्यनारायण और भारतीय पैरालंपिक समिति के मुख्यकार्यकारी राहुल स्वामी भी हैं।

इससे दल को पेरिस में स्थानीय परिस्थितियों और मौसम के अनुकूल ढलने के लिए आवश्यक मार्गदर्शन और सहायता मिलेगी। इस बार 84 एथलीटों का भारतीय दल 12 स्पर्धाओं में हिस्सा लेगा। यह अब तक सबसे बड़ा दल है।

एक नजर

एड्स का मेडिकल रिपोर्ट प्रस्तुत नहीं होने पर कोर्ट ने सुनाई आरोपी को सजा

औरंगाबाद (का.सं.)। व्यवहार न्यायालय, औरंगाबाद में एडीजे-10 सौरभ सिंह ने रफीगंज थाना कांड संख्या -41/12 में निर्णय पर सुनवाई करते हुए 12 अगस्त को बचाव पक्ष के अधिवक्ता से अभियुक्त मनोज कुमार के एड्स पीड़ित आवेदन के समर्थन में मेडिकल रिपोर्ट 20 अगस्त तक न्यायालय में प्रस्तुत करने को कहा था, जिसे बचाव पक्ष के अधिवक्ता ने न्यायालय में प्रस्तुत नहीं किया। इस कारण अभियुक्त मनोज कुमार चरकुपा रफीगंज को एड्स पीड़ित होने का पुष्टि नहीं हो सका, और अन्य अभियुक्तों के साथ मनोज कुमार को सज़ा सुनाई गई।

चार गैर जमानती वारंटी गिरफ्तार

रफीगंज (औरंगाबाद) (नि.सं.)। रफीगंज के कासमा थाना की पुलिस ने तेतरिया गांव से चार गैर जमानती वारंटी लालदेव यादव, शालिग्राम यादव, वृजा यादव एवं वीरेंद्र यादव को गिरफ्तार किया है। थानाध्यक्ष इमरान आलम ने बताया कि 2009 में कुलदीप यादव की हत्या हुई थी। हत्या करने, हत्या का प्रयास करने, बलवा करने, मारपीट कर जख्मी करने एवं आर्म्स एक्ट के तहत उक्त आरोपी हैं। तब से ये लोग फरार चल रहे थे।सूचना के आधार पर चारो को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया गया है।

अर्जनाधीन भूमि के मुआवजा भुगतान हेतु कैम्प 22 को

औरंगाबाद (का.सं.)। सोननगर बाईपास रेलवे लाईन निर्माण परियोजना के तहत रैयतों को अर्जनाधीन भूमि के मुआवजा भुगतान में तेजी लाने हेतु 22 अगस्त को 10:00 बजे पूर्वाह्न में सभा भवन बारुण प्रखंड परिसर में कैंप के माध्यम से विशेष शिविर का आयोजन किया गया है। कैम्प मे संबंधित अंचल व मौजा के राजस्व कर्मचारी, अंचल निरीक्षक, राजस्व अधिकारी जमाबंदी पंजी एवं अन्य राजस्व अभिलेख के साथ उपस्थित रहेगे तथा कैम्प में ही संबंधित रैयतों को एलपीसी निर्गत करने की कार्रवाई करेंगे। साथ ही संबंधित मौजा के पंचायत सचिव एवं ग्राम कचहरी सचिव भी उपस्थित रहकर वंशावली से संबंधित आवेदन प्राप्त करेंगे।

पुलिस अधीक्षक के निर्देशन में वाहन की हुई जांच

औरंगाबाद (का.सं.)। बुधवार की रात्री को औरंगाबाद जिले में पुलिस अधीक्षक के नेतृत्व में एक व्यापक सुरक्षा निगरानी और वाहन जाँच अभियान चलाया गया। इस अभियान का उद्देश्य जिले में कानून-व्यवस्था को बनाए रखना, सुरक्षा मानकों को सुनिश्चित करना और सड़क पर अवैध गतिविधियों पर नियंत्रण पाना था। पुलिस अधीक्षक के आदेश पर, जिले के विभिन्न थाना क्षेत्रों में तैनात पुलिसकर्मियों की ड्यूटी की गहन जाँच की गई। अधिकारियों ने यह सुनिश्चित किया कि सभी पुलिसकर्मी अपने निर्धारित समय पर ड्यूटी पर उपस्थित हों। किसी भी प्रकार की अनुपस्थिति या ड्यूटी में लापरवाही की स्थिति में त्वरित और सख्त कार्रवाई के निर्देश दिए गए। पुलिसकर्मियों की कार्यक्षमता का मूल्यांकन करते हुए, उनकी ड्यूटी के दौरान सुरक्षा मानकों का पालन करने की निगरानी की गई। यह सुनिश्चित किया गया कि वे अपनी जिम्मेदारियों को पूरी ईमानदारी और सतर्कता के साथ निभा रहे हैं। जाँच के दौरान पुलिसकर्मियों को आवश्यक दिशा-निर्देश और प्रशिक्षण भी प्रदान किया गया। इसमें सुरक्षा मानकों के पालन, संदिग्ध गतिविधियों की पहचान, और आपातकालीन स्थितियों में त्वरित प्रतिक्रिया करने के तरीके शामिल थे। अधिकारियों ने पुलिसकर्मियों को किसी भी संभावित खतरे से निपटने के लिए आवश्यक रणनीतियाँ और उपाय भी बताए। सुरक्षा निगरानी के साथ-साथ, पुलिस ने सड़क पर व्यापक वाहन जाँच अभियान भी चलाया। इस अभियान का उद्देश्य सड़क पर अवैध गतिविधियों को रोकना और ट्रैफिक नियमों के पालन को सुनिश्चित करना था। विभिन्न प्रकार के वाहनों की जाँच की गई, जिसमें यह सुनिश्चित किया गया कि सभी वाहन चालक ट्रैफिक नियमों का पालन कर रहे हैं। विशेष रूप से, बिना लाइसेंस, बिना रजिस्ट्रेशन, और अवैध रूप से संचालित वाहनों की पहचान की गई और उन पर कार्रवाई की गई।

सुप्रीम कोर्ट के आरक्षण में वर्गीकरण के फैसले के विरोध में दलित संगठनों ने भारत बंद का किया आह्वान

सड़कों पर दिखा असर, बाजार रहे सामान्य

निज संवाददाता

औरंगाबाद/रफीगंज। आरक्षण में वर्गीकरण के सर्वोच्च न्यायालय के फैसले के विरोध में दलित संगठनों द्वारा बुधवार को आहुत भारत बंद का औरंगाबाद में असर सिर्फ सड़कों पर ही दिखा। बंद समर्थकों ने सारी ताकत सड़कों पर आवागमन को अवरूद्ध करने में ही लगाई। इसके अलावा बंद का बाजारों में कही कोई असर नही दिखा और बाजार सामान्य दिनों की भांति खुले रहे। बंद का बाजारों में ग्राहकी पर असर पड़ा और कम संख्या में लोग खरीदारी करते नजर आए। हालांकि भीम आर्मी के लोगों ने औरंगाबाद शहर में बाजार बंद कराने की पुरजोर कोशिश की लेकिन आमजनों ने उन्हे नकार दिया। इससे खीझ कर भीम आर्मी के समर्थकों ने अपना आपा भी खो दिया और औरंगाबाद शहर में रमेश चौक के पास कुछ दुकानदारों के साथ उनके द्वारा मारपीट भी की गई। मारपीट में दोनो पक्ष से कई लोग घायल हुए, जिनका औरंगाबाद सदर अस्पताल में इलाज कराया गया। मारपीट में एक दुकानदार का सर फट गया, जिसे मौके पर मौजूद पुलिस ने हॉस्पिटल लाकर इलाज कराया। इसके बाद पुलिस बल ने उस दुकानदार का दुकान भी खुलवाया और प्राथमिकी भी दर्ज करने की बात कही जा रही है। बाजार बंद कराने में सफलता नही मिलने पर भीम आर्मी के समर्थकों ने शहर के रमेश चौक को जाम कर दिया। इस दौरान वे केंद्र सरकार के खिलाफ नारेबाजी करते रहे। वही जब बंद समर्थकों से बात की गई तो उन्होंने कहा कि सुप्रीम कोर्ट द्वारा जो फैसला दिया गया है, वह जनहित में नहीं है। इसे लेकर ही भारत बंद का आह्वान किया गया है। यह बंदी भारत सरकार तक जनता की आवाज पहुंचाने को लेकर किया गया है। कहा कि भारत सरकार सदन के माध्यम से कानून बनाकर सुप्रीम कोर्ट द्वारा दिए गए आदेश को निरस्त करे। नही तो आने वाले दिन में भारत सरकार को लगातार बंदी की सामना करना पड़ सकता है। कुछ बंद समर्थको का यह भी कहना था कि सरकार दलितों और महादलितों को आपस में लड़ाना चाह रही है, लेकिन हमलोग एकजुट है। कहा कि बाबा साहब डॉ. भीमराव अंबेडकर ने हमे आरक्षण का जन्म सिद्ध अधिकार दिया है। लेकिन सरकार आरक्षण को बंद करना चाहती है। कहा कि सरकार एक शिक्षा पद्धति लागू करे और एक इलाज भी लागू करे, हमें आरक्षण का लाभ नही चाहिए। वही जब बंदी को लेकर आम जनता एवं दुकानदारों से बात की गई तो उन्होंने कहा कि औरंगाबाद में बंदी का कोई असर नही है। बंद समर्थकों ने बंदी की खानापूर्ति की है। बंद के दौरान बंद समर्थकों ने सारी ताकत सड़क पर ही लगाई। इस कारण हाईवे से लेकर जिले की सभी सड़के दोपहर तक जाम रही और आवागमन बुरी तरह प्रभावित रहा। रफीगंज से संवाददाता के अनुसार भारत बंद को सफल बनाने को लेकर लेकर सुबह से ही भीम आर्मी के हरेंद्र कुमार, भोला चौधरी, लालदेव पासवान, जिला पार्षद विकास कुमार पासवान, शंकर यादवेंदु, ललन दास, राजेंद्र कुमार राकेश, सुरेंद्र प्रसाद सहित भीम आर्मी सह अंबेडकर विचार मंच के द्वारा विभिन्न जगहों पर घुम-घुम कर बंद कराया जा रहा था। बाजार में बंद का असर रहा लेकिन रेल एवं बस परिचालन ठीक रहा। बाजार में बंद समर्थकों के साथ दूकान बंद न करने को लेकर एक व्यवसायी के साथ झड़प हुई।प्रशासन ने मामला को शांत कराया। उनका कहना था कि अनुसूचित जाति एवं अनुसूचित जनजाति के आरक्षण में क्रीमी लेयर तथा अनुसूचित जाति एवं अनुसूचित जनजाति के कोटा के अंदर कोटा के खिलाफ भारत बंद किया गया है। जमकर केन्द्र सरकार के विरुद्ध नारे लगाए। इस दौरान रेलवे, बस स्टैंड सहित विभिन्न जगहो पर आरपीएफ इंस्पेक्टर वीके सिंह एवं रफीगंज थाना प्रभारी चंदन ठाकुर के नेतृत्व में प्रशासन की कड़ी चौकसी बरती गयी।

बिहार सिपाही भर्ती परीक्षा : डीएम-एसपी ने किया परीक्षा केन्द्रों का निरीक्षण

कार्यालय संवाददाता

औरंगबाद। बुधवार को बिहार पुलिस सिपाही भर्ती परीक्षा के सुचारू और कदाचार मुक्त संचालन को सुनिश्चित करने के लिए औरंगाबाद जिले की पुलिस अधीक्षक और जिलाधिकारी ने संयुक्त रूप से विभिन्न परीक्षा केंद्रों का निरीक्षण किया। इस निरीक्षण का मुख्य उद्देश्य परीक्षा को निष्पक्ष, पारदर्शी और व्यवस्थित रूप से संपन्न कराना था, ताकि सभी उम्मीदवारों को एक समान और ईमानदार वातावरण मिल सके। केंद्रीय चयन पर्षद (सिपाही भर्ती) बिहार, पटना द्वारा आयोजित इस परीक्षा के दौरान पुलिस अधीक्षक और जिलाधिकारी ने स्वयं भ्रमणशील रह कर परीक्षा केंद्रों पर तैनात पुलिस पदाधिकारियों, कर्मियों और दंडाधिकारियों के कर्तव्य निर्वहन का निरीक्षण किया। उन्होंने सभी परीक्षा केंद्रों पर सुरक्षा व्यवस्था का गहन जायजा लिया और संबंधित अधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए, ताकि किसी भी प्रकार की अनियमितता या कदाचार न हो सके।

इस दौरान उन्होंने यह भी सुनिश्चित किया कि सभी केंद्रों पर पर्याप्त संख्या में सुरक्षाकर्मियों की तैनाती की गई है और सभी सुरक्षा उपायों का पालन किया जा रहा है। पुलिस अधीक्षक महोदया ने परीक्षा के सुचारू संचालन के लिए तैनात पुलिस कर्मियों को निर्देशित किया कि वे हर स्थिति में सतर्क रहें और परीक्षा के दौरान किसी भी प्रकार की गड़बड़ी या अनुचित गतिविधि को तुरंत नियंत्रित करें।

इसके अतिरिक्त, जिलाधिकारी महोदय ने दंडाधिकारियों को यह सुनिश्चित करने के निर्देश दिए कि परीक्षा के दौरान किसी भी प्रकार की अव्यवस्था न हो और सभी उम्मीदवारों को समान अवसर प्रदान किया जाए। उन्होंने सभी संबंधित अधिकारियों को परीक्षा केंद्रों पर सतर्कता बनाए रखने और किसी भी अप्रिय घटना को तुरंत नियंत्रित करने के लिए तैयार रहने का निर्देश दिया। इस संयुक्त निरीक्षण के दौरान पुलिस अधीक्षक और जिलाधिकारी ने अभ्यर्थियों को शांतिपूर्ण और सुरक्षित माहौल में परीक्षा देने का भरोसा दिलाया। उन्होंने यह भी कहा कि प्रशासन हर संभव प्रयास कर रहा है कि परीक्षा पूरी पारदर्शिता और निष्पक्षता के साथ संपन्न हो, ताकि योग्य उम्मीदवारों का चयन हो सके।

शहीद जगतपति के सगे भांजे प्रेमशंकर सिन्हा के निधन से शोक की लहर

विशेष संवाददाता



औरंगाबाद। शहर के कर्मा रोड स्थित सर्वोदय नगर निवासी और 1942 के अगस्त क्रांति के महानायक शहीद जगतपति कुमार के सगे भांजे प्रेमशंकर सिन्हा का निधन मंगलवार को अपने आवास पर हो गया। वे करीब 95 वर्ष के थे और बीते काफी दिनों से बीमार चल रहे थे। उनके निधन से शुभचिंतकों में शोक की लहर है। प्रेम शंकर सिन्हा के छोटे मामा शहीद जगतपति कुमार और बड़े मामा स्व सरयू प्रसाद असम, राजस्थान और हरियाणा उच्च न्यायालय के मुख्य न्यायाधीश थे। प्रेमशंकर सिन्हा ने बचपन काफी समय शहीद जगतपति के साथ गुजारा था । वे मूलतः नवीनगर प्रखंड के सोरी गांव के रहने वाले थे। उन्होंने 1990 में गढ़वा से सहकारिता विभाग के सहायक निबंधक पद से अवकाश ग्रहण किया था। इनका अंतिम संस्कार अदरी नदी के किनारे बने घाट पर बुधवार को किया गया तथा मुखाग्नि बड़े लड़के अमन कुमार सिन्हा ने दी। ये अपने तीन भाइयों और एक बहन में सबसे बड़े थे। ये अपने पीछे चार लड़के, दो लड़की के अलावा दर्जनों पोता–पोती तथा नाती–नतिनी से भरा पूरा परिवार छोड़ कर गए हैं। इसमें अनेक बैंककर्मी, डाक्टर, इंजीनियर और अन्य महत्वपूर्ण पदों पर सेवा दे रहे हैं। श्री सिन्हा कुशल व्यवहार वाले धार्मिक और सामाजिक व्यक्ति थे। इनके निधन से सभी दुखी हैं और श्रद्धांजलि अर्पित कर रहे हैं।

ग्लोबल कायस्थ कॉन्फ्रेंस ने भी प्रेमशंकर सिन्हा के निधन पर गहरा शोक व्यक्त किया है। समिति के ग्लोबल अध्यक्ष राजीव रंजन प्रसाद, राष्ट्रीय उपाध्यक्ष कमल किशोर, प्रदेश अध्यक्ष दीपक कुमार अभिषेक, राष्ट्रीय महासचिव संजय कुमार सिन्हा, कला - संस्कृति प्रकोष्ठ के राष्ट्रीय प्रभारी प्रेम कुमार अजय कुमार संतोष, अजय कुमार श्रीवास्तव, श्रीराम अंबष्ट, अजय वर्मा, उदय कुमार सिन्हा, महेंद्र प्रसाद, मधुसूदन प्रसाद, राजेश सिन्हा, राजू रंजन सिन्हा, गणेश प्रसाद उर्फ लाल बाबू, सूर्यकांत, दीपक बलजोरी, सुनील सिन्हा, अभय सिन्हा आदि ने कहा है कि यह जिले के लिए एक अपूरणीय क्षति है जिसकी भरपाई नहीं की जा सकती है।

सड़क दुर्घटना वाद के पीड़ित को मिला आठ लाख का मुआवजा

कार्यालय संवाददाता

औरंगाबाद। जिला एवं सत्र न्यायाधीश सह जिला विधिक सेवा प्राधिकार के अध्यक्ष अशोक राज ने बुधवार को जम्होर थाना कांड संख्या 47 /22 के मृतक औरंगाबाद के टिकरी मोड़ आजाद नगर निवासी शमशेर के पिता जावेद हुसैन को 8 लाख का मुआवजा प्रदान किया। प्राधिकार के सचिव सुकुल राम ने बताया कि 13 जुलाई को आयोजित राष्ट्रीय लोक अदालत में मोटर दुर्घटना वाद संख्या 28 /23 को समझौते के आधार पर निस्तारण कराया गया था। सचिव ने बताया कि जम्होर थाना कांड संख्या 47 /22 के मृतक शमशेर की ओमनी कार संख्या सीजी 16 बी 0995 से चित्रगोपी मोड़ के पास एनएच पर पल्सर मोटर साईकिल को धक्का मारने से मौत हो गई थी।चेक प्रदान करते समय जिला जज ने पीड़ित को कहा कि चेक से संबंधित राशि को परिवार के कल्याण में लगाये और इसका ज्यादा से ज्यादा सदुपयोग करें, जिससे कि परिवार का भविष्य संवारने में किसी प्रकार की कोई परेशानी का सामना नहीं करना पड़े।

करंट की चपेट में आने से अधेड़ की हुई मौत

निज संवाददाता

रफीगंज (औरंगाबाद)। रफीगंज में करंट की चपेट में आने से बीती रात एक 40 वर्षीय व्यक्ति की मौत हो गई है। घटना के बाद परिजन व्यक्ति को नजदीकी स्वास्थ्य केंद्र में लेकर गए। लेकिन, डॉक्टरों ने उसे मृत घोषित कर दिया। खेत में काम करने के दौरान हादसा हुआ है। मृतक के परिजनों में कोहराम मचा है। मृतक की पहचान केराप पंचायत के चंद्रेहटा गांव निवासी देव लाल यादव के 40 वर्षीय बेटा हरि यादव के रूप में की गई है। घटना के संबंध में ग्रामीण संदीप यादव, अर्जुन यादव ने बताया कि मंगलवार की दोपहर करीब 3 से 4 बजे के आसपास हरि यादव (मृतक) अपने घर से धान का बिछड़ा उखारने के लिए गांव के बधार की ओर निकले। हरि यादव जब देर शाम तक वापस घर नहीं आने पर परिजनों ने खोजबीन शुरू की। इसी क्रम में इनको अचेत अवस्था में बधार में देखा। फिर, डॉक्टर ने मृत घोषित कर दिया। ग्रामीणों ने बताया कि घटनास्थल पर पहले से ही नंगा तार टूट कर गिरा हुआ था । इसी के चपेट में आने के कारण उनकी मौत हो गई। घटना की जानकारी मिलते ही रफीगंज पुलिस मौके पर पहुंची। रात में ही शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए औरंगाबाद सदर अस्पताल भेज दिया गया है। मृतक हरि यादव मजदूरी और खेती का काम करके अपने परिवार का भरण पोषण करते थे। उनके तीन बेटे है। घटना के बाद बेटा कंचन कुमार, दीपक कुमार, दिलीप कुमार पत्नी बुच्ची देवी का रो-रोकर बुरा हाल है। घटना की जानकारी मिलने पर कांग्रेस नेता संदीप यादव, केराप पंचायत पूर्व उप मुखिया देबुलाल यादव, सुभाष यादव, संजीव पासवान सहित अन्य लोगों ने मृतक के परिजनों से मुलाकात की।

दो अपराधियों ने गांव में टहल रहे युवक को पेट में मारी गोली, जख्मी

निज संवाददाता

फेसर (औरंगाबाद)। बुधवार की शाम बाइक सवार दो अपराधियों ने 22 वर्षीय युवक को गोली मार दी। जिससे वो गंभीर रूप से जख्मी हो गया। जख्मी की पहचान विजय कुमार सिंह के बेटे मनीष कुमार सिंह के रूप में हुई है। घटना का कारण अभी स्पष्ट नहीं है। मामला सदर प्रखंड के फेसर थाना क्षेत्र के बघोई कला गांव का है। घायल को सदर अस्पताल में भर्ती कराया गया है। जहां उसने बताया कि गांव में टहल रहे थे। पैदल घर लौटने के दौरान बाइक सवार अपराधी पहुंचे और पेट में गोली मारकर फरार हो गए। एक बदमाश की पहचान की है। वहीं, दूसरी तरफ शोर की आवाज सुनकर आसपास के लोग और परिजन घटनास्थल पर पहुंचे। घायल युवक को इलाज के लिए सदर अस्पताल पहुंचाया। जहां से प्राथमिक उपचार के बाद हायर सेंटर रेफर कर दिया। जख्मी ने कहा कि उन बदमाशों से कोई विवाद नहीं था। सूचना पर फेसर थानाध्यक्ष सूरज कुमार दलबल के साथ घटनास्थल पर पहुंचे और मामले की जांच-पड़ताल की। थानाध्यक्ष ने बताया कि फिलहाल घटना का कारण स्पष्ट नहीं हुआ है। जल्द ही गिरफ्तारी की जाएगी।

राष्ट्रीय लोक अदालत की तैयारी को लेकर डीएलएसए के सचिव ने की न्यायिक पदाधिकारियों के साथ बैठक

कार्यालय संवाददाता



औरंगाबाद। जिला विधिक सेवा प्राधिकार, औरंगाबाद के सचिव सुकुल राम ने बुधवार को अपने प्रकोष्ठ में आगामी 14 सितम्बर को आयोजित होने वाले राष्ट्रीय लोक अदालत की तैयारियों को लेकर न्यायिक पदाधिकारियों के साथ समीक्षा बैठक की। बैठक में अपर मुख्य न्यायिक दंडाधिकारी दीवान फहद खान, अविनाश कुमार, न्यायिक दंडाधिकारी प्रथम श्रेणी शोभित सौरभ, न्यायिक दंडाधिकारी ओम प्रकाश नारायण सिंह एवं शुभंकर शुक्ला मौजूद रहे। सचिव ने न्यायिक पदाधिकारियों से लोक अदालत में अधिक से अधिक वादों के निस्तारण हेतु अब तक की गई कार्यवाही की समीक्षा की। आगे की रूप रेखा तय की। सचिव ने न्यायिक पदाधिकारियों को अपने न्यायालय से संबंधित सुलहनीय वादों को चिन्हित वादों से संबंधित पक्षकार की सूचना और नोटिस की अद्यतन जानकारी प्राधिकार को यथाशीघ्र उपलब्ध कराने का निर्देश दिया, ताकि समय रहते संबंधित पक्षकारों से प्री-काउंसिलिंग कर ज्यादा से ज्यादा वादों का निष्पादन कराया जा सके। इस पर उपस्थित न्यायिक पदाधिकारियोंनेअपने-अपनेन्यायालय से संबंधित पूरी सूची प्राधिकार को उपलब्ध कराने का आश्वासन दिया। गौरतलब है कि दिनांक 14 सितम्बर के राष्ट्रीय लोक अदालत को लेकर प्राधिकार में वृहत रूप से तैयारी की जा रही है। सचिव ने कहा कि राष्ट्रीय लोक अदालत वादों का निस्तारण सुलह के आधार पर कराने का एक सशक्त माध्यम है जिसमें संबंधित को त्वरित न्याय प्राप्त होता है। सचिव ने आम जनों से भी अपील किया कि 14 सितम्बर को आयोजित राष्ट्रीय लोक अदालत का अधिक से अधिक लाभ उठायें। किसी भी व्यक्ति को अपने सुलहनीय वाद का निस्तारण राष्ट्रीय लोक अदालत में करवाना चाहते हैं तो किसी भी कार्य दिवस में जिला विधिक सेवा प्राधिकार में उपस्थित होकर जानकारी प्राप्त कर सकते हैं।

पुलिस पदाधिकारियों द्वारा की गयी वित्तीय संस्थानों की जांच

कार्यालय संवाददाता



औरंगाबाद। बुधवार को जिले के पुलिस अधीक्षक के निर्देशानुसार सभी थानों के अंतर्गत आने वाले वित्तीय संस्थानों की सुरक्षा और आपराधिक घटनाओं की रोकथाम के उद्देश्य से व्यापक अभियान चलाया जा रहा है। इस अभियान के तहत जिले के विभिन्न पुलिस पदाधिकारियों और कर्मियों द्वारा बैंक और अन्य वित्तीय संस्थानों की जांच की जा रही है। इस कदम का मुख्य उद्देश्य जिले में बैंकों और वित्तीय संस्थानों की सुरक्षा सुनिश्चित करना है, ताकि किसी भी प्रकार की आपराधिक गतिविधियों को समय रहते रोका जा सके। पुलिस टीम ने बैंक परिसरों का निरीक्षण किया, सुरक्षा गार्ड की तैनाती, सीसीटीवी कैमरों की स्थिति, और अन्य सुरक्षा उपायों की जांच की। इसके साथ ही, बैंक प्रबंधन को सुरक्षा के अतिरिक्त उपाय अपनाने के निर्देश भी दिए गए। पुलिस अधीक्षक ने सभी थाना प्रभारियों को सख्त हिदायत दी है कि वे नियमित रूप से अपने-अपने क्षेत्रों के बैंकों और अन्य वित्तीय संस्थानों का दौरा करें और सुरक्षा मानकों का पालन सुनिश्चित करें। उन्होंने कहा कि किसी भी प्रकार की लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी, और दोषियों पर सख्त कार्रवाई की जाएगी। इस अभियान से बैंक प्रबंधन और ग्राहकों में सुरक्षा की भावना को बल मिला है।

पुनपुन नदी में डूबने से अधेड़ की मौत

निज संवाददाता

गोह(औरंगाबाद)। रक्षाबंधन के अवसर पर देवहरा मे ससुराल आये शिवपूजन चौधरी की पुनपुन नदी में डूबने से मृत्यु हो गई। मृतक की उम्र 45 वर्ष थी और वे जमालपुर गांव के नासरीगंज थानाक्षेत्र के रोहतास जिले के निवासी थे। बताया जाता है कि मृतक 20 अगस्त को दोपहर डेढ़ बजे शौच करने के लिए पुनपुन नदी किनारे गये थे, जहां नदी में डूबने से उनकी मृत्यु हो गई। जब शाम तक अपने ससुराल के घर नहीं पहुंचे तो परिजनों ने खोजबीन करना शुरू कर दिया लेकिन कही कोई पता नहीं चल सका। बुधवार की सुबह उपहारा के ग्रामीणों ने सूचना दिया कि पंचायत भवन के पास शव नदी किनारे झाड़ी में फंसी हुई हैं। थानाध्यक्ष मनेश कुमार ने बताया कि ग्रामीणों की सूचना पर उपहारा पंचायत भवन के पास पुनपुन नदी से शव बरामद कर पोस्टमार्टम को लेकर सदर अस्पताल औरंगाबाद भेज दिया गया हैं।

श्रीकृष्ण जन्माष्टमी महोत्सव का कलश यात्रा के साथ हुआ आगाज

निज संवाददाता

गोह(औरंगाबाद)। गोह के तुलसी बीघा में श्रीकृष्ण जन्माष्टमी सेवा संघ द्वारा आयोजित सात दिवसीय जन्माष्टमी महोत्सव 2024 का आगाज कलश यात्रा के साथ हुआ। नवनिर्मित भगवान कृष्ण मंदिर से 91 कलश लेकर गाजे बाजे और सैकड़ों गाड़ियों के साथ श्रद्धालुओं का काफिला पुनपुन घाट से जल भरकर वापस आया। गायत्री परिवार के आचार्य गौतम जी ने पूर्ण वैदिक रीति रिवाज से कलश यात्रा को संपन्न किया। कलश यात्रा की शुरुआत श्रीकृष्णा सामाजिक सेवा संघ के सदस्यों ने शंखनाद कर की। श्री कृष्ण जन्माष्टमी महोत्सव के पहले दिन श्रीमद् भागवत कथा की शुरुआत होगी जो सात दिवस तक चलेगी। हर शाम कार्यक्रम में भजन संध्या की प्रस्तुति मशहूर गायिका हेमा पांडेय देंगी। कार्यक्रम के पहले दिन मुख्य अतिथि के रूप में गया जहानाबाद अरवल के विधान पार्षद नागेंद्र उर्फ रिंकू यादव जी ने दीप जलाकर कार्यक्रम को स्टार्ट किया। श्रीकृष्ण सामाजिक सेवा संघ के संरक्षक अजय यादव, अध्यक्ष दीपक दिनकर, नवलेश यादव ने भी कार्यक्रम में भाग लिया।

किसानों ने की सांसदों से उत्तर कोयल नहर के टेल एंड तक निर्बाध पानी आपूर्त्ति सुनिश्चित करने की मांग

निज संवाददाता



देव (औरंगाबाद)। उत्तर कोयल नहर किसान संघर्ष मोर्चा द्वारा गया के इस्माइलपुर में दिए गए धरना में शामिल होकर औरंगाबाद के किसानों ने काराकाट और औरंगाबाद के सांसद से उत्तर कोयल नहर के टेल एंड तक पानी की निर्बाध आपूर्त्ति सुनिश्चित करने की मांग की है। धरना में औरंगाबाद के सैकड़ों किसान राष्ट्रीय किसान मजदूर विकास मंच के बैनर तले धरना में शामिल हुए और काराकाट के सांसद राजाराम सिंह एवं औरंगाबाद के सांसद अभय कुशवाहा को मांग पत्र सौंपा। धरनामें सहभागिता निभाते हुए देव के किसानों की ओर से किसान नेता राजेंद्र गुप्ता नें कहा कि औरंगाबाद जिले के आठ प्रखंडों-नबीनगर, कुटुम्बा, अम्बा, देव, मदनपुर, औरंगाबाद सदर, रफीगंज और गोह के लिए उत्तर कोयल नहर परियोजना हीं सिंचाई का एकमात्र साधन हैं। कहा कि खरीफ मौसम में नबीनगर और कुटुम्बा प्रखंड के किसानों क़ो उत्तर कोयल नहर का पानी वर्षो से मिल रहा है लेकिन देव और मदनपुर प्रखंड के पश्चिमी हिस्से में पानी पर्याप्त मात्रा में नहीं मिलता है। किसान नेता राजदेव पाल नें कहा कि मदनपुर प्रखंड के शेष हिस्सों के अलावा आमस, गुरुआ, गुरारू, परैया, टिकारी, कोंच, गोह, रफीगंज, और औरंगाबाद सदर प्रखंड में उत्तर कोयल नहर का पानी सालों भर नहीं मिल रहा है।

पूर्व मध्य रेल

हॉल्ट स्टेशनों के लिए ठेकेदार की नियुक्ति

एतद् द्वारा रेल प्रशासन की ओर से समय–समय पर यथा निर्धारित कमीशन पर दानापुर मंडल के निम्नलिखित हॉल्ट स्टेशनों के लिए पॉच (5) वर्ष की अवधि हेतु हॉल्ट ठेकेदारों की नियुक्ति के लिए अलग–अलग आवेदन आमंत्रित किये जाते हैं। आवेदन प्राप्त करने की अंतिम तिथि 23.09.2024 अपराह्न 14:00 तक है। हाल्ट का नाम– (पटना साहिब सेक्शन)– 1. सुल्तानपुर ग्राम 2. सिंगरियावॉं 3. मछरियावॉं 4. लच्छूबीघा 5. दीदारगंज 6. गोकुल नगर **(बख्तियारपुर– राजगीर सेक्शन)** 7. मुरहारी 8. नूर सराय (किउल–गया सेक्शन):– 9. हीसुआ 10. मोहम्मदपुर 11. सरसू 12. कोल्हाना (झाझा सेक्शन)–: 13. लाखोचक पात्रता मापदंड :– मौजूदा दिशानिर्देश एवं गत अधिसूचना के अनुसार, पात्रता की शर्ते निम्नलिखित है। "आवेदक को आवेदन के साथ नीचे दिए गए सभी निम्नलिखित आवश्यक 'शर्तो को पूरा करना होगा साथ ही इनसे संबंधित दस्तावेजों की प्रति भी जमा करनी होगी। 1. आवेदक का स्थानीय निवासी होना चाहिए जिस जिला में हॉल्ट स्टेशन अवस्थित है। आवेदक को स्थानीय – होने का प्रमाण–पत्र उस जिला के डी.एम./एस.डी.एम./एडीएम/बीडीओ/सीओ द्वारा जारी किया हुआ या निर्वाचन पहचान पत्र/ आधार होना चाहिए। 2. आवेदक को न्यूनतम दसवी कक्षा उत्तीर्ण होना चाहिए। दसवी कक्षा उत्तीर्ण प्रमाण–पत्र संबंधित बोर्ड/विश्वविद्यालय द्वारा निर्गत होना चाहिए। 3. आवेदक का उम्र दिनांकः 23.09.2024 को 21 वर्ष से कम नहीं होना चाहिए । उम्र के सत्यापन के समर्थन में बोर्ड / विश्वविधालय द्वारा जारी प्रमाण–पत्र अवश्य होना चाहिए। 4. आवेदक को चिकित्सा प्रमाण–पत्र प्रस्तुत करना होगा जिसमे 'चुस्त–दुरुस्त सेवा हेतु स्वस्थ होने एवं किसी प्रकार के छुआछूत की बीमारी से मुक्त होने का उल्लेख हो। (चिकित्सा प्रमाण–पत्र निबंधित पेशेवर चिकित्सक द्वारा जारी होना चाहिए। 5. आवेदक का किसी प्रकार के अपराधिक मामले संलिप्त नहीं होने के संबंध में चरित्र प्रमाण–पत्र थाना प्रभारी/बी.डी.ओ./सी.ओ. /आरक्षी अधीक्षक द्वारा जारी किया हुआ होना चाहिए। आवेदन जमा करने की तिथि से 06 महीने के अन्दर का प्रमाण–पत्र होना चाहिए। 6. आवेदक को अनुंलग्नक 'A' में दिया गया शपथ पत्र जो की नोटरी द्वारा जारी किया गया हो आवेदन पत्र के साथ संलग्न करना अनिवार्य है। **अन्य शर्ते :–** 1. चयनित आवेदक को 2000/ (दो हजार) रूपये या ज्यादा जैसा भी निर्धारित किया जाएगा सुरक्षा राशि के रूप में हॉल्ट ठीकेदार को सामग्री मुहैया एवं रेलवे के हित के लिए रेल प्रशासन के पास नगद जमा करना होगा जो ठेका समाप्ति अथवा निरस्तिकरण के बाद बिना व्याज वापस किया जाएगा । 2. हॉल्ट ठेकदार को रेल प्रशासन के साथ एक एकरारनामा करना होगा तथा एकरारनामे के शर्तो एवं अनुबंधो के अनुसार हॉल्ट के कार्य का संचालन करना होगा। 3. आवेदक एक ही स्टेशन के लिए आवेदन कर सकते हैं। 4. एक से अधिक आवेदक योग्य पाये जाने पर इसका निर्णय लॉटरी द्वारा किया जाएगा। आवदन पत्र मुहरबंद लिफाफे में होगा जिसके उपर में "..............हॉल्ट/फ्लैग स्टेशन के हॉल्ट ठेकेदार के चयन हेतु आवेदन " लिखा होना चाहिए और इसे वरिष्ठ मंडल वाणिज्य प्रबंधक, पूर्व मध्य रेलवे दानापुर, पो०–खगौल, जिला–पटना–801105 के कार्यालय में उक्त तिथि तक या इसके पूर्व पहुॅच जाना चाहिए । (केवल शनिवार, रविवार एवं अन्य अवकाश) उक्ततिथि के बाद प्राप्त आवेदन पर विचार नही किया जायगा। इसके पूर्व में उपरोक्त हाल्ट के लिए प्राप्त आवेदनों को सक्षम अधिकारी द्वारा निरस्त कर दिया गया है। रेल प्रशासन को बिना कोई कारण बताए किसी भी या सभी आवेदन पत्रों को अस्वीकृत करने का अधिकार सुरक्षित है ।

आवेदन का स्वरूप

1. आवेदक का नामः
2. पिता/पति का नामः
3. शैक्षणिक योग्यता (अभिप्रमाणित प्रमाण–पत्र) संलग्न करें
4. जन्म तिथि (अभिप्रमाणित प्रमाण–पत्र) संलग्न करें
5. निवास प्रमाणपत्र (अभिप्रमाणित प्रमाण–पत्र) संलग्न करें
6. चरित्र प्रमाणपत्र (अभिप्रमाणित प्रमाण–पत्र) संलग्न करें
7. स्वास्थ्य प्रमाणपत्र (अभिप्रमाणित प्रमाण–पत्र) संलग्न करें
8. हाल्ट से निवास स्थान की दूरी (अभिप्रमाणित प्रमाण–पत्र) संलग्न करें
9. दूरभाष/मोबाईल संख्या–

आवेदन कर्ता का स्वअभिप्राणित पासपोर्ट साईज फोटो

उपरोक्त सूचना मेरे जानकारी से सही/सत्य है। इसमें किसी प्रकार का तथ्य छिपाया नहीं गया है। यदि किसी प्रकार की त्रुटि या गलत सूचना पायी जाती है तो नियमानुसार कार्यवाही की जा सकती है। अधिसूचना में वर्णित सभी नियम/शर्तो को पढ़कर समझ लिया जो पूर्णतः स्वीकार है।

आवेदक का हस्ताक्षर..........................
तिथि......................................

उपरोक्त मॉगे गये प्रमाण–पत्र के आलोक में स्व–अभिप्रमाणित Self-attested) प्रति संलग्न करना आवश्यक है। अधूरे भरे हुए फार्म स्वीकार नहीं किये जायेगें। नोट–इस अधिसूचना के आलोक में प्राप्त सभी अथवा किसी आवेदन/अधिसूचना को किसी समय बिना कारण बताये रद्द करने का अधिकार रेल प्रशासन के पास सुरक्षित है।

..........अनुलग्नक–'A'

'शपथ पत्र का प्रारूप
टिकट का स्थान
नोटरी का शपथ पत्र

मैं...
पिता श्री ....
पता...

नीचे दिए गये सूचना मेरे जानकारी में सत्य/सही है।

(1) चरित्र प्रमाण–पत्र जारीकर्त्ता.................................
पत्रांक संख्या..............................दिनांकः.........................
(2) स्वास्थ्य प्रमाण पत्र जारी कर्त्ता.................................
पत्रांक संख्या..............................दिनांकः.........................
(3) निवास प्रमाण पत्र जारी कर्त्ता.................................
पत्रांक संख्या..............................दिनांकः.........................
(4) माध्यमिक (10^{th} standard) प्रमाण पत्र जारी कर्त्ता.................................
पत्रांक संख्या..............................दिनांकः.........................

उपरोक्त प्रमाण पत्रों में वर्णित सूचनाओ में अगर गलत सूचना/त्रुटि पायी जाती है तो रेल प्रशासन को यह अधिकार है कि उनका जमानत राशि जब्त कर लिया जायेगा तथा उनका ठेका/नियुक्ति किसी स्तर पर रद्द कर दिया जायेगा एवं भविष्य में हॉल्ट ठेकेदार की नियुक्ति प्रकिया में भाग लेने से भी मना/वंचित कर दिया जा सकता है।

दिनांकः
स्थानः

हस्ताक्षर

मंडल रेल प्रबंधक (वा०)
पूर्व मध्य रेल/दानापुर

पीआर/00933/डीएनआर/सीओएमएल/एन/24–25/200